डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
26.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-42 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

नीयत कितनी भी अच्छी हो, दुनिया आपको आपके दिखावे से जानती है और दिखावा कितना भी अच्छा हो, उपरवाला आपको नीयत से जानता है।

## न्यूज गैलरी

### कृषि मंत्री बादल की आज समीक्षा बैठक



रांची। कृषि मंत्री बादल आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, समेकित बिरसा ग्राम विकास -सह-कृषक पाठशाला योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, एवं एग्री स्मार्ट ग्राम योजना की विस्तृत समीक्षा करेंगे। इसके बाद अपराह्न 1.30 बजे वे अपने कक्ष में मीडिया को संबोधित करेंगे।

### पीएसएलवी-सी54 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई (एजेंसी)।** श्रीहरिकोटा के शतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पर शनिवार को प्रक्षेपित होनेवाले पीएसएलवी-सी54 की 24 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार को शुरू हो गयी, जिसमें ओशनसैट श्रृंखला में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-06 ईओएस-06 और आठ अन्य नैनो उपग्रह शामिल हैं। इसरो के सूत्रों ने बताया कि शार रेंज पर 11 बजकर 56 मिनट पर 24 घंटे की उलटी गिनती शुरू हुई। उलटी गिनती के दौरान, प्रणोदक भरने की प्रक्रिया चार चरणोंवाले यान में होगी। इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च व्हीकल का एक्सएल संस्करण है। इसरो अपनी 56वीं उड़ान में ओशनसैट श्रृंखला में अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट-06 और आठ नैनो उपग्रहों को लेकर शनिवार को पूर्वाह्न 11.56 बजे पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपित करेगा। नैनो-उपग्रह में चार एस्ट्रोकास्ट-2 स्विस उपग्रह, दो थायबोल्ट उपग्रह-थायबोल्ट-1 और थायबोल्ट-2-, पिक्ससेल से आईएनएस-2 भूटानसैट तथा आनंद शामिल हैं। पूरा मिशन लगभग 8,200 सेकेंड (2 घंटे 20 मीटर) तक चलने वाला है। इस दौरान प्राथमिक उपग्रहों और नैनो उपग्रहों को दो अलग-अलग सोलर सनक्रोनस पोलर ऑर्बिट्स (एसएसपीओ) में लॉन्च किया जाएगा। प्रज्वलन और पृथक्करण के सभी चार चरणों के बाद ईओए -06 को 17.22 मिनट की उड़ान अवधि के बाद कक्षा-1 में अलग किया जायेगा। इसके बाद पीएसएलवी-सी-54 यान के प्रणोदन बे रिंग में पेश किये गये दो ऑर्बिट चेंज थ्रस्टर्स (ओसीटीएस) का उपयोग करके कक्षा परिवर्तन किया जायेगा।

### गुजरात में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध

**एनएसजी ने ढेर किया ड्रोन, जांच शुरू**

**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव में व्यस्त नजर आ रहे हैं। देश के पश्चिमी राज्य में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में उनका प्रचार जोरों पर हैं। इसी बीच खबरें हैं कि गुजरात में उनकी सुरक्षा में शायद सेंध लगी थी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री कार्यालय या पुलिस की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। कहा जा रहा है कि एक ड्रोन को कथित तौर पर गिराया गया है। गुजरात पुलिस के सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में पीएम की सुरक्षा में शायद सेंध लगी थी। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड यानी एनएसजी ने कथित तौर पर एक ड्रोन को मार गिराया था। यह ड्रोन बावला के पास नजर आया था, जहां पीएम की रैली होनी थी। सूत्रों ने कहा कि अलग-अलग एजेंसियों में मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने जानकारी दी कि ड्रोन में कुछ नहीं मिला, लेकिन पुलिस यह पता लगा रही है कि इसे क्यों उड़ाया गया था। सूत्रों का कहना है कि घटना शाम साढ़े चार बजे हुई है और एक शख्स को हिरासत में भी लिया गया है। पीएम मोदी ने दाहोद, मेहसाणा, वडोदरा, भावनगर समेत कई जगहों पर रैलियां की हैं।

# मनी लाउंड्रिंग केस में विशाल व सुमन से पूछताछ करेगी ईडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त अवैध राशि की मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार से ईडी दो दिनों तक पूछताछ करेगी। यह पूछताछ अवैध खनन के जुड़े मामले में हो सकती है। पूछताछ की पूरी प्रक्रिया बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार में होगी। वहीं, ईडी ने 28 नवम्बर को विशाल चौधरी को भी पूछताछ के लिए समन दिया है। 24 नवम्बर को दिल्ली से थाइलैंड जाने के दौरान लुकआउट सर्कुलर जारी होने की वजह से विशाल चौधरी व उसकी पत्नी श्वेता सिंह चौधरी को एयरपोर्ट पर रोक दिया गया था। इसके बाद उन्हें ईडी का समन अधिकारियों ने थमाया था। विशाल के बारे में एजेंसी को जानकारी मिली है कि कुछ आईएएस अधिकारियों के साथ पैसों के लेन-देन था। आईएएस अधिकारियों के पैसों के निवेश व अवैध खनन के पैसों की मनी लाउंड्रिंग पर विशाल से पूछताछ होगी।

**शनिवार-रविवार को सुमन से पूछताछ :** ईडी शनिवार और रविवार को आरोपी सुमन को कब्जे में लेकर पूछताछ करेगी। इससे पूर्व मामले के अनुसंधान पदाधिकारी ने शुक्रवार को ईडी कोर्ट में दो दिनों की पूछताछ के लिए आवेदन दिया। आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को पूछताछ की इजाजत दी। बता दें कि ईडी ने सुमन कुमार को सात मई को गिरफ्तार किया था। 13 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे जेल भेजा था। तब से वह जेल में है।

## मुख्यमंत्री से दुबारा ईडी कर सकती है पूछताछ




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन व परिवहन से जुड़े केस में ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिसम्बर के पहले हफ्ते में कभी भी समन कर सकती है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सात दिसम्बर को दूसरी बार मुख्यमंत्री से पूछताछ संभावित है। इससे पहले 17 नवम्बर को ईडी ने तकरीबन साढ़े नौ घंटे तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। ईडी ने पूछताछ के बाद संपत्ति समेत कई विषयों पर मुख्यमंत्री से विस्तृत जानकारी मांगी थी। कई सवालों पर मुख्यमंत्री ने जानकारी जुटाकर देने की बात कही थी। ऐसे में ईडी ने दुबारा उनसे पूछताछ का फैसला लिया है। वहीं, दूसरी बार की पूछताछ के पहले ईडी राज्य में कुछ बड़ी कार्रवाईयां भी कर सकती है।

## मनी लाउंड्रिंग में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप

सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। अब अवैध खनन मामले में भी साथ देने की बात सामने आ रही है। उनके आवास पर ईडी की छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये और उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये बरामद किये गये थे।

# सरकारी राशि का दुरूपयोग करने के 10 आरोपियों के विरूद्ध एसीबी करेगी जांच

### चार अभियंता, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, लाभुक व अन्य पर गबन का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जांच संख्या-01/2017 दिनांक 25.01.2017 (हजारीबाग प्रमंडल) में मनरेगा योजनान्तर्गत कूप निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग करने संबंधी 10 आरोपियों के विरूद्ध एसीबी को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की अनुमति के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है।

**नल कूप का निर्माण किये बिना राशि निकासी का आरोप :** जांचकर्ता द्वारा जांचोपरांत उल्लेख किया गया है कि चतरा निवासी बसंत सिंह एवं नरेश सिंह के नाम से दो कूप निर्माण की योजना थी, परंतु एक ही कूप निर्माण कर दोनों कूप की राशि निकासी कर सरकारी राशि का गबन किया गया है तथा यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है कि नरेश सिंह के नाम से कूप निर्माण के नाम पर मुखिया, पंचायत सेवक एवं कनीय अभियंता मिलीभगत कर 58,280 रुपये की सरकारी राशि की निकासी कर गबन कर लिया गया। उक्त योजनाओं की जांच से स्पष्ट है कि स्थल पर बिना कार्य कराये ही 2,65,299 रुपये सरकारी राशि का निकासी कर बंदरबांट कर गबन किया गया है, जिसके लिये प्रेमचंद्र पाण्डेय, लाभुक, विशुन उरांव, रोजगार सेवक, नरेश हजाम, पंचायत सेवक, विवेक कुमार, पंचायत सेवक, संजु देवी, मुखिया, मिथिलेश सिंह उर्फ राकेश सिंह, सामग्री आपूर्तिकर्ता (वर्तमान मुखिया, सीमा पंचायत, चतरा), केदार सिंह, कनीय अभियंता, राजेश कुमार, कनीय अभियंता, संजय सिंह, सहायक अभियंता, तारणी मंडल, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी एवं अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का साक्ष्य पाया गया।

# गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता के लिए रहा समर्पित : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से शुक्रवार को झारखंड सिख संगत के प्रदेश संयोजक तथा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व सदस्य, यात्री सेवा समिति, रेलवे बोर्ड गुरविंदर सिंह सेठी ने राजभवन में श्री गुरुनानक देव जी की जीवनी पर अपने द्वारा लिखित पुस्तक 'गुरुनानक जीवन और संदेश' भेंट की। राज्यपाल ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक गुरविंदर सिंह सेठी को बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, पूर्व सचिव हरजीत सिंह के साथ सर्वजीत सिंह डुवा, अश्मित सिंह सेठी एवं सतीश कुमार भी उपस्थित थे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ मुखिया गिरफ्तार

### एसीबी की टीम ने कार्रवाई से पूर्व गहनता से की छानबीन

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी प्रखंड के कोलझींकि पंचायत के मुखिया अजय गुप्ता को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपये घुस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। इसकी गिरफ्तारी रमना सर्वेश्वरी चौक के समीप एक चाय दुकान से लाभुक से मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता ले रहे थे रिश्वत। घटना शुक्रवार के 12:00 बजे की बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित एक व्यक्ति से वह घुस की मांग कर रहा था। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने इसकी सूचना एसीबी को दिया। एसीबी ने उक्त मामले की पहले गहनता से छानबीन किया। जांच सही पाए जाने के बाद एसीबी ने एक टीम का गठन कर उक्त कार्यवाई की है। जानकारी के अनुसार मुखिया गढ़वा से लौटने के दौरान उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये घुस के रूप में मांगते हुए रमना बुलाया था। रमना सर्वेश्वरी चौक के समीप एक चाय दुकान पर उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे लेकर पलामू निकल गयी है। गिरफ्तारी के बाद घूसखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# गर्ल्स हॉस्टल में गैस सिलेंडर ब्लास्ट, छात्रा झुलसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**दुमका।** शहर के करहलबिल मोहल्ला स्थित एसपी कॉलेज आदिवासी कल्याण हॉस्टल संख्या-1 में एलपीजी सिलेंडर फटने से आग लग गयी। इस घटना में छात्रावास में रहनेवाली एक छात्रा आंशिक रूप से झुलस गयी। उसे इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल किया गया है। हॉस्टल के जिस कमरे में विस्फोट हुआ, उस कमरे में रखे सभी सामान पूरी तरह से जल गये। कमरे में रखे छात्राओं के सभी दस्तावेज भी जल कर राख हो गये। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेश्वर महतो और नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी बुलाया गया और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं, जिन छात्राओं के कागजात जल गये, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर जिला कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल छात्रा से मुलाकात कर पांच हजार रुपये की चिकित्सा सहायता राशि उपलब्ध करायी।

**हॉस्टल में 50 से ज्यादा सिलेंडर :** हॉस्टल के कमरे में जिस वक्त गैस सिलेंडर बलास्ट हुआ, उस वक्त छात्रावास के अंदर 50 से ज्यादा ऐसे सिलेंडर रखे थे। जिन पर छात्राएं खाना बनाती हैं। सिलेंडर ब्लास्ट के बाद छात्राओं और आसपास के लोगों के प्रयास से अन्य सभी सिलेंडर को बाहर निकाल लिया गया।

**रसोइया के नहीं रहने के कारण छात्राएं खुद बनाती हैं खाना :** घटना के संबंध में छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में अक्सर इस तरह की घटनाएं होती है। इसका मुख्य कारण छात्रावास में रसोइयां का नहीं रहना है। जिससे छात्रावास में रहनेवाली छात्राएं खुद से गैस सिलेंडर का इंतजाम कर अपने से खाना बनाने को मजबूर हैं।

# ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर हाईकोर्ट में पीआईएल दायर




**रांची।** नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। प्रार्थी राजेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की है। याचिका में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद आरक्षण देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन राज्य में अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के लिए किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं सूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड में पांचवीं अनुसूची लागू है।

# पेइंग गेस्ट में रहनेवाले युवक-युवतियों में 24 प्रतिशत अवसाद ग्रस्त

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंस, बेंगलुरु में हुए एक शोध में पता चला है कि पेइंग गेस्ट हाउस में रहनेवाले युवकों व युवतियों में अवसाद व एंग्जाइटी की दर आम लोगों से चार गुना ज्यादा है। यह अध्ययन 45 अलग-अलग पेइंग गेस्ट में रहनेवाले 18 से 29 साल के 315 युवक-युवतियों पर किया गया।

इनमें से 10 प्रतिशत ने डिप्रेशन (मेजर डिप्रेसिव एपिसोड) का सामना किया। 14 प्रतिशत में एंग्जाइटी दिखी। वहीं, 2015-16 के नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के अनुसार, देश में 2.8 प्रतिशत लोग डिप्रेशन और 3.5 प्रतिशत एंग्जाइटी से पीड़ित थे। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि जब कोई इंसान दो सप्ताह से ज्यादा समय तक अवसाद (डिप्रेशन ) के लक्षण जैसे- दुख का अनुभव, कार्य में रुचि कम होना, आत्महत्या के विचार आना, नींद नहीं आना, बहुत भय लगना का सामना करता है, तो उसको मेजर डिप्रेसिव एपिसोड कहा जाता है। वहीं, जनरलाइज्ड एंग्जाइटी डिसऑर्डर में व्यक्ति लंबे समय तक हर दिन के काम के बारे में चिंतित रहता है, जिससे उसकी जिंदगी प्रभावित होती है। इन दोनों हालात में इंसान को लापरवाही नहीं करके इलाज करानी चाहिए। शोध में अवसाद से पीड़ित 72 प्रतिशत तथा एंग्जाइटी से पीड़ित 59 प्रतिशत युवा किसी चिकित्सक के पास दिखाने या मदद लेने नहीं गये थे। तमाम युवा तो इन परेशानियों के बारे में जानते ही नहीं थे। जो कुछ जानते भी तो संकोच के कारण चिकित्सक के पास नहीं गये। अपना मूल शहर या गांव छोड़कर आनेवाले युवा पढ़नेवाले या नौकरी करनेवाले थे। इनमें ज्यादातर उच्च शिक्षा वाले थे। इनमें से 65 प्रतिशत अंडर ग्रेजुएट डिग्री, डिप्लोमा कर चुके थे, 28 प्रतिशत स्नातकोत्तर कर चुके थे। इनमें से 88 प्रतिशत की शादी नहीं हुई थी। 90 प्रतिशत दूसरी जगहों से यहां आकर रह रहे थे। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो रही थीं।

# 15 वर्ष पुरानी हो चुकी कार, बस व ट्रक नहीं चलेंगी

**- आरएनएम**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में वार्षिक कृषि प्रदर्शनी 'एग्रो-विजन' के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सरकार के 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी वाहनों को कबाड़ में बदला जायेगा। इससे संबंधित नीति राज्यों को भेजी गयी है। उन्होंने कहा कि 15 साल से अधिक पुरानी सरकारी गाड़ियां सड़कों पर नहीं चलेगी। सभी राज्यों से 15 साल से अपनी पुरानी गाड़ियों को हटाने को कहा गया है। इसमें कार सहित बस और ट्रक भी शामिल हैं। इससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। सरकार पहले ही व्हीकल स्क्रैपेज पॉलिसी की घोषणा कर चुकी है। स्क्रैप पॉलिसी के तहत 2023 से सभी तरह के भारी व्यावसायिक वाहनों को अनिवार्य तौर पर फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। वहीं, प्राइवेट वाहनों के लिए यह व्यवस्था जून, 2024 से लागू होगी।

गडकरी ने कहा कि पानीपत में इंडियन ऑयल के दो प्लांट लगभग शुरू हो गये हैं। जिनमें से एक प्रति दिन एक लाख लीटर इथेनॉल का उत्पादन करेगा, जबकि दूसरा चावल के भूसे का इस्तेमाल करके प्रतिदिन 150 टन बायो-बिटुमेन का उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा कि यह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और देश के चावल उत्पादक हिस्सों के रूप में एक बड़ा बदलाव है, जहां चावल की पराली जलाने से प्रदूषण होता है। अब चावल के भूसे का इस्तेमाल इथेनॉल और बायो बिटुमेन बनाने के लिए किया जायेगा। उन्होंने कहाकि हमें देश में और ज्यादातर सड़क परिवहन विभाग में 80 लाख टन बायो-बिटुमेन की जरूरत है। देश में लगभग 50 लाख टन बिटुमेन का निर्माण होता है और हम इसका लगभग 25 लाख टन आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जब इस तरह की परियोजनाएं शुरू होंगी, तो हमारे देश को कोलतार आयात करने की जरूरत नहीं होगी। गांवों, जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय राजमार्गों में हमारी सड़कें किसानों द्वारा उत्पादित चावल के भूसे का इस्तेमाल करके बिटुमेन से बनायी जायेंगी। गडकरी ने असम में इंडियन ऑयल की एक और परियोजना के बारे में भी बताया कि जहां बायोएथेनॉल का उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बंजर भूमि पर बांस की खेती की जायेगी, जिससे बायोएथेनॉल का उत्पादन किया जायेगा। हमारे किसान न सिर्फ अन्नदाता बने रहेंगे, बल्कि वे ऊर्जा प्रदाता भी बनेंगे।

# आजादी के बाद हमें वह इतिहास पढ़ाया गया जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया : पीएम



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के इतिहास को दबाया गया। पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम किया गया। भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहास है। अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। हम इन गलतियों को सुधार रहे हैं। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा, जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। आजादी के बाद जरूरत थी हमें गुलाम बनानेवाले विदेशियों के एजेंडों को बदला जाये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश के हर कोने में मां भारती के वीर बेटे-बेटियों ने कैसे आतताइयों का मुकाबला किया, अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे जानबूझकर दबा दिया गया। मोदी शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में असम के वीर सपूत लचित बरफुकान की 400वीं जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेनापति लचित के योगदान को याद किया और देश के इतिहास को लेकर अपनी बातें रखीं। पीएम ने कहा कि मैं असम की धरती को प्रणाम करता हूं, जिसने लचित जैसे वीर दिये। वीर लचित ने अपने जीवन में खूब साहस और वीरता दिखायी है। असम की धरती इसकी गवाह रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई तलवार के जोर से हमें झुकाना चाहता है, हमारी पहचान को बदलना चाहता है तो हमें उसका जवाब भी देना आता है।

**शाह बोले- फिर लिखा जाये इतिहास :** गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहासकारों से भारत के इतिहास को फिर से लिखने के लिए कहा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी कोशिशों का समर्थन करेगी। शाह ने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। अब हमें इसे ठीक करने की जरूरत है। इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च ने इतिहास को फिर से लिखने के लिए एक प्रोजेक्ट को लॉन्च किया है। प्रोजेक्ट के तहत भारत का इतिहास फिर से लिखा जायेगा।

## न्यूज गैलरी

### विभिन्न मांगों को लेकर जिप सदस्य ने डीडीसी से मुलाकात की

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र में विकास में तेजी लाने, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराकर ,पलायन रोकने की मांग को लेकर शुक्रवार को सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी ने पलामू उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज से मिली। जिप सदस्य सुधा कुमारी पलामू उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज से मिल कर निवेदन करते हुए कहा कि क्षेत्र में कई समस्याएं हैं, उन समस्याओं का निदान करने से विकास कार्यों में तेजी आयेगी और इससे उपलब्ध रोजगार से पलायन रोकने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्थिति काफी खराब है। इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं होंने के कारण खेतों में उपज नहीं के बराबर हुई है। खेतों की नमी चले जाने के कारण गेहूं, चना, मटर व अन्य फसल बोवाई में भी परेशानी हो रही है। लोगों ने अपनी गाढी कमाई से सिंचाई के लिए मोटर तो खरीद लिया है ,पर बिजली की आंख मिचौली के कारण पानी पटवन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जिप सदस्य के साथ सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव भी मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड में तुकबेरा के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला मैदान में आयोजित संकुल संसाधन केंद्र नावा बाजार के तत्वाधान में वर्ष 2022 –23 खेलो झारखंड कार्यक्रम में मध्य विद्यालय तुकबेरा टोला के सीनियर विंग प्रतियोगिता में वर्ग षष्टम से अष्टम के छात्र छात्राओं ने ऊंची कूद, लंबी कूद ,200, 400 मीटर लंबी कूद ,भाला फेंक, चक्का फेंक प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थी को संकुल संसाधन केंद्र नावा बाजार द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वृंदा प्रसाद गुप्ता व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । वहीं विद्यालय में वर्ग प्रथम से पंचम के विद्यार्थियों के लिए जूनियर वीर प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें नेहा कुमारी कृष्ण कुमार अपराजिता कुमारी ,देवनंदन कुमार, पूजा कुमारी, ऋषि कुमार, प्रिंसी कुमारी, अंकिता कुमार सफल रहे ,वहीं सीनियर विंग में दीपिका कुमारी, दुर्गा कुमारी ,रोहित कुमार ,संध्या कुमारी ,निक्की कुमारी ,अर्चना कुमारी, हिमांशु विश्वकर्मा,काजल कुमारी सफल रहे।

### बीडीओ ने आधा दर्जन पीडीएस दुकानों की जांच की

**हरिहरगंज।** बीडीओ सह एमओ जयप्रकाश नारायण ने शुक्रवार को शहर के आधा दर्जन जनवितरण दुकानों की जांच की। जनवितरण दुकानदारों को नवंबर माह का अनाज अविलंब बांटने का निर्देश दिया। शहर के भगत तेंदुआ पहाड़ीतर स्थित अजय राम के दुकान में स्टॉक का जांच किया, जांच के क्रम में बीडीओ ने बताया कि कुछ लाभूको को अक्टूबर माह का अनाज नही दिया गया है। जिसे अविलंब बांटने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि गोदाम से अनाज उठाव करने के बाद सभी जनवितरण दुकानदारों को अविलंब राशन बांटने का निर्देश दिया गया है। नवंबर माह का राशन अभी बांटा जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि अनाज बांटने में कोताही बरते वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के दुबियाखांड पेट्रोल पंप के पास रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई । जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब छह बजे दुबियाखांड पेट्रोल पंप के तीखे मोड़ पर मोटरसाइकिल सवार सतबरवा की ओर से मेदिनीनगर जा रहा था। और ट्रक मेदिनीनगर की ओर से आ रहा था । इसी दौरान मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आ गया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत ही हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

अतिक्रमण से मुख्य बाजार की सड़कों पर चलना मुश्किल

# सड़कों पर ही दुकानदारों का लगता हैं दुकान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मुख्य बाजार में जेपी चौक से गांधी चौक तक अतिक्रमण की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ दिन प्रतिदिन सड़कों पर भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर फूटकर विक्रेता ठेला वाले से लेकर दुकानदारों का कब्जा है। इस रोड से वाहन को लेकर निकलना तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल है। जेपी चौक से अंबेडकर चौक तक एक ही स्थिति बनी रहती है। इस रोड से कई स्कूल के पढ़ने वाले छात्र छात्राएं आते जाते है। अतिक्रमण के चलते कुछ लोग गली मोहल्ले से हो कर जाम से निकल जाते है। वहीं कई लोगो को काफी परेशनी होती है।



सड़क पर दुकान लगाते दुकानदार

**दुकानदार दुकान से बाहर सड़क तक लागते हैं दुकान :** शहर के मुख्य छोर से जपला अंबेडकर चौक, मदरसा रोड, गांधी चौक तक कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क तक दुकान फैलाकर रखी जाती है। सामान बेखौफ होकर दुकानदारी करते है। उन्हें न तो कोई रोकने वाला है और न ही कोई टोकने वाला, मुख्य बाजार की सड़क पर एक ही समय में अगर आमने सामने से कोई छोटी वाहन आ जायें तो और मुसीबत खड़ी हो जाती है। क्योंकि अतिक्रमण किये लोग कभी कभार लड़ने झगड़ने पर उतारू हो जाते है। वहीं दूसरी ओर शहर की ह्रदयस्थली अंबेडकर चौक से मुख्य सड़क तक दर्जनों ठेला, वेंडरों का कब्जा है। सबसे अधिक जाम की स्थिति एसबीआई मुख्य शाखा और वनांचल ग्रामीण बैंक के पास रहती है। क्योंकि दोनों बैंक मुख्य बाजार में रहने के कारण प्रतिदिन ग्राहक बैंक में आते जाते है और अपनी वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देते है। क्योंकि दोनों बैंक में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर जाम से परेशान होना पड़ता है। यह समस्या प्रशासन के संज्ञान में है और प्रशासनिक पदाधिकारी प्रतिदिन इस समस्या को अपनी आंखों से देखते है। लेकिन कोई कुछ नहीं करता। इसके चलते यह समस्या दूर नहीं हो रही है। कभी कभार अगर कोई प्रशासनिक अधिकारी इस जाम की चपेट में पड़ जाते है, तो वह स्वयं सड़क पर उतरकर अपना रौब जमाकर निकल जाते है। अभी कुछ माह पहले सिटी में अतिक्रमण अभियान कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा एक दिन चलाया गया था, लोगों को चेतावनी भी दी गई। लेकिन दूसरे दिन से ही स्थिति पहले जैसी हो गई है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम

## पेड़-पौधों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : प्रखंड प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि पेड़ पौधे हैं तभी जीवन संभव है। पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि पुत्र की तरह पौधों का देखभाल करें। मौके पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि आज पर्यावरण संकट से देश प्रदेश के साथ साथ पूरा विश्व जूझ रहा है। हम सबको अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। प्रकृति ने अमूल्य उपहार दिया है तो उसका संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी बनती है। इस मौके पर महुअरी पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ हम सबो को इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी उठानी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप में मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, मुखिया पति गुड्डु सिंह, रामलखन यादव, बिमलेश पासवान, बीपीओ अमन कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, कृषि मित्र सुदर्शन सिंह, केजीबीवी की वार्डेन रॉकी मुक्ता, शिक्षिका दीपमाला कुमारी, रागनी कुमारी, शारदा भारती, सुमन कुमारी, मीना देवी, नीलम मेहता, नीलम अंसारी, सबिता कुमारी, गार्ड सुनील कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में छात्रा मौजूद थी।



पौधा रोपन करते प्रखंड प्रमुख

## राजद के पूर्व विधायक को मिला प्रदेश अध्यक्ष का ताज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र के मरघटिया रोड स्थित सक्सेज पब्लिक स्कूल में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक रिजवान खान की अध्यक्षता में हुई। इसमे शामिल वक्ताओं ने बताया कि हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव को पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने झारखंड प्रदेश का स्थायी अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने बताया कि यह सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के तीनों प्रखंड हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के पार्टी कार्यकर्ता ने एक स्थान पर बैठक कर एकजुटता का परिचय दिया है। वहीं इससे प्रसन्न सक्रिय कार्यकर्ताओं में रामजनम सिंह, रामजी यादव, अजहर अली, हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज के प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, पच्चू रजवार, पाले खान, रौशन खान, कलामुद्दीन खान, नगर अध्यक्ष महिरुद्दीन अंसारी, राजेश्वर यादव, मदन पासवान, अनीता देवी, सुषमा देवी सहित कई लोगों ने एक दूसरे से गले मिल मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया है।

## बराही धाम पहुंचे स्वामी सुंदरराज जी महाराज भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के चर्चित बराही धाम परिसर में जगद्गुरु सुंदरराज स्वामी जी महाराज का आगमन हुआ। इनके आगमन को लेकर स्वागत के लिए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम कमिटी के सैकड़ों लोगों ने जपला दंगवार मुख्य पथ के दंगवार गांव में लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बराही धाम परिसर में पहंचने पर जय श्रीराम ,जय हनुमान की उदघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वहां पहुंच पूजा अर्चना कर स्वामी जी ने कहा कि बराही धाम से मेरा गहरा संबंध बन चुका है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को पहले अपने बारे में मनन व चिंतन करना चाहिए कि मैं कौन हूं। इस धरती पर क्यों आया हूं, क्या करना चाहिए और दूसरों के साथ क्या व्यवहार करनी चाहिए, तो उस व्यक्ति से कभी भी अहित कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार हनुमान जी से पूछा गया कि वह कौन है, तो उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का सेवक हूं। हनुमान जी हमेशा सेवक बन कर रहे। फलस्वरूप वह आज भी पूजनीय है। मौके पर धाम के संरक्षक अशोक सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, प्रभात सिंह, टुनटुन सिंह, हीरा सिंह, विजय सिंह, मुखिया सुदामा यादव, पुकार सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह,मयंक सिंह, मनोज, गोविंदा सिंह,दीपक सिंह, अखिलेश सिंह समेत कई लोगों ने स्वामी जी महाराज से आशीवार्द भी प्राप्त किया।



स्वामी जी का स्वागत करते भक्तजन

## प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता का समापन

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन पाटन के मध्य विद्यालय किशुनपुर खेल के मैदान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष प्रतिमा देवी व प्रमुख शोभा देवी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मिथिलेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर बीईओ हरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालय से आये खेल प्रतिभागियों के बीच खेलो झारखंड कंपटीशन के बारे में जानकारी दिया। खेल प्रतियोगिता में 400मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान किशुनपुर हाईस्कूल की छात्रा प्रिति कुमारी, द्वितीय ब्यूटी कुमारी व तृतीय स्थान रिसिका कुमारी ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में 600मीटर के दौड़ में प्रथम स्थान रोहित कुमार,द्वितीय अमलेश कच्छप व तृतीय गुड्डन कुमार सिंह ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में 600 मीटर प्रथम अंशु कुमारी, द्वितीय छोटी कुमारी व तृतीय स्थान रीमा कुमारी ने प्राप्त किया। बालिका में 800मीटर के दौड़ में प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय अंजनी कुमारी व तृतीय स्थान सरिता कुमारी ने प्राप्त किया। इस खेल प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रिंसीपल अनिता कुमारी,रीना कुमारी, रविरंजन पाण्डेय, ऋषिकांत तिवारी, सरोज कुमार आजाद, उदय भानु तिवारी, विवेक शुक्ला, शिक्षिका सीमा कुमारी, सुषमा कुमारी, सीमा कुमारी, सुनीता कुमारी, फुल कुमारी व अन्य लोग मौजूद थे।



खिलाड़ी का पुरस्कार देते जिप अध्यक्ष

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का शुक्रवार की शाम हरिहरगंज पहुंचने पर भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल माला देकर तथा मेन बाजार स्थित मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का स्मृति चिन्ह उन्हें भेंट की। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के उद्देश्य और नीति को जन- जन तक पहुंचाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। वहीं भाजपाइयों ने हरिहरगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की मांग को लेकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सतेंद्र मेहता ,जानू चौधरी ,अरविंद पासवान , मुखिया रिनू देवी ,गुप्ता पासवान, गणेश शौंडिक, विजय यादव ,रौशन सिंह, चंदन जायसवाल ,सतेंद्र पासवान, मुन्ना मेहता, राजेश दास, टंटु मिश्रा ,अशोक सिंह, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव, महेंद्र सिंह, अरुण स्वर्णकार, अमर सिंह, सनोज गुप्ता, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते भाजपाइ

नाबालिक के साथ किया दुष्कर्म ,बनाई अश्लील वीडियो

## चार माह तक बनाता रहा गलत संबंध, दशहत में है परिवार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके घर तक पहुंचाने के क्रम में नाबालिग किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर पांच माह तक शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महुदंड ओपी क्षेत्र के चोरपहरा गांव निवासी व पीड़िता के पिता विजय परहिया ने गांव के ही सनोज पासवान नामक युवक के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी पुत्री कस्तूरबा गांधी विद्यालय जपला में वर्ग आठ की छात्रा है। बीते 11 जुलाई को कन्या मध्य विद्यायल से परीक्षा देकर घर लौटने के लिए गांव तक चलने वाली वाहन का इंतेजार कर रही थी। इसी क्रम में सनोज पासवान ने वहां बाइक से पहुंचकर कहने लगा की घर चलना है, तो चलो हम गांव जा रहे है। वह उसे अपने बाइक पर बैठा लिया और रास्ते के घने जंगल में उसे उतार कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी लड़की की अश्लील वीडियो बना लिया,और उसे धमकी दिया कि इस बात की जानकारी घर पर दी, तो तुम्हारे सभी घर वालों को जान से मार देंगे। और वह मेरी लड़की को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार चार माह तक शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा। जब मेरी बेटी ने इंकार किया तो उसने वीडियो और फोटो वाइरल कर दिया। वे लोग गांव के दबंग होने के कारण मेरा पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## कृषि विभाग ने किसानों के बीच सरसो व चन्ना का किया वितरण

**पाटन।** कृषि विभाग आत्मा के द्वारा पाटन के किसानों को सौ प्रतिशत अनुदानित पर सरसो मिनी किट एवं चना बीज की वितरण किया गया। बीज वितरण को लेकर किसानों की अत्याधिक संख्या प्रखंड कार्यालय में पहुंचा था। प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया की ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी के तहत पंजीकृत किसानो एवं प्रखंड स्तरीय बैठक में चिन्हित गांव के किसानों को ही बीज दिया गया है। सरसो 10 किवंटल तथा 60 किवंटल चना बीज सौ प्रतिशत अनुदान पर वितरण के लिये पाटन प्रखंड में उपलब्ध कराया गया है। मौके पर एटीएम विनय कुमार उपस्थित थे। कररकला, चूड़ा दोहर, अमवा, कांकेकला आदि गांव के पंजीकृत किसान के बीच वितरण किया गया।


**Office Of The Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Latehar**

**शुद्धि- पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का ई– प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SVS/CLTR-17/21-22 (10th Call) दि0– 22.11.2022 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 283066 Drinking Water and Sanitation(22-23)(D) द्वारा प्रकाशित है।

जिसें निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| Sl No | Particular / Name of Work | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2020 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oceration & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | BRD/SVS/CLTR/07(A)(ii) | 3 | 2020 | 755.94 | 7.60 | 10000.00 | 09 month |

निविदा सूचना की सभी शेष शर्ते यथावत रहेगी।

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar

PR283405 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**कार्यालय :– जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**
**मेदिनीनगर, पलामू, पिन – 822101**

**प्रेस . विज्ञप्ति, आवश्यक–सूचना**

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना, उर्वरकों में डी0बी0टी0

राज्य के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में खाद की बिक्री में DBT (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) पूर्णरूपेण लागु होने के पश्चात् सभी पंजीकृत खुदरा उर्वरक विक्रेताओं (Retailer) द्वारा अपने बिक्री केन्द्रों से उर्वरकों की बिक्री Point of Sale (POS) मशीन, एंड्राइड फोन, डेस्कटॉप / लैपटॉप के माध्यम से कर रहे हैं। किसान भाई खाद खरीदते समय आधार कार्ड एवं मोबाईल अवश्य लेकर जाएँ साथ ही सम्पर्क रहित (Contactless) खरीदारी हेतु आधारकार्ड से लिंक मोबाईल OTP प्रणाली एवं भुगतान हेतु दुकान में लगे UPI-QR Code/Online Payment System का उपयोग करें। इस प्रणाली से भी किसानों को उर्वरक पूर्व की भांति Subsidy मूल्य में ही मिलेगी।

मुख्य लक्ष्य :
1. किसानों को सूचना के साथ पारदर्शिता, जिसमें वे System Generated Receipt को मोबाईल पर SMS द्वारा प्राप्त करते हैं।
2. किसानों द्वारा खुदरा विक्रेता से POS (Point of Sale) मशीन, एंड्राइड फोन डेस्कटॉप / लैपटॉप के माध्यम से उर्वरक की वास्तविक बिक्री होने के पश्चात ही सब्सिडी संबंधित उर्वरक निर्माताओं को निर्गत करना।
3. उर्वरक खाद–बिक्री प्रणाली की बेहतर निगरानी एवं योजना प्रबंधन।

नोट : किसान भाई अफवाहों से बचें। POS मशीन से आधार कार्ड के माध्यम से खाद खरीदने से न ही आपके बैंक एकाउन्ट से पैसे कटेंगे और न ही दूसरी सरकारी योजनाओं के लाभ से आप वंचित होंगे।

।। अब POS से खाद बिकेगी, उर्वरक बिक्री प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी।।
।। आधार कार्ड और मोबाईल ले जाना है जरूरी, तभी होगी किसान के रूप में पहचान पूरी।।

PR 283366 Agriculture(22-23)#D

जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

**न्यायालय:-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई निम्नांकित तिथियों को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः निम्नवत अधिहरण वाद में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी / व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | केस संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य | घटना स्थल | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C 1221/2022 | 12/2022 | पिकअप निबंधन सं0 JH03AC – 5273, साल बोटा – 22 पीस। | रंका रामानुजगंज मुख्य पथ (NH-343) कटरा–बान्दु पी0 एफ0 | 08.12.2022 |
| 2 | रंका थाना कांड संख्या – 171/2021 | 13/2022 | पिकअप निबंधन संख्या – JH03J – 5123, चेचिस नं0 – MA1ZN2GHKE1A13575 साल चौपहल – 10 पीस, साल बोटा – 09 पीस। | ग्राम– मतौली मोड़ के पास, थाना– रंका। | 29.11.2022 |
| 3 | C 1337/2022 | 14/2022 | सफेद रंग का मारूति ओमनी वैन (बिना नंबर का), साल चौपहल – 13 पीस, आरा ब्लेड (फेट) – 01 पीस। | दाहो मोड़, रमकण्डा। | 29.11.2022 |
| 4 | C 1426/2022 | 15/2022 | हिरो होण्डा Passion X pro मोटरसाईकल JH14C – 9614, साल चौपहल – 04 पीस। | सिदे–पाल्हे मुख्य पथ (सिदे पी0 एफ0) | 29.11.2022 |
| 5 | C 1435/2022 | 16/2022 | रंदा मशीन स्वचालित बड़ा, करम चिरान– 5 पीस, षिषम चिरान– 5 पीस, सीधा चिरान– 3 पीस, खैर चिरान– 01 पीस, साल चिरान– 4 पीस | ग्राम– रबदा, थाना– रंका। | 29.11.2022 |
| 6 | C 1475/2022 | 17/2022 | मारूति सुजूकी ओमनी वैन निबंधन सं0 JH02A – 2499, साल चौपहल – 05 पीस। | तिलैया टांड़ मोड़, रमकण्डा मुख्य पथ। | 29.11.2022 |
| 7 | C 1523/2022 | 18/2022 | मोटरसाईकल JH03AE – 8428, षिषम चिरान – 6 पीस। | शेराशाम– खरडीहा मुख्य पथ (NH 343) | 19.12.2022 |
| 8 | भण्डरिया थाना कांड संख्या – 08/2022 | 21/2022 | डिस्कवर मोटरसाईकल निबंधन सं0 – CG15CM – 0661, सखुआ का लकड़ी – 15 पीस। | रानीमाई पहाड़, बिजका–रमकण्डा काला रोड पर, थाना– भण्डरिया। | 29.11.2022 |
| 9 | C 1652/2022 | 42/2022 | महेन्द्रा मैजिक वैन निबंधन सं0 – JH11L – 0997, साल चौपहल – 17 पीस। | रनपुरा चिनियाँ मुख्य मार्ग। | 29.11.2022 |

ह0/–
प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR.NO.283353 Forest, Environment and Climate Changes(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### झामुमो जिला अध्यक्ष ने भाजपा की रैली को विफल बताया

**मेदिनीनगर।** पलामू झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा की आक्रोश रैली को पलामू की जनता ने नकार दिया है। जिस पार्टी के पास जिले में 4 विधायक, सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर हों, जिनके कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश स्तर के नेता आये हों उस कार्यक्रम में मामूली भीड़ का होना दिखाता है की झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के विरोधियों के साथ कभी खड़ी नहीं हो सकती है। केंद्र की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है। हमारी सरकार झारखंडियों की सरकार है जनता के बीच आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जाती है और उनकी परेशानियों को दूर करती है। कुछ दिन पहले ही झामुमो पलामू की रैली में हजारों लोग थे। आप सबको पता है की पलामू में झामुमो का कोई विधायक नहीं है फिर भी सिर्फ संगठन की मेहनत और हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की वजह से हजारों लोग मुख्यमंत्री के समर्थन में आए थे। झारखंड में डेढ़ दशक तक इनकी पार्टी सत्ता में थी। इन्होंने राज्य का सिर्फ दोहन किया है। भाजपा आदिवासी, मूलवासी विरोधी पार्टी है। ये सिर्फ लोगों को आपस में लड़वाना जानती है। झारखंड के विकास से इन्हें कोई मतलब नहीं है। ये लोग सत्ता के लिए नकारात्मक राजनीति शुरू से करते आए हैं। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

### अभाविप ने एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा नगर इकाई के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई मुख्य मांग किया गया है। जिसमें स्नातक सेमेस्टर 4 एवं 6 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई जाए। जिससे अब तक परीक्षा फॉर्म न भर पाने वाले विद्यार्थियों को एक अंतिम मौका मिल सके। हाल में हुई जारी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी परीक्षा परिणामों के त्रुटि को छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अविलंब दूर की जाए एवं आवश्यक कार्रवाई किया जाये। महाविद्यालय में रिक्त शिक्षक के पदों को अविलंब भरा जाये। मौके पर उपस्थित रामा शंकर पासवान ने कहा कि एनपीयू में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं लगातार छात्रों के परीक्षा परिणाम में त्रुटि होना एनसीसीएफ की नाकामी है। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब त्रुटियों को दूर करें। मौके पर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडेय, जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय अध्यक्ष विपिन यादव, नवलेश कुमार यादव सहित कई अन्य विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन दिसंबर को पलामू रचेगा इतिहास शहीद का मनेगा भव्य जन्मोत्सव

**मेदिनीनगर।** शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का 28 वां जन्मोत्सव पर कटेगा 28 पौंड का केक, गोलू राजा गायेंगे सोहर एवं देशभक्ति गीत। झारखंड के पलामू जिला का सिंगरा गांव नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आमतौर पर शहीद स्मारक स्थल अपने जीर्णोद्धार का जहां बाट जोहता है। वहीं सिंगरा के लाल लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का प्रतिमा स्थल पर मेला की परंपरा का शुभारंभ हो चुका है। हर वर्ष तीन दिसंबर को आयोजित होने वाले जन्मोत्सव को भव्यता प्रदान करने की तैयारी जोरों पर है। जहां संध्या चार बजे 28 वें जन्मदिवस पर 28 पौंड का केक शहीद की माता उषा शुक्ला के हाथों संपन्न होगा। वहीं भोजपुरी सम्राट गोलू राजा शहीद के परिवार के अरमानों को सोहर एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से पूरा करेंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को सिंगरा स्थित शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर स्थापित शहीद स्मारक स्थल पर प्रेसवार्ता का आयोजन कर दी गई। मौके पर शहीद के पिता जीतेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मेरा पुत्र अपने कर्तव्य पथ पर चलकर मां भारती को जीवन समर्पित कर दिया, जिसकी कीर्ति गाथा हर वर्ष बढ़ाने का संकल्प लिया है। पिछले साल संकीर्तन सुंदर कांड का पाठ जहां आयोजन किया गया था। वहीं इस साल तीन दिसंबर को भोजपुरी कलाकारों का जमावड़ा लगेगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में सांसद, आयुक्त, डीआईजी, कुलपति, उपायुक्त, एसपी समेत प्रशासनिक गणमान्य को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पुत्र का जाना दुखदाई है। परंतु गौरवशाली इतिहास को गढ़ना पलामू को सिखा दिया। इस अवसर पर शहीद की आत्मा की शांति के लिए वृद्ध, जरूरतमंद, असहाय के बीच दान भी किया जायेगा। मौके पर झारखंड के प्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला ने बताया कि कलाकारों में शहीद के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह है। सिंगरा के लाल शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला के जन्मदिवस पर भोजपुरी कलाकारों का जमावड़ा लगने का सिलसिला चल पड़ा है। इस दौरान शहीद अनुराग शुक्ला के मित्र सह भाजपा युवा नेता आशीष भारद्वाज ने बताया कि शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला अल्पायु में इतने कीर्तिमान गढ़ चुके हैं कि उनकी गाथा एक संदेश बनकर युवाओं में जोश भरता रहेगा। हम उनके जन्मोत्सव को हर वर्ष धूम-धाम से मनायेंगे, जिसमें युवा बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। मौके पर शहीद के बाबा उमेश्वर शुक्ला समेत ग्रामीण कई मौजूद रहें।

### शबरी सुशीला मेहता मेमोरियल अवॉर्ड में केंद्रीय मंत्री ने भाग लिया

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के बंदुआ स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में माता शबरी सुशीला मेहता मेमोरियल अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद पलामू विष्णु दयाल राम, भाजपा जिलाध्यक्ष पलामू विजयानंद पाठक, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक पांकी विधानसभा डॉक्टर शशि भूषण मेहता, सहित भाजपा के वरीय पदाधिकारियों के साथ उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह शामिल हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सहित स्कूल प्रबंधन के सभी पदाधिकारी, अभिभावकगण, स्कूल के मेधावी छात्रगण सहित मीडिया बंधु मौजूद रहे।

### सप्लाई पानी की आपूर्ति शुरू, लोगों को मिली राहत

**मेदिनीनगर।** शहर में छह दिनों से बंद सप्लाई पानी की आपूर्ति शुक्रवार से शुरू किया गया। सप्लाई पानी के आने से लोगों को राहत मिली है। गौरतलब है कि रविवार को पानी टंकी के सफाई के कारण पानी आपूर्ति बाधित किया गया था। जिसके बाद लगातार विभाग पर लोगों का दवाब बनाया जा रहा था। पानी बाबा के नाम से विख्यात परशुराम ओझा के लगातार प्रयास और डिप्टी मेयर के द्वारा भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा था। जिसके फलस्वरूप शुक्रवार से निर्वाध रूप से पानी आपूर्ति शुरू किया गया है। स्थानीय जिला स्कूल टंकी से पानी की आपूर्ति करने वाले किशोर ने बताया कि बिजली की समस्या होने के कारण पानी नही चढ़ाया जाता है। लेकिन बिजली रहने के बाद पानी आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है।

## आजादी के गुमनाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

# तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज, उपायुक्त होंगे मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर आयोजित इस तरह की चित्र प्रदर्शनी से पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में काफी कुछ जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर भी काफी विस्तृत जानकारी दी गई है। यह चित्र प्रदर्शनी तभी सफल होगी जब इससे प्रेरणा लेकर यहां मौजूद बच्चे अपने आसपास से जानकारी जुटाकर आजादी के गुमनाम शहीदों को ढूंढ निकालें एवं उन्हें उचित मंच तक पहुंचायें। आजादी के गुमनाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है, जब उन्हें गुमनामी से बाहर लाकर उनके योगदान के बारे में लोगों को बताया जाये। यह एक शानदार आयोजन है, ऐसे आयोजन और भी होने चाहिए। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो,द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान शुक्रवार को कहीं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री का क्षेत्रीय



दीप प्रज्वलित करतीं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व अन्य।

प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने सेल्फी विथ पीएम एवं सेल्फी बूथ में फोटो भी खिंचाई। इसके उपरांत मंत्री के साथ डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुण शंकर ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं दीप प्रज्जवलित कर दूसरे दिन के समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के गुमनाम नायकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के द्वारा भी पहल की जा रही है। विभिन्न स्पर्द्धाओं के माध्यम से बच्चों को उनके बारे में जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि इससे शिक्षा की पुरानी व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। छात्रों को रुचि के अनुसार से पढ़ाई की सहूलियत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा युवाओं के लिए शुरू की गई व्यावसायिक शिक्षा से पढ़ाई के साथ-साथ कमाई का भी मौका मिल रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से डालटनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पांकी के विधायक डा. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर उपस्थित रहीं।

**प्रभात मिश्र सुमन को एफपीओ ने किया सम्मानित :** संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर जानकारी इकट्ठा करने वाले वरीय शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र सुमन को सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान मिश्र ने उपस्थित लोगों को पलामू के इतिहास एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी दी।

**तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज :** तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह शनिवार को दोपहर 12 से आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु ढोड्डे होंगे एवं गणमान्य अतिथि के तौर पर वरीय शिक्षा विद् प्रभात सुमन मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

### भाषण व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

प्रदर्शनी के दूसरे दिन गांधी स्मृति टाउन हॉल में गिरिवर प्लस टू स्कूल के बच्चों के बीच भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गिरिवर प्लस टू स्कूल के प्रचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक, शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता,रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद,सचिन,राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद , आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी,हेमलिन कांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहें।

## द्वितीय छात्र संसद में कई विषयों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा द्वारा आयोजित द्वितीय छात्र संसद में पलामू का प्रतिनिधित्व गोविंद मेहता ने किया। संसद में भाग लेने के बाद उन्होंने बताया कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम झारखण्ड के नये विधानसभा में आयोजित की गई थी। झारखण्ड के एक आम नागरिक होने के नाते मेरे लिए विधानसभा में जाना तीर्थ जाने के समान है। विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पहले दिन दिल्ली से आई हुई पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की टीम ने सभी प्रतिभागियों को विधायी कार्यों से अवगत कराया एवं विधान सभा में अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल, नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य विधायकों की भूमिका को समझाया। साथ ही सदन के अन्दर सभी सदस्यों को क्या करना होता है, इसकी प्रशिक्षण दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन हु-ब-हु विधानसभा की तरह सदन सजाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग कार्यक्षेत्र दिए गये। जहां दर्शक दीर्घा में विभिन्न विधानसभा से निर्वाचित विधायक, कई उच्च अधिकारी एवं मीडिया के लोग उपस्थित थे। सदन की कार्यवाही में प्रश्न काल एवं सड़क सुरक्षा बिल 2022 पर चर्चा हुई। जहां सदस्यों ने मर्यादित तरीके से विषयों को सदन में रखने का कार्य किया एवं संबंधित विभाग के मंत्री के द्वारा बगैर बातों को घुमाए, साफ और सीधे तरीके से जवाब देने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भी यही था कि विश्वविद्यालय स्तर के छात्र सदन की कार्यवाही को समझें और वास्तव में सदन के अंदर क्या होना चाहिए और कैसे होना चाहिए । इसके प्रति जागरूक हों और वर्तमान समय में जो सदन में बेवजह हंगामा करने की परिपाटी चल रही है। ये खत्म हो और वहां जन कल्याण हेतु उचित फैसले लिए जायें। उन्होंने बताया कि यदि राज्य एवं देश का समुचित एवं सर्वांगीण विकास करना है तो आम जनता को जाति, धर्म, भाषा इत्यादि के आधार पर मतदान कर अपना प्रतिनिधी नहीं चुनना चाहिए। बल्कि अपने प्रतिनिधी में उन गुणों को देखना चाहिए ,जो सदन के अंदर उनकी समस्याओं को रखने एवं उसका उचित समाधान करने में सक्षम प्रतीत होता हो।

## बिना आरक्षण के चुनाव कराने पर क्यों तुली है सरकार : मोर्चा

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने नगर निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिए जाने को लेकर सरकार की निंदा की है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जब मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सरकार ओबीसी समुदाय को निकाय व पंचायत चुनाव में आरक्षण देकर चुनाव करा सकती है और बिहार सरकार ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में गई है, तो हेमंत सरकार बिना ओबीसी के आरक्षण के चुनाव कराने पर क्यों तुली है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में आरक्षण न देकर ओबीसी समुदाय के विश्वास तोड़ा है। यदि सरकार ओबीसी आरक्षण लागू करके चुनाव नहीं कराती है तो मोर्चा के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

## पलामू में आज मनेगा संविधान दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज संविधान दिवस मनाया जायेगा। 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने हमारे संविधान को विधिवत तरीके से अपनाया था। हालाकि, इसे लागू 26 जनवरी 1950 को दिया गया था। इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी देखा जाता है। भारतीय संविधान की खासियत ये है कि ये विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान दिवस पर शहर में कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। प्रशासनिक स्तर पर भी इसकी तैयारी किया गया है। स्थानीय टाउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। जिसमें संविधान से जुड़ी जानकारी भी दी जा रही है। वही स्कूल ,कॉलेज में भी संविधान दिवस के अवसर पर कई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। वहीं, इस




मौके पर देश में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के पीएम भी शामिल होते है।

**2015 से संविधान दिवस मनाना शुरू हुआ :** राष्ट्र आज संविधान दिवस मनायेगा। लेकिन संविधान दिवस को मनाने की शुरूआत 2015 में किया गया था। बाबा साहब अम्बेडकर के 125 वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा इसकी शुरूआत किया गया। जो इस ऐतिहासिक तिथि के महत्त्व को उचित मान्यता देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर आधारित है।

**विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान :** भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। इसके कई हिस्से को अलग अलग देश के संविधान से लिया गया है। जिसमें यूके, अमेरिका, जर्मनी, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान के संविधान से लिया गया है। संविधान में भारत के नागरिकों, के मौलिक कर्तव्य, अधिकार ,सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री ,राष्ट्रपति की शक्तियों का वर्णन किया गया है। संविधान को बनाने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का वक्त लगा था।

## सहायक शिक्षको के मुद्दे पर 28 को होगी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सहायक शिक्षकों को राज्य सरकार जल्द बड़ी सौगात देने जा रही है। शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक, झारखंड अधिविध परिषद के सचिव, सहायक अध्यापकों की वेतन विसंगति सहित अन्य मुद्दों पर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सहायक अध्यापकों की वेतन विसंगति संबंधी कई बड़ी परेशानियों का हल निकल सकता है। मंत्री के निर्देश पर 28 नवंबर को यह बड़ी बैठक होगी। इस बैठक पर प्रदेश भर के सहायक अध्यापकों की नजर टिकी है। मंत्री के निर्देश पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक, झारखंड अधिविध परिषद के सचिव को पत्र के जरिए सूचना दे दी गई है। 28 नवंबर को सुबह 11 बजे से यह बैठक होगी।इस बैठक का एजेंडा और सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना है। सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं में वेतन विसंगति, अनुकंपा आकलन परीक्षा, कल्याण कोष, कर्मचारी भविष्य निधि आदि विषय पर बातचीत होगी। पत्र में संबंधित अफसरों से बैठक में वांछित प्रतिवेदन के साथ में भाग लेने को कहा गया है।गौरतलब है कि सहायक अध्यापक लगातार अपनी मांगों को लेकर रहे हैं। आए दिन किसी न किसी मुद्दों को लेकर सहायक अध्यापकों का आंदोलन होता रहता है।

## खाद आपूर्ति को लेकर पदाधिकारी ने डिलरों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति समस्या को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनील कुमार और सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की उपस्थिति में बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के वित्त सह खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराव ,पांकी विधानसभा क्षेत्र के मंत्री प्रतिनिधि सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि के रूप में मंत्री जिला प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी भी उपस्थित रहे । सभी ने अपनी बातों से मंत्री प्रतिनिधि को अवगत कराया। इस बैठक में जनवितरण प्रणाली के



डिलरों के साथ बैठक करते अधिकारी

दुकानदारों ने अपनी अपनी समस्या से भी अवगत कराया। मंत्री प्रतिनिधि ने उनकी बातों को मंत्री तक पहुंचाने का वादा किया। मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर पीताम्बरपुर के सभी आम जनता को खाद्य आपूर्ति संबंधित सभी जन समस्याओं से जल्द निदान मिल सके। साथ ही राशनकार्ड में हो रही समस्या को लेकर विभाग सहित मंत्री युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। इस मुहिम को लेकर मंत्री प्रतिनिधि प्रखण्ड स्तर से ग्राम स्तर तक जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे है। नीलाम्बर पीताम्बरपुर बैठक की समीक्षा में यही पाया गया कि प्रखण्ड व जिला स्तर पर अपने कार्यो के लिए हमेशा 1 नम्बर 2 नम्बर पर रह रहा है। इनकी कार्य शैली बेहतर है। साथ ही मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने कहा कि वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराँव भी जल्द ही नीलाम्बर पीताम्बरपुर की जनता के बीच आयेंगे और उनसे सीधा मुलाकत करंगे। कार्यक्रम में-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार एजीएम- संजय सिंह पांकी विधान सभा कांग्रेस अध्यक्ष -अजिताभ दुबे , जनवितरण संघ के अध्यक्ष - व्रज किशोर तिवारी ,वरिष्ठ डीलर दिलीप तिवारी , डीलर मुनेन्द्र नाथ दुबे, डीलर ईश्वरी शुक्ला सहित भारी संख्या में कई लोग उपस्थि रहे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन, लोगों ने की फरियाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया।



जनता की समस्याओं का समाधान करते पलामू उपायुक्त

**ईलाज हेतु संदीप कुमार को 20 हजार व सुनील राम को 50 हजार रुपये देने के निर्देश :** जनता दरबार में पाटन के जोड़ा खुर्द से आये संदीप कुमार ने उपायुक्त को बताया कि मैं हाथ से दिव्यांग हूं और मेरी आर्थिक स्थिति इतनी नहीं है कि मैं अपना इलाज करा सकूं । अतः उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु आर्थिक मदद करने की बात कही । इस पर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर संदीप कुमार को 20 हजार रुपये की मदद करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह चैनपुर के हरिनामाड़ से आये सुनील राम को भी अपना इलाज हेतु वेल्लोर जाना था । लेकिन पैसे नहीं रहने के कारण वह वेल्लोर जाने में असमर्थ थे । उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से सुनील राम को भी पचास हजार रुपये देने की बात कही।

**पांडु के बजरंगी गुप्ता का ऑन स्पॉट दिव्यांगता पेंशन निर्गत :** पांडु के महूगांवा के रहने वाले बजरंगी गुप्ता ने अपना दिव्यांगता पेंशन स्वीकृति को लेकर आवेदन दिया कहा कि कई बार प्रयास करने के बावजूद आजतक पेंशन निर्गत नहीं हो पाया है । मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को पेंशन स्वीकृति को लेकर निर्देशित किया। जिसके पश्चात ऑन स्पॉट लाभुक का पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 5 मामले आये । जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## अदबी संसार का 18वीं तरही नातिया मुशायरा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** मुस्लिम नगर स्थित डॉ.मकबूल मंजर के आवास पर अदबी संसार ने 18 वीं तरही नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अशफाक़ अहमद ने की। संचालन हाजी शमीम रजवी ने किया। गत सप्ताह मुशायरा में शायरों व अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अजहर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मो.मेराज आलम ने तिलावत ए कुरान पाक पेश कर की। मुशायरा में उमर बिन तस्लीम, मिर्जा. खलील बेग ताहिर की सेहत, साहब ए खाऩा डॉ.मकबूल मंजर के साथ-साथ उपस्थित लोगों व भारत की खुशहाली के लिए दुआ की गई। महबूब ए खुद़ा, उनकी हर बात कलेजे में उतर जाती है। शमीम रजवी रब ने खुद़ फरमा दिया या मुस्तफा, आप हैं नूर ए खुद़ा या मुस्तफा काऱी जसीमुद्दीन शमीमी दाखिला होगा । अमीन रहबरः मनाएं क्यों न हम खुशियां रबीउन्नूर पर रहबर, फरिश्ते झूमते हैं जब शह ए दीं की विलादत पर। डॉ.इंतेखाब़ असरः यकीऩन रोज ए महशर मोमिनो को बख्शवायेंगे, यकीं कामिल हमें है आपके दस्त ए शफाअ़त पर। नौशाद अहमद खांः खुश्क पत्ते की तरह जब ये बिखर जाती है, तब भी ये जीस़्त मदीने में संवर जाती है। अलाउद्दीन शाह चिरागः रब वसीले से हमेशा आपके, करता है पूरी दुआ या मुस्तफा.। इमरान शादः बाद मरने के कोई अपना नहीं, हश्र में है आसरा या मुस्तफा.। इनके अतिरिक्त डॉ.तस्लीम आरिफ, डॉ.मकबूल मंजर, प्रो.नसीम रियाजी, एम.जे.अजहर, फारू़क अहमद, मो.यूनुस रजवी, हाफिज मेराज आलम ने भी कलाम पेश किया। मुशायरा में अदबी संसार के सेक्रेटरी मो.शाहिद अनवर, हसनैन खां, अरशद जमाल गुड्डू सहित कई लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन संस्थाध्यक्ष इमरान शाद ने किया।

## न्यूज गैलरी

### बड़गड़ मुख्य मार्ग मरम्मती कार्य में दूसरे दिन से ही उखड़ने लगी है कालीकरण पिचिंग



**बड़गड़।** भंडरिया, बड़गड़ – टेहरी मुख्य मार्ग पर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गढ़वा द्वारा 49.50 लाख की लागत से कराये जा रहे मरम्मती कार्य में गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराये जानें की बात सामने आई है। शुक्रवार को भंडरिया से बड़गड़ होते टेहरी तक चल रहे हैं सड़क की मरम्मती कार्य का जायजा प्रखंड के 20 सूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल एवं सदस्य संदीप गुप्ता ने लिया। उन्होंने सड़क के मरम्मत कार्य में संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रख कर कार्य कराए जाने की बात कहीं। उपरोक्त दोनों लोगों ने कहां की पूर्व में जो सड़क की स्थिति थी मरम्मती के बाद उस से भी बदतर हो जा रही है। सड़क के कई जगहों पर मरम्मती के नाम पर एक दिन पूर्व किए गए कालीकरण पिचिंग का कार्य दूसरे दिन ही उखड़ जा रही है। मरम्मती कार्य में गड़बड़ी को लेकर इन्होंने पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल गढ़वा के पदाधिकारियों को जानकारी देकर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य कराने का आग्रह किया है।

### सांप काटने से युवती जख्मी

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के करकट्टा गांव निवासी उपेंद्र राम की पुत्री अंजली कुमारी 18 वर्ष को सांप काटने से जख्मी हो गई है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में जख्मी अंजली कुमारी ने बताया कि वह अपने घर करकट्टा से पैदल मझिआंव बाजार आ रही थी। उसी बीच करीवाडी गांव के पास एक सांप ने उसके दाहिने पैर में डंस लिया। जब वह सांप को हटाने का प्रयास की तो दोबारा सांप ने उसके दाहिने पैर में काट लिया। किसी तरह सांप को हटाकर आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के दाहिने पैर में गंभीर जख्म का निशान है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### पचपड़वा गांव में आपसी विवाद में मारपीट, 8 लोग घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के पचपड़वा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला सहित दोनों पक्षों के 8 लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के कृष्णा पाल उसकी पत्नी मंजू देवी, चमेली कुमारी रमता कुमारी एवं दूसरे पक्ष के उदय लाल उसकी पत्नी किरण देवी उसका पुत्र अमरदीप लाल उसकी पुत्री प्रीति कुमारी के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष के चमेली कुमारी ने बताया कि वह गढ़वा ट्यूशन पढ़ने के लिए आती जाती है। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे देख कर भला बुरा बोल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट की घटना घट गई। जबकि दूसरे पक्ष के उदयलाल ने बताया कि वह सिंगार के सामान बेचने के लिए देहात में गया हुआ था। घर वापस आने के बाद उसकी पत्नी मोती साव के दरवाजे पर बैठी हुई थी। उदय लाल ने अपनी पत्नी को वहां से घर चलने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर एक पक्ष के लोगों को लगा कि दूसरे पक्ष के लोगों उसे भला बुरा कह रहा है। इसी बात को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष को के मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष में जमकर मारपीट की घटना घटित हो गई। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहा सभी का इलाज चल रहा है। घटना में सभी घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सो मे गंभीर चोट आई है।

### तीन दिवसीय वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन

**पाकुड़ ।** गोकुलपुर फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज हुआ।चांद भैरव क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल चैंपियनशिप का उदघाटन डीएफओ रजनीश कुमार एसडीओ हरिवंष पंडित मुखिया विकास गौंड ने संयुक्त रूप से किया। पहले राउंड में फुटबॉल क्लब पहाड़िन नागिन सीत पहाड़ी एवं फुटबॉल क्लब इलाहाबाद के बीच हुआ जिसमें इलाहाबाद की टीम ने जीत दर्ज किया।तीन दिनों तक चलने फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखण्ड के अलावे पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश एवं पड़ोसी देश नेपाल की नामी गिरामी फुटबाल टीमें भाग लेंगी। क्लब के अध्यक्ष राम सिंह टुडू ने बताया 16 टीमें टूर्नामेंट में भाग ले रही है। कई टीमों में विदेशी खिलाड़ी भी खेल को रोमांचक बनाने के लिए मैदान में अपना दमखम दिखाएंगे।

### 13 करोड़, 62 लाख रुपए की लागत से बनेगा महिला महाविद्यालय, मंत्री ने किया शिलान्यास, बोले-

# अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही शहर में प्राप्त करेंगी उच्च शिक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सोनपुरवा में रेलवे स्टेशन उस पार नहर के समीप 13 करोड़, 62 लाख रुपए की लागत से महिला महाविद्यालय बनेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर महिला महाविद्यालय का शिलान्यास किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही जिले में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। आज तक गढ़वा में एक भी महिला महाविद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकती थी। परंतु आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से यह नेक कार्य पूर्ण हो रहा है। गढ़वा में एक सर्व सुविधा संपन्न महिला कॉलेज बन रहा है। यह



महाविद्यालय गढ़वा में महिला शिक्षा के क्षेत्र में मील का एक पत्थर साबित होगा। अपनी बेटियां भी पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी। मंत्री श्री ने कहा कि वे गढ़वा के आमूलचूल परिवर्तन के लिए कटिबद्ध हैं। गढ़वा के इतिहास में आज तक जो विकास कार्य नहीं हो सका वह अब हो रहा है। गढ़वा के विकास गाथा में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। पूर्व के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना ही महाविद्यालय खोलने में रह गए। गढ़वा के जनता ने जिन्हें 10 वर्षों तक मौका दिया वे अपने कार्यकाल में जनता का माखौल उड़ाते रहे। अब जनता उनका मखौल उड़ा रही है। वे अब सर्कस के जोकर की तरह काम कर रहे हैं। लोगों के बीच सिर्फ मसखरी कर लोगों के लिए मनोरंजन का साधन बन गए हैं। मंत्री ने कहा कि वे आगे की परवाह नहीं करते हैं। सिर्फ जनता के लिए काम करते हैं। अगले पांच वर्ष बाद क्या होगा यह सब जनता पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि मैं धनबल, जात, पात और धर्म की राजनीति नहीं करता। सिर्फ और सिर्फ जनसेवा की राजनीति करता हूं। उसी का परिणाम है कि आज गढ़वा में विकास की गंगा बह रही है। झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, बलराम तिवारी, पारसनाथ तिवारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, मुखिया सुरेंद्र यादव, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, संवेदक अनिल सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, विश्वनाथ सिंह, चंदा देवी, कबूतरी देवी, मीना देवी, रजनीगंधा, दिव्य प्रकाश केशरी, अशोक चंद्रवंशी, राहुल जायसवाल, प्रो. प्रेमलता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### करीब चार एकड़ भूमि में महाविद्यालय का निर्माण होगा

करीब चार एकड़ भूमि में इस महाविद्यालय का निर्माण होगा। इस कॉलेज में कला, विज्ञान व वाणिज्य सभी विषयों की पढ़ाई होगी। इसमे एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कॉमन रूम, स्टाफ रूम, पैंट्री, कैंटीन, अम्पीथीयेटर जैसी सभी सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम के आयोजन के एक बड़ा कोर्टयार्ड भी होगा। इसमें एंट्रेंस लॉबी, वेटिंग हॉल, पूछताछ, प्रशासनिक कार्यालय, स्टाफ शौचालय (एम,एफ), प्रधान कार्यालय के साथ पूर्व कक्ष शौचालय, पीए केबिन और अलग प्रतीक्षा क्षेत्र, स्टोर, सेमिनल हॉल, शारीरिक रूप से दिव्यांगों के लिए शौचालय के साथ सामान्य शौचालय, वर्ग कक्ष, दो सीढ़ी, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्याख्यान कक्ष, कैंटीन के साथ थिएटर, टीचिंग स्टाफ रूम के साथ अटैच टॉयलेट सहित कॉमन टॉयलेट, शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्राओं और कार्यक्रमों के लिए कोर्टयार्ड कॉरिडोर से जुड़ा हुआ होगा। सभी संबंधित विषयों के लिए सामान्य एवं दिव्यांगों के लिए का अलग-अलग प्रयोगशाला, लाइब्रेरियन केबिन के साथ पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष आदि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के भी व्यवस्था की जाएगी।

## बच्चों को बेहतर शिक्षा देने व विकास को लेकर अभिभावकों ने दिये कई सुझाव

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय बड़गड़ स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावक गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधन समिति सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, बाल संसद के सदस्य एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार मिंज ने की। बैठक में विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में विद्यालय के बेहतर तरीके से संचालन सहित विद्यालय में बच्चों की 100% उपस्थिति सुनिश्चित करने, छात्रों के लर्निंग गैप को पाटने, विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई के साथ संचालित होने वाले अन्य शैक्षणिक गतिविधियों सहित खलो झारखंड में बच्चों के प्रदर्शन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप चर्चा हुई। विद्यालय में बच्चों को बेहतर पठन-



पाठन की व्यवस्था देने एवं विकास को लेकर अभिभावकों ने कई तरह के सुझाव दिये। बैठक में उपरोक्त के अलावा शिक्षक कपीलदेव प्रसाद, अनीता कच्छप, दोरोथी कच्छप, सरस्वती वाहिनी संयोजिका तारा कुजूर, अभिभावक रौशन सोनी, सोनी देवी, कलीमुद्दीन अंसारी, विजय लकड़ा, संजय प्रसाद, दिलो कच्छप, छोटेलाल लकड़ा, बाल संसद के पुष्पलता केरकेट्टा, धिरज कुमार सोनी सहित अन्य छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### नगर ऊंटारी पहुंची ईडी की टीम

## विधायक की अटैच हुई संपत्ति का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** ईडी की टीम ने शुक्रवार की दोपहर श्री बंशीधर नगर पहुंचकर विधायक भानू प्रताप शाही के स्टेशन रोड स्थित आवासीय कार्यालय एवं मां नगीना शाही कॉलेज का कथित जायजा लिया। टीम ने अंचल अमीन योगेन्द्र कुमार से विधायक के आवास एवं कॉलेज की जमीन के संबंध में जानकारी ली। अंचल अमीन ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि ईडी की ओर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। अंचल अमीन के मुताबिक ईडी की टीम करीब बारह बजे अंचल कार्यालय पहुंची थी। कार्यालय में मौजूद अनुसेवक इरफान से टीम ने अंचल अमीन के विषय में पूछा और बुलाने को कहा। जिसके बाद अनुसेवक ने उन्हें फोन कर बुलाया। बकौल योगेन्द्र जब वे अंचल कार्यालय पहुंचे तो टीम में शामिल लोगों ने स्वयं को ईडी की टीम बताया और उन्हें अपने साथ स्टेशन रोड स्थित विधायक भानू प्रताप शाही के आवास ले गये और विधायक आवास की जमीन से संबंधित प्लॉट की जानकारी ली। इसके बाद टीम उन्हें अपने साथ बभनी में स्थित मां नगीना शाही कॉलेज भी ले गयी। वहां भी टीम ने कॉलेज की जमीन से संबंधित जानकारी ली। योगेन्द्र ने बताया कि उन्हें दोनों जगहों की जमीन की खास जानकारी नहीं थी, इसलिये वे ईडी की टीम को संतुष्ट नहीं कर सके। बाद टीम में शामिल अधिकारियों ने मोबाईल पर सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर वापस लौट गये। सूत्र बताते हैं कि ईडी की टीम विधायक भानू प्रताप शाही की अटैच की गई संपत्ति जिसमें नगर ऊंटारी स्टेशन रोड में स्थित आवास और मां नगीना शाही कॉलेज की भूमि शामिल है, दोनों के कागजात के साथ पहुंची थी। बताया जाता है कि अटैच होने के बाद दोनों भूखंडों पर निर्माण आदि से संबंधित भौतिक सत्यापन के लिये अमीन को अपने साथ लेकर गयी थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले साल 17 फरवरी को नगर ऊंटारी में विधायक भानू प्रताप शाही की संपत्ति के तौर पर जंगीपुर स्टेशन रोड में स्थित आवास और विधायक की मां के नाम से चल रहे मां नगीना शाही महिला विद्यालय को अटैच कर दोनों जगहों पर बोर्ड लगा दिया था।

### बार भवन का विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन

**सिमडेगा।** कचहरी परिसर में विधायक मद से बने बार भवन का विधायक भूषण बाड़ा ने उदघाटन किया। बार भवन का उदघाटन विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर बार एसोसिएशन के लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते बार भवन बनवाने के लिए धन्यवाद दिया। विधायक श्री बाड़ा ने कहा कि न्यायिक कर्मियों को न्याय संबंधि कार्य करने में कोई परेशानी न हो, इसको ध्यान में रखते हुए बार भवन का निर्माण किया गया है। इससे जिले के अधिवक्ता आसानी से न्यायिक कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे। साथ ही काम करने में भी आसानी होगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने की बैठक, बोले-

## प्रपत्र 6 के माध्यम से घर-घर जाकर आवेदन ले

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ आलोक कुमार ने अनुमण्डल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी व बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की समीक्षा के पश्चात उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुये आगामी 8 दिसम्बर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने,गलत प्रविष्टियों को शुद्ध करने की कार्रवाई किया जाना है। उन्होंने सभी योग्य व्यक्तियों का नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 के माध्यम से घर घर जाकर आवेदन लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र



पर नये व्यक्तियों का नाम जोड़ने के लिये कम से कम 15 आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों को अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ को निर्धारित लक्ष्य से अवगत कराते हुये उन्हें शत प्रतिशत सुयोग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़वाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। फार्म 6 बी का कार्य शत प्रतिशत पूरा कराने, बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो का गहन पर्यवेक्षण व समीक्षा करने तथा लापरवाही बरतने वाले व कार्य नही करने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.उन्होंने सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को महिला पुरुष लिंगानुपात को राज्य के अनुपात के बराबर लाने के लिए गहन अभियान चलाकर खासकर महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़वाने के लिए बीएलओ के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की, बीडीओ श्रवण राम, बीडीओ सोमा उरांव, निर्वाचन कम्प्यूटर ऑपरेटर कमल किशोर सहित सभी बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### धनबाद में 30 नवंबर तक पोर्टल पर करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**धनबाद।** धनबाद के सभी प्रखंड (झरिया अंचल को छोड़कर) को सुखाड़ की कैटेगरी में रखा गया है। इसलिए सुखाड़ से प्रभावित वैसे किसान, जो जीविकोपार्जन के लिए मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है तथा जिनके द्वारा वर्ष 2022 की खरीफ बुआई नहीं की गई है, परंतु पारंपरिक रूप से पूर्व में ऐसे कृषक बुआई का काम करते रहे हैं, वे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए प्रभावित किसान जिला कृषि विभाग, सीएससी या वीएलई के माध्यम से पोर्टल पर 30 नवंबर 2022 तक अपनी एंट्री कराना सुनिश्चित करेंगे।

## आठ वर्षों से किराये पर रह रही है संध्या देवी, सरकारी मदद की आस

### आवास योजना का लाभ देने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** केंद्र सरकार या राज्य सरकार के द्वारा अत्यंत गरीब पिछड़े वर्गो एवं जरूरतमंद लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ देने के लाख दावे हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। श्री बंशीधर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 में एक परिवार ऐसा है जिसके बारे में आप जानकर हैरान हो जाएंगे। इस परिवार में केवल 2 सदस्य हैं। जो कि 8 वर्षों से किराए के मकान पर अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। वार्ड नंबर 8 निवासी संध्या देवी पति स्व ओम प्रकाश अग्रहरि का शादी के 1 वर्ष बाद ही मृत्यु हो गया था। जिसके बाद से ही संध्या देवी अपने सास के साथ मिट्टी के घर में किसी तरह गुजर बसर करती रही। वर्ष 2014-15 में मिट्टी का मकान गिर गया जिसके बाद से वह बगल के ही किराए के मकान में सिलाई सेंटर चलाकर किसी तरह से अपना गुजर-बसर करती है। संध्या देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए कई बार आवेदन दिया गया लेकिन अभी तक आवास स्वीकृति नहीं हुई और ना ही मेरे खाते में आवास का पैसा आया है। जबकि जर्जर मिट्टी का घर के कई बार जियो टैगिंग भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि मीठी का मकान पूरा जर्जर व ध्वस्त हो चुका है,घर में रहने लायक नहीं है। लेकिन पीएम आवास का लाभ नहीं मिला है। जिसके लिए संध्या देवी नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद नीरज कुमार को कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन भी दिया है लेकिन संबंधित लोगों द्वारा मौखिक रूप से आश्वासन दिया जाता रहा है। संध्या देवी के 3 वर्ष संबंधित विभाग के दफ्तरों का चक्कर काटने के बावजूद भी आवास



स्वीकृति नहीं होने से परेशान हैं। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में देखा जाए तो कई ऐसे जरूरतमंद लाभुको को अभी भी पीएम आवास योजना से वंचित है। लेकिन सवाल उठता है कि नगर पंचायत क्षेत्र में कई ऐसे वार्ड प्रतिनिधि हैं जो अपने ही परिवार के सदस्य के नाम से पीएम आवास योजना का लाभ ले चुके हैं।

**अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण मामला, संज्ञान में लेते हुए शीघ्र कार्रवाई होगी : नपं अध्यक्ष :** नपं अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि अति दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के के मामले की जानकारी मुझे नहीं थी। विधवा, दिव्यांग, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को पीएम आवास का लाभ देना पहली प्राथमिकता है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अति शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

**महिला को जल्द मिलेगा पीएम आवास का लाभ : कार्यपालक पदाधिकारी :** इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि मेरे जानकारी मेरा मामला नहीं था। सभी जरूरतमंद लाभुकों को पीएम आवास का लाभ दिया जा रहा है। अगर महिला को पीएम आवास का लाभ नहीं मिला है तो उन्हें आवास स्वीकृति किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो गरीब असहाय लोग आवास से वंचित हैं। वह स्वयं आवेदन दे, उनके आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा।

## मुखिया मुन्नी देवी पर दर्ज मामले में पुलिस इंस्पेक्टर ने की जांच

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** परती कुशवानी पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा विवाहिता के साथ मारपीट के बाद मुखिया पर प्राथमिकी दर्ज होने के दुसरे दिन ही पुलिस के द्वारा उक्त मामले का सुपरविजन किया गया।इस दौरान गुरुवार की शाम पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी संतोष कुमार विवाहिता शांति कुमारी के मायके पनियाखोंह पहुंचकर शांति के परिजनों की अनुपस्थिति में ग्रामीणों से पुछताछ कर मामले की तहकीकात की।इस दौरान पहले से ही दर्जनों मुखिया समर्थक उक्त स्थल पर मौजूद थे। जहां अनुसंधान के बाद प्रशासन के जाते ही मुखिया समर्थकों द्वारा मुखिया मुन्नी देवी के बचाव पक्ष में जमकर नारेबाजी की गयी। ग्रामीण नवीन कुमार, नागेन्द्र प्रजापति,शिव साह, उदय साह,संतोष कुमार, सहित अन्य लोगो ने मुखिया मुन्नी



देवी मत घबडाना के नारे लगायें। मुखिया समर्थकों का मानना है की उक्त लड़की के साथ की गई मारपीट की घटना जायज है। इससे अन्य लड़कियों में सुधार होगी। उल्लेखनीय है की मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा डेढ़ माह पुर्व इसी गांव की शांति कुमारी के साथ डंटे से बेरहमी से मारपीट कर जबरन ससुराल भेजा गया था। जहां से लड़की गायब है।इस सम्बन्ध में पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने कहा की मामले की अनुसंधान चल रहा है, इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### सरकारी विद्यालय के बच्चों के ड्रेस खरीदारी में बिचौलिया हावी

## 25 प्रतिशत तक कमीशन का दे रहे प्रलोभन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सरकारी स्कूलों में सरकार के द्वारा गरीब बच्चो को भोजन व छात्रवृति राशि मे डाका का मामला तो आये दिन आ रहे है पर इधर उन बच्चो को मिलने वाले पोशाकों पर भी बिचौलियों की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। ड्रेस क्रय में बिचौलिया के द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष व प्रधानध्यापको को 15 से 25 प्रतिशत कमीशन का प्रलोभन खुलेआम दे रहे है। जिसके कारण उक्त पोशाकों की गुणवत्ता क्या होगी। इस गोरख धंधे में सबसे ताज्जुब की बात यह है कि जिनके ऊपर समाज मे हो रहे भरस्टाचार व कमियों को लोंगो के समक्ष उजागर करना चाहिए। वैसे लोग खुद इस पोशाक वितरण के धंधे में सुबह से रात्रि तक विद्यालय के अध्यक्ष सचिव के पीछे पीछे घूम




रहे है। जिससे लोग भी निर्भीक होकर कमीशन के चक्र में गरीब बच्चो को मिलने वाली सरकारी लाभ में बिचौलियों के साथ हो लिये है। यह मुहबरे यहाँ सटीक बैठता है कि सैंया भाई कोतवाल तो डर काहे का। जानकारी के मुताबिक बता दे कि भवनाथपुर प्रखण्ड में 57 विद्यालय एक और दो क्लास में 2482 बच्चे हैं। जिनके लिए पोषक के एवज में लगभग 14 लाख आवंटित हुआ है। प्रत्येक बच्चे को दो सेट ड्रेस, जूता, मोजा एवं स्वेटर का वितरण करना है।

**पोषक आपूर्ति में दो सप्लायर है सक्रिय :** आपको बता दे कि भवनाथपुर में सरकारी स्कूल में पोषक सप्लाई को लेकर दो सप्लायर सक्रिय हैं जिनका जिला स्व पदाधिकारी से लेकर प्रखण्ड के पदाधिकारी तक मिली भगत चर्चा है और उस मे स्कूल के हेडमास्टर को भी पोषक लेने के लिए दबाव बनाए जा रहा है। सप्लायर रमना के अल्होदा ड्रेडर्स एवं मेराल के आर के इंटरप्राइजेज के द्वारा सप्लाई किया जा रहा है

**क्या कहते है जिला शिक्षा अधीक्षक :** इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश करकट्टा ने कहा कि हमें जानकारी नहीं जांच किया जाएगा जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई कि जाएगी।

### क्या कहते है स्थानीय निवासी

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी रविकांत कुमार पिता सुखाड़ी चंद्रवंशी भगवान घाटी के पास अनियंत्रित बाईक से गिरकर घायल हो गए। घायल अवस्था में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती किया गया। जहां पर तैनात डॉक्टर इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा इलाज किया गया। परिजनों ने बताया कि रविकांत कुमारअपने बाइक से भवनाथपुर में गया था। भवनाथपुर से लौटने के क्रम में भगवान घाटी के पास बाइक अनियंत्रित हो गया और बाइक से गिर गया।

## न्यूज गैलरी

### मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत बालूमाथ पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का हुआ आयोजन

बालूमाथ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से बरसात की मौसम में धान मक्का समेत कई फसलों को किसानों द्वारा लगाए जाने के पश्चात अच्छी बारिश नहीं होने की स्थिति में सुखाड़ का सामना कर रहे लोगों का आवेदन लेते हुए पंजीकरण किया गया। मौके पर इस शिविर के माध्यम से 15 किसानों की आवेदन प्राप्त हुई। इस दौरान बालूमाथ अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज कुमार, अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी मुनेश्वर गंजू, ग्राम प्रधान अमीन भुनेश्वर साहू बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा कृषक मित्र बीरबल प्रजापति समेत कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान शिविर का निरीक्षण बालूमाथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडे भी ने की और कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### टंडवा में अवैध रुप से बालू का हो रहा भंडारण, वरीय पदाधिकारी मौन



टंडवा (चतरा)। जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों में बड़े पैमाने पर अवैध रुप से बालू भंडारित होने के बावजूद जिले के वरीय पदाधिकारी मौन साधे हुए हैं। ऐसे में सूत्रों की माने तो इसमें अवैध वसूली भी होती है। संबंधितों के मिली भगत से एनटीपीसी परियोजना निर्माण में लगे सहायक कंपनियां जीडीसीएल, सिम्प्लेक्स तथा सिंह कंस्ट्रक्शन समेत अन्य में बेधड़क बालू का भारी भंडारण जारी है। जबकि दिलचस्प तथ्य यह है कि दोहन टंडवा के विभिन्न नदियों से होने के बावजूद आसानी से फर्जी चालान अन्यत्र जगहों का दिखाया जाता है।

### नावाडीह में आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में विवाद, जमकर हुई पत्थरबाजी, एक छात्रा घायल



पत्थलगड़ा(चतरा)। शुक्रवार को जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित उमाकांत पाठक खेल मैदान में खेलो झारखंड के तहत आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्लस टू जनता हाई स्कूल व उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह के बीच विवाद हो गया। सूत्रों के अनुसार कबड्डी खेल में शिक्षकों के बीच पहले हुआ विवाद, उसके बाद छात्रों में जमकर हुई मारपीट। बताया जाता है कि प्लस टू जनता हाई स्कूल पत्थलगड़ा के छात्रों द्वारा पत्थल चलाया गया, जिसमें नावाडीह का छात्र आसिफ अंसारी पिता तयाब अंसारी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबड्डी खेल में रेफरी की भूमिका राजकुमार सिंह व सत्येंद्र कुमार दोनों प्लस टू के शिक्षक निभा रहे थे। जबकि राजकुमार सिंह का रेफरी लिस्ट व प्रतिनियुक्ति में भी नाम नहीं था। इसके बाबजूद रेफरी बन हिंदी शिक्षक श्री सिंह पर बच्चों ने एक तरफा खेल खेलाने का आरोप लगाया है। वहीं श्री सिंह उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह के शिक्षकों पर ही बेढंग से खेल प्रतियोगिता कराने की बात कह दी।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष भ्रष्टाचार के खिलाफ बैठे आमरण अनशन पर




प्रतापपुर (चतरा)। शुक्रवार को प्रतापपुर प्रखंड में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव प्रखंड परिसर में आमरण अनशन अपने समर्थकों के साथ बैठ गए हैं। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी पर आरोप लगाया है कि उनके संरक्षण में मनरेगा हो या जमीनी का मामला, सब में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। मनमाने रुप से पदाधिकारियों पर सभी सरकारी कार्य कराए जाने का अरोप लगाते हुए जांच की मांग श्री यादव ने की है।

---

मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत कैंप का आयोजन

# मुखमंत्री सुखाड़ राहत योजना में किसानों का ई-केवाइसी का सत्यापन होना जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत, अंचल निरीक्षक सुरेश राम,प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, अंचल उपनिरीक्षक शोएब अखतर, लाल बीहारी उरांव व अमीत कुमार के देखरेख में सदर पंचायत बारियातु , अमरवाडीह व बालुभांग के पंचायत सचिवालय परिसर में संबंधित मुखिया व पंचायत सेवक की अध्यक्षता में मुखमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। जहां तीनो पंचायत में लगे शिविर में संबंधित पंचायत के किसानों का सिएससी स्तर



पर कृषि पशुपालन एवं सहकारीता विभाग द्वारा जारी वेब पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। कैम्प के संबंध में जानकारी देते हुए सीआई सुरेश राम ने बताया कि आपदा प्रबंधन प्रभाग गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड रांची के अधिसूचना संख्या १२९१ दिनांक ३१-१०-२०२२ के द्वारा प्रखंड को सुखा ग्रस्त घोषित किया गया है। इस क्रम में आपदा प्रबंधन प्रभाग के पत्रांक १३४५ दिनांक २२-११-२०२२ के तहत सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों को आनुग्राहिक राहत भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। आगे बताया कि मुखमंत्री सुखाड़ राहत योजना में किसानों का ई केवाइसी का सत्यापन के साथ साथ किसानों का जमीन संबंधित रशीद व बैंक पासबुक का छाया प्रति संबंधित मुखिया से वंशावली व आवेदन में हस्ताक्षर के साथ भरा हुआ फार्म ही मान्य होंगे। जो किसान पुर्व में मुखमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत आवेदन किए हैं और उनका ई केवाइसी हो चुका है वैसे किसान आवेदन न करें।प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि शनिवार को फुलसु, गोनिया व डाढ़ा में कैंप का आयोजन किया जाना है उन्होंने संबंधित पंचायत के किसानों से समय पर पहुँच कर मुखमंत्री सुखाड़ राहत योजना में ऑनलाइन आवेदन कर लाभ लेने का अपील किया। मौके पर सदर मुखिया सरिता देवी, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार, बालुभांग मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश राम, अमरवाडीह मुखिया सुशिला देवी, कृषक मित्र राजेश कुमार, पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, कुंवर प्रसाद सहित कई किसान मौजूद रहे।

## इनामी नक्सली के घर को पुलिस ने किया कुर्क, चला बुलडोजर

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवार को प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के फरार चल रहे पांच लाख के इनामी नक्सली सहदेव यादव के जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घर को पुलिस ने कुर्क किया। राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम ने सिकिद गांव में फरार नक्सली के घर को जेसीबी से ध्वस्त कर समाने जप्त की। न्यायालय के आदेश पर एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई। पुलिस द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध विध्वंसक कार्रवाई से मचा हड़कंप। फरार नक्सली को न्यायालय में यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने की सुरक्षाबलों ने दी चेतावनी। नक्सली घटना में राजपुर थाना कांड संख्या 90/15 में वांक्षित है



सहदेव। पूर्व में राजपुर पुलिस ने घर में इतिहास चिपका कर दी थी सरेंडर करने की चेतावनी। कुर्की जब्ती के बाद घर में रखे सामानों को अपने साथ थाना ले गई पुलिस। अधिकारियों ने अन्य फरार नक्सलियों से झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर हथियार डालने की अपील करते हुए कहा मुख्यधारा में शामिल हो जाएं वरना गंभीर परिणाम भुगतने को भी तैयार रहे ।

## गिद्धौर में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मे संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल व मुखिया निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात राष्ट्र गान से खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। बीडीओ श्री सिंह ने खेलो झारखंड 2022-23 की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा यह कार्यक्रम ग्रामीण प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर है। प्रखंड स्तर पर खिलाड़ियों का चयन कर जिला स्तर पर भेजा जाएगा। जिसके बाद जिला स्तर से चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान सबसे कम उम्र की रोशनी कुमारी 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान लाकर सभी को आश्चर्य कर दिया। रोशनी मध्य विद्यालय पेक्सा की छात्रा है। प्रतियोगिता के पश्चात सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सिद्धेश्वर पांडेय व मनीष कुमार ने किया। मौके पर बीपीओ पुनीत मिर्धा, लेखापाल जैनेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सत्यम कुमार, प्रेमचंद दास, सुनीता कुमारी, बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा, सीआरपी राजू कुमार राजू, कस्तूरबा विद्यालय की खेल शिक्षिका सुनीता कुमारी के साथ संबंधित शामिल थे।

नगर परिषद के योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा, कहा

## शहर में नागरिक सुविधा बढ़ाएं, ना रहे कोई बेघर

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगर परिषद के विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति, राजस्व, सैरात बंदोबस्ती, दिन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विभाग द्वारा पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन को क्रमवार अवलोकन किया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में आ रहे भूमि विवाद को दूर कर कार्य को गति दें। उपायुक्त श्री इमरान ने शहरी क्षेत्रों के साफ-सफाई नियमित रूप से कराने,




शहरी क्षेत्रों में लाईट लगाने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होने ज्यादा से ज्यादा नागरिक सुविधा बढ़ाने, होल्डिंग की वसूली में बढ़ोतरी के साथ आम लोगों के लिए सुविधा बढ़ाने पर बल दिया। पीएम आवास योजना शहरी की धीमी गति पर उन्होने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि नगर क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो, लेकिन ध्यान रहे कोई गरीब बेघर भी न हो जाये। उनके लिए स्थायी आवास की भी व्यवस्था हो। शहर में प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंचे इसके लिए भी उन्होने कार्य करने को कहा। इसके अलावे उपायुक्त ने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, जलापूर्ति एवं साफ सफाइ, 15वें वित्त आयोग मद सैरात बंदोबस्ती स्वच्छ भारत मिशन शहरी आदि कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरुण एक्का, नपा कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, सिटी मैनेजर रोहित डेविड गुड़िया, रंजित सिंह, नगर मिशन प्रबंधक पिंकी सिन्हा, सहायक अभियंता आनंद पाण्डे, कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### बालूमाथ में स्वास्थ्य आयुष मेला आज तैयारी पूरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में आज से दो दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य आयुष मेला का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने मेले की जानकारी देते हुए बताया कि सुदूर इलाके के ग्रामीणों के लिए राज्य सरकार के द्वारा दो दिवसीय स्वास्थ्य आयुष मेला का आयोजन किया गया है इस मेले में ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाएगी उपचार किया जाएगा और मुफ्त में दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी,उन्होंने आम ग्रामीणों से इस मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार,चिकित्सक सुरेश राम सति अन्य मौजूद रहेंगे।

### जेएमएम की बैठक में संगठन मजबूती पर दिया बल

**गिद्धौर (चतरा)।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु में हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखलाल सिंह भोक्ता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने किया। सर्वप्रथम सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें करीब दो दर्जन महिला व पुरुषों ने जेएमएम की सदस्यता ग्रहण किया। वहीं बैठक में संगठन मजबूत का निर्णय लिया गया। जबकि हेमंत सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। बताया गया कि सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन, सरकारी कर्मियों का पेंशन लागू करने के साथ झारखंडयों की पहचान 1932 खतियान की स्वीकृति, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, सहायक पुलिस कर्मियों के सेवा में अवधि विस्तार, आंगनबाड़ी सेविका सहायका के मानदेय में वृद्धि किया गया।

विधायक ने महुआडांड़ में 35 योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

## विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ ।** लोकप्रिय मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह सोमवार को विधायक योजनामद अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड के संत मिखाइल स्कूल में चबूतरा शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर मे चबूतरा निर्माण, जामिया, गौसिया, मदीना तीनो मदरसा परिसर में भवन निर्माण का शिलान्यास फीता काट एवं नारियल फोड़ कर किया। साथ ही संत मिखाइल स्कूल में विद्यालय के छात्रो ने विधायक का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। वही महुआडांड़ के दुर्गा बाड़ी परिसर में स्टेज शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर में चबूतरा निर्माण एवं अक्सी ग्राम के जामून पेड़ से कब्रिस्तान तक, लुरगुमी खुर्द कब्रिस्तान से पति तूरी के घर तक, गांव बराही से अलकसयुस पन्ना के घर तक, गांव



अम्वाटोली में मजीद के घर से बिहारी जयसवाल के घर तक, महुआडांड़ बाजार स्थित आजाद मार्केट से समीम किराना दूकान तक एवं समीम किराना दूकान से डीपाटोली चौक तक व उमेश के घर तक और हबलू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण समेत लगभग ढेड़ करोड़ की लागत से प्रखंड के विभिन्न गांव में कुल 35 योजनाओ का शिलान्यास किया। विधायक श्री सिंह ने कहां कि विधान सभा क्षेत्र में आने वाले समय में योजनाएं और भी आयेगीं, सड़क, भवन, नाली समेत जन विकास की योजनाओ को प्रथमिकता दिया जाएगा। मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी अशुतोष यादव, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया प्रमिला मिंज, उषा खलखो, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी इस्तखार अहमद, रामनरेश ठाकुर, अजित पाल कुजुर, रानू खान, बसारत अली, तनवीर अहमद, नुरूल अंसारी, मुजाहिद, शहीद खान समेत कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खुरा पंचायत के आधार केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड के खुरा पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र बंद रहने से पंचायत के आधार कार्ड बनाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी खुरा पंचायत के सभी गांव के लोगों को आधार केंद्र में आधार कार्ड सुधारने , नया आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में कुछ दिनों पूर्व आधार केंद्र का शुभारंभ किया गया था लेकिन पंचायत सचिवालय में खोले गए आधार केंद्र का आधिकांश समय बंद रहने से दूरदराज से आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय पहुंचने वाले लोगों को निराशा हाथ लग रही है। बुधवार को पंचायत के उत्तम कुमार सिंह,करिश्मा कुमारी,सानवी कुमारी,आराध्या कुमारी,संगीता देवी,आरती देवी समेत अन्य लोग खुरा पंचायत सचिवालय में आधार कार्ड सुधारने व नया आधार कार्ड बनाने पहुंचे हुए थे लेकिन काफी देर तक बैठने के बाद भी ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। पंचायत सचिवालय में बनाए गए आधार केंद्र पूरे दिन नहीं खुला,जिससे सभी ग्रामीणों को बेरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पंचायत सचिवालय में बनाए गए आधार केंद्र को नियमित खोलने की मांग किया है। जिससे आधार आधार केंद्र का लाभ केंद्र का लाभ सभी ग्रामीणों को नियमित रूप से मिल सके।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, दो शिक्षक अनुपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

**गारु।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बारेसांढ़ में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज यादव कि अध्यक्षता में शिक्षक , अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया. बैठक में स्कूल में नामांकित बच्चों के अभिभावक , शिक्षक व अध्यक्ष ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए अभिभावक कि भूमिका पर चर्चा किया गया। अभिभावक ने बैठक पर शिक्षक कि लापरवाही को बताया कि ज्यादातर शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते हैं और पहुंचते भी हैं। रूटीन के अनुसार पढ़ाते नहीं है। समय पर विद्यालय पहुंचे सभी शिक्षक और बच्चों को रूटीन के अनुसार पढ़ाएं। वहीं आज दो शिक्षक फिरोज अहमद इंग्लिश शिक्षक व कंप्यूटर शिक्षक रवि शर्मा बिना छुट्टी लिए ही अनुपस्थित पाए गए। इस पर अभिभावक व अध्यक्ष ने नाराजगी



व्यक्त कि उसके बाद प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने अनुपस्थित शिक्षकों कि हाजरी काटी। शिक्षकों ने भी अपनी समस्याए रखी। प्रयोगशाला, लाइब्रेरी समेत आवश्यक मुलभुत सुविधाओं कि कमी है। बावजूद हमलोग पूरी कोशिश कर रहे हैं। बच्चों पढ़ाई व विद्यालय कि बेहतरी के लिए गाँव के अभिभावक से सहयोग व सुझाव देने कि अपील की। मौके पर सचिन कुमार, अनूप बीरेंद्र टोप्पो, जेंडर किसपोटा, ब्रजमोहन उराव, अमीन रहबर, सचिन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत 27 पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

अजय सिन्हा /हरिओम

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र बेंदी गांव के बूढ़ा सखुआ लकरदेगवा डैम के पास 22 नवंबर को पुलिस एवं जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत 27 उग्रवादियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि जेजेएमपी के सुप्रीमो कोने निवासी पप्पू लोहरा, लुन्दी निवासी लवलेश गंझू, मनिका के मनधनिया निवासी मृतक सन्नी राम, पल्हैया निवासी मृतक मनोज राम उर्फ मनोज जी, बंदुआ हेरहंज निवासी मृतक शिवनाथ लोहरा, पांकी मतली निवासी गणेश लोहरा, लातेहार गोदना निवासी शिव सिंह, लातेहार भैंसमारा निवासी शिवराज सिंह, लातेहार लेधपा निवासी रघुनाथ सिंह उर्फ रघु जी, मनिका मनधनिया निवासी दीपक उरांव, मनिका पुरानी पल्हैया निवासी रवि राम उर्फ मुकेश राम उर्फ आजाद उर्फ कल्लू, छिपादोहर अमवाटिकर निवासी मनोहर परहिया, पांकी आसेहर निवासी अखिलेश यादव, लातेहार तुपु सिमरिया निवासी जितेंद्र सिंह, लातेहार बारीडीह निवासी मिथुन लोहरा,लोहरदगा जिले के रूबेद गांव निवासी फिरोज अंसारी, लातेहार बिनगाड़ा निवासी रामदेव लोहरा उर्फ काला उर्फ बालक, बालूमाथ लक्ष्मीपुर निवासी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी, मनिका के अमरडीह निवासी सुरेंद्र राम उर्फ सुमन जी उर्फ तुलसी गंझू, मनिका तेतरखाड़ निवासी अभिमन्यु जी, लातेहार बारीडीह निवासी विकास यादव, दिनेश यादव, प्रदीप उरांव, सुजीत उरांव, माठू उरांव, सकेन्द्र उरांव के ऊपर आर्म्स एक्ट व 16 यूएपीए 17 सीएलएक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी और चेतर स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के साइट पर नक्सली हमले के बाद काम में लगे ज्यादातर मजदूर पलायन कर गये हैं। निर्माण कार्य रुक गया है और साइट सुनसान पड़ा हुआ। इधर, चंदवा थाने में घटना को लेकर अज्ञात नक्सलियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस बीच पलामू डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल सहित आसपास के इलाकों का जायजा लिया। वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली और पूछताछ की। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी चंदवा बबलू कुमार सहित सशस्त्र बल मौजूद थे। मौके पर डीआईजी ने कहा कि किसी भी सूरत में अपराधियों व नक्सलियों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। कानून अपना काम करेगा। संवेदक को हर संभव सहयोग किया जायेगा। घटना की प्राथमिकी चंदवा थाने में 135/22 के तहत दर्ज की गयी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि भाकपा माओवादियों ने घटना को अंजाम दिया है। 10-15 अज्ञात माओवादियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगता में लातेहार जिले के प्रतिनिधित्व कर रहे हैं बरवाडीह प्रखंड के 7 कराटे खिलाड़ियों ने पदक जीतकर लातेहार जिले को गौरवान्वित किया है। सेंसेई मदन लाल, मैनेजर सगीता टोप्पो के नेतृत्व में पदक जीतकर वापस लौटे खिलाड़ियों का प्रखंड मुख्यालय में जिला कराटे सचिव जंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। वही प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मे पदक जीतने वालों 50 किलो वर्ग में सूर्यदेव सिंह गोल्ड मेडल ,रंजन सिंह सिल्वर मेडल, रंजन गोल्ड मेडल, 45 किलो वर्ग में भूपेंद्र सिंह ब्राउन मेडल, रितेश कुमार सिंह ब्राउन मेडल, रामचलन सिंह ब्राउन मेडल जीता है। इसके अलावा 45



किलो बालिका वर्ग में सुमन कुमारी किस्पोटा ने ब्रांज मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को जिप सदस्य सन्तोषी शेखर के हाथों एक सादे समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद जिप सदस्य के द्वारा उन्हें बेहतर खेल और पदक जीतने के लिए बधाई देने के साथ-साथ उनके खेल को और निखारने में जिला प्रशासन के माध्यम से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

## न्यूज गैलरी

### बालू माफिया खुलेआम निकाल रहे नदियों से बालू, प्रशासन और खनन विभाग मौन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ देवनदी में लगातार इन दिनों बालू माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं लगातार सुबह होते ही नदियों पर ट्रैक्टर में बालू का उठाव कर रहे हैं जिससे कि सरकार का राजस्व नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो बालू का उठाव करने के साथ ही उसे महंगे दामों पर निर्माण कार्य के लिए भेजा जा रहा है और बालू माफिया लगातार इस काम को अंजाम देने लेकिन प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण बालू का कारोबार करने वाले बेझिझक बिना किसी डर के खुलेआम 24 घंटे बालू का उठाव कर रहे हैं। सरकार अभी तक नदी घाटों का बंदोबस्ती नहीं किया है ऐसे में सरकार का राजस्व का नुकसान हो रहा है। इधर इस मामले में जिला खनन विभाग भी कहीं-कहीं पर कार्रवाई करती है लेकिन खनन विभाग की लापरवाही के कारण एवं प्रशासन के नजरों के सामने खुलेआम बालू का कारोबार हो रहा है लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले में भी मौन साधे हुए हैं जिसका खामियाजा यह है कि बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

### मंत्री रामेश्वर उरांव के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**भंडरा/ लोहरदगा।** विगत दो सप्ताह पूर्व ब्लॉक परिषर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी सूचना मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा दिया गया था। मंत्री जी के पहल पर ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा फीता काट कर किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अमित कुमार, शंकर भगत, स्वास्थ्य कर्मी कुलदीप भगत, प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पुतरीटोली में ट्रेलर हुआ दुर्घटनाग्रस्त कोई हताहत नहीं



**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची सिमडेगा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह पुतरीटोली मोड़ के समीप तीव्र गति से सिमडेगा की ओर से रांची की ओर जा रही ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। ट्रेलर के एक पेड़ से टकराने के बाद ट्रेलर में लदा समान सड़क पर बिखर गए जिससे वहां आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गयी। घटना की सूचना वहां के ग्रामीणों के द्वारा कोलेबिरा पुलिस को दी गई जिसके बाद कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल जाकर दुर्घटनाग्रस्त टेलर को अपने कब्जे में ले लिया एवं सड़क पर बिखरे सामान को सड़क के किनारे कराया जिसके बाद जाम में फंसे वाहनों को वहां से निकलवाया।

### एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया

**कैरो/लोहरदगा।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांजा (मादक पदार्थ) के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके दुकान में ही अवैध गांजा के साथ नगजुआ निवासी छेदी अंसारी के पुत्र जसीम अंसारी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 51/22 धारा 20 (बी) ( 11) (बी)/ 22 एनडीपीएस एक्ट नारकोटी के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। पकड़ा गया व्यक्ति के पास 45 ग्राम गांजा 24 पुड़िया में व 7 पीस चिलम बरामद किया।थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार आरोपित को पकड़ा गया था, तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध सामानों की बरामदगी हुआ।इस अभियान में एसडीपीओ बीएन सिंह,सीओ कमलेश उरांव,इंस्पेक्टर मंटू कुमार,थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह,देवनाथ मरांडी के साथ थाना के दलबल मौजूद थे।

# युवती हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

## प्रेम प्रसंग में हुई थी हत्या, पहचान छुपाने के लिए जलाया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खखपरता इलाके में 22 नवंबर को मिले अज्ञात युवती का शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने हत्यारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया इसका खुलासा करते हुए बताया कि परिजनों ने अज्ञात युवती की शव की पहचान मनीषा बड़ा के रूप में की थी जिसके बाद प्रेमी दीपनारायण सिंह उर्फ चरकू पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को लोहरदगा के रामपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमे युवक द्वारा हत्या तथा पहचान छुपाने के लिए युवती के चेहरे को जलाने की बात स्वीकार की गई। दोनों में 3 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में आपसी विवाद के कारण युवक ने हत्या की घटना को दिया अंजाम। युवक के पास मृतक युवती मनीषा बड़ा का शैक्षणिक प्रमाण पत्र मिले। मृतक युवती मनीषा बड़ा 22 वर्ष गुमला जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वही हत्यारा प्रेमी की पहचान लोहरदगा जिले के रामपुर गांव का दीपनारायण सिंह 30 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी युवक दीपनारायण सिंह का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है लोहरदगा थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई मामले है दर्ज।

■ दोनों में तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में आपसी विवाद के कारण युवक ने हत्या की घटना को दिया अंजाम



एसपी ने बताया कि लोहरदगा थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ करायी थी। अनुसंधान के क्रम में युवती की पहचान उनके परिजनों के द्वारा की गयी।अभियुक्त के पास से एक एण्ड्राइड मोबाइल, एक सैमसंग कंपनी का की-बोर्ड मोबाइल, मृतिका का शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात, एक काला रंग का बैंग, अभियुक्त द्वारा प्रयुक्त पल्सर-200 मोटरसाइकिल नं0-जेएच08एच 6278 बरामद किया गया है। छापामारी टीम में पु०अ०नि० पंकज कुमार शर्मा, प्रभार प्रभारी, लोहरदगा थाना, पु०अ०नि० अभिनव कुमार, थाना प्रभारी कुडू थाना, पु०अ०नि० सन्नी कुमार, थाना प्रभारी, किस्को थाना, पु०अ०नि० अर्पना कुमारी, लोहरदगा थाना, स०अ०नि० अरविन्द कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना, चालक आरक्षी - 712 निर्मल कुमार सिंह शामिल थे। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने पाकरटांड थाना का किया निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने शुक्रवार को पाकरटांड का निरीक्षण किया इस दौरान सर्वप्रथम थाना पहुंचते ही पुलिस जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देखकर उनका स्वागत किया जिसके बाद एसपी द्वारा थाना में बैठकर सभी पंजी एवं कागजातों की विस्तार पूर्वक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने लंबित मामले की जल्द से जल्द निष्पादन करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए साथ ही क्षेत्र में अपराधिक गतिविधि ना हो इसके लिए लगातार सघन वाहन जांच अभियान जंगली क्षेत्रों में एलआरपी अभियान के अलावा पुलिस पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करते हुए लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुणे साप्ताहिक हाट बाजारों में व्यापारियों को सुरक्षा देने के लिए लगातार निगरानी रखने की बात कही ताकि बाजार में व्यापार करने आने वाले व्यवसायियों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से नष्ट करें ताकि शराब के कारोबार ना हो। इस मौके पर वहां के स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधियों से बैठक करते हुए पुलिस किए जा रहे कार्य एवं साइबर अपराध सहित सभी प्रकार की छोटी-बड़ी बिंदुओं पर चर्चा किया था चरण का किया क्षेत्र जंगली होने के नाते यहां पर मानव तस्कर सक्रिय रूप से यहां के भोली-भाली बच्चियों को बाहर ले जाकर बेच देते हैं और ऐसे में जो के साथ शोषण होता है इसलिए सभी अभिभावक और आसपास के जनप्रतिनिधि इस सब चीजों को विशेष ध्यान रखें ताकि क्षेत्र में मानव तस्करी ना हो। पर थाना प्रभारी अमित कुमार राय सब इंस्पेक्टर हेमकिशोर गुप्ता सहित थाना के पुलिस बल उपस्थित रहे।

## भेड़िकुदर के समीप कार व स्कॉर्पियो में सीधी टक्कर, पांच लोग हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा-रांची मुख्य मार्ग भेड़ीकुदर के समीप शुक्रवार की सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां पर तेज रफ्तार से जा रही स्कॉर्पियो और कार में सीधी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार रही कि मौके से गुजर रहे एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसमें कुल 5 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए बीरू स्थित शांति भवन मेडिकल सेंटर ले जाया गया। जहां पर उनकी स्थिति को देखते हुए 2 लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टुकूपानी बांसटोली निवासी विद्या बड़ाईक अपने स्कॉर्पियो में सिमडेगा से बख्तियारपुर बारात लेकर जा रहे थे। जिसमें भाजयुमो के कुणाल सिंह सहित अन्य लोग भी बैठे हुए थे। इसी दौरान बीरू भेड़िकूदर के समीप रांची से एक दंपति सिमडेगा की ओर आ रहे थे। उनसे ओवरटेक करने के दौरान दुर्घटना हुई और टक्कर हो गई। बाद में वहीं पर भेड़िकुदर निवासी गुलाब नायक जो लकड़ी बेचकर सिमडेगा से आ रहा था उसे भी चपेट में ले लिया जिसकी साईकिल पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और मौके पर गुलाब नायक भी घायल हो गए। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जोरदार थी कि 2-3 पलटी मारते हुए सड़क की दूसरी ओर चली गई। जबकि छोटी कार भी पलटते हुए सड़क के दूसरी ओर से रगड़ाते हुए कुछ दूर जाकर रुक गई। घटना में विद्या बड़ाईक के माथे में गंभीर चोट आई जबकि कुणाल सिंह के कंधे घुटने में चोट लगी। वहीं कार में बैठे पति पत्नी को भी चोट लगी हालांकि कार में बैठी छोटी बच्ची को चोट नहीं लगी वह सुरक्षित है।

## मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की हुई समीक्षा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित जनजाति के 12, अनुसूचित जाति के 03 और पिछड़ी जाति के 20 मामलों की समीक्षा हुई। सर्वसम्मति से लाभुकों को अनुदान की राशि से लाभान्वित किये जाने की सहमति प्रदान की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल समेत सदस्य उपस्थित थे।

महिलाओं के खिलाफ लोहरदगा में राष्ट्रीय जेंडर अभियान की हुई शुरूआत

## कुडू के तीन जस्टिस सेंटर सहित देश के 160 केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुक्रवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जेंडर अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज गिरिराज सिंह के कर कमलों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर महिला हिंसा के खिलाफ कार्य करने व जागरूकता प्रदान करने के लिए लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के 3 आजीविका न्याय सलाह केंद्र (जस्टिस सेंटर) सहित देश के 160 ऐसे केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र जेएसएलपीएस से जुडी महिला संगठनो द्वारा संचालित किया जाएगा। केंद्र का प्रमुख उद्देश्य महिला हिंसा की रोकथाम करना, पीड़ित महिलाओं एंव लडकियों को सरकारी तंत्रों के सहयोग से न्याय दिलाना सहयोग दिलाना एवं समाज में महिला हिंसा एंव जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर कुडू प्रखंड में तीन जेंडर जस्टिस सेंटर, निर्मल धारा आजीविका न्याय सलाह केंद्र पंडरा, चुल्हापनी आजीविका न्याय सलाह केंद्र जिमा एवं कोयल झरना आजीविका न्याय सलाह केंद्र कुडू में उद्घाटन किया गया। यह राष्ट्रीय जेंडर अभियान का एक हिस्सा है। इस अभियान का समापन विश्व एकजुटता दिवस 20 दिसम्बर को औपचारिक रूप से कर दिया जायेगा। यह अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जायेगा। इस अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए सरकार के जो अनेको विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है जो महीने भर चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडो में किये जाने वाले गतिविधियों में सहयोग एंव अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कुडू में आयोजित आज के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन, उप निरीक्षक कुडू थाना जोस्फिना हेम्ब्रम, जिला प्रबंधक सामाजिक विनोद होरो, जिला प्रबंधक मानव संसाधन रोहित कुमार, प्रखंड समन्वयक दीपक गुप्ता सहित सभी जेएसएलपीएस कुडू प्रखंड कर्मचारी उपस्थित थे।




## 'समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनवायरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम' के तहत एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के पत्रांक 1092 दिनांक 23.11.2022 के निदेश के आलोक में शुक्रवार को रामजीवन नायक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में 'समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनवायरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम' के तहत प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों और चिन्हित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के माता-पिता का एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी, लोहरदगा में किया गया। इस कार्यशाला में तकनीकी सहायक धीरज पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे विशेष बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दे सके। जिसमें इन सबों की भागीदारी आवश्यक है। रिसोर्स शिक्षिका शीलवंती मिंज ने भी सभी उपस्थित माता पिता, अभिभावकों को स्काउट भत्ता, दिव्यांग बच्चों के विशेष देखभाल आदि की जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा ने सभी को संवेदनशील होने की जानकारी दी। इन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे विशेष बच्चे हैं जो हम सभी के अभिन्न अंग है। इन्हें भी सामान्य बच्चों की भांति सभी अधिकारी दिया गया है।

## महिला व बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू मे सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया जंहा पे इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उन्में जागरूकता आए ताकि जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा हो तो वे उनका विरोध करें और जब विरोध करेंगे तब ही महिलाओं में होने वाली हिंसा कम होगी साथ ही साथ रैली में लड़के भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभाएंगे, सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लोहरदगा के विभिन्न ब्लॉक में चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता रैली एवं गांव में लड़को, लड़कियों एवं महिलाओ के साथ समूह बैठक किया जाएगा ताकि समाज में रहने वाले सभी लोगों में यह जागरूकता आये और वह किसी महिला या किशोरी पर किसी भी तरह का हिंसा ना करें और ना होने दें। इस कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी, केजीविभि कुडू के शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यकर्ता पवन कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह सहित लगभग 300 किशोर किशोरियों एवं महिलाएं ने अहम भूमिका निभाई।




## विद्यालय की दयनीय स्थिति पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 के राजकीय मध्य विद्यालय पावरगंज की दयनीय स्थिति को लेकर वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने उपायुक्त महोदय को पत्र लिखते हुए दयनीय स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में पार्षद ने कहा कि विद्यालय के कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं, जिसके कारण तीन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को एक ही कमरे में पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में पेयजल, रनिंग वाटर हैंड वॉश यूनिट, नये कमरे, दरवाजे, खिड़की, मेन गेट, बिजली की वायरिंग, पंखे, रंग रोगन और पहले तल्ले में रेलिंग की आवश्यकता है, रेलिंग नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना है.और विद्यालय मुख्य सड़क पर स्थित है इसलिए मेन गेट के सामने दो रोड ब्रेकर और एक बोर्ड की भी आवश्यकता है क्योंकि विद्यालय अवधि के पश्चात छात्र-छात्राएं सीधे मेन गेट से मुख्य सड़क पर ही निकलते हैं इससे भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय को यह भी लिखा इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा विभाग को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय से मांग की हैं कि शीघ्र ध्यान देते हुए इन कार्यो को कराने की कृपा की जाए ताकि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न पहुंचे।




सिकरियाटांड स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन, बीडीओ ने कहा-

# अभिभावक बच्चों पर ध्यान देकर प्रत्येक दिन भेजे स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** प्रखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकरियाटांड मे शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्ति कुंज एवं प्रथम एजुकेशन के सदस्य सहित 173 बच्चो के माता-पिता ने भाग लिया। सर्वप्रथम आये हुये माता-पिता का स्वागत विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा बनाये गये ग्लोबल वार्मिंग पर मोड्यूल के बारे मे वर्ग दशम की छात्रा ने माता-पिता को बतलाया एवं मिट्टी के उपजाऊ न होने का कारण एवं वातावरण के प्रदूषित होने के बारे मे भी बतलाया। शिक्षिका सालिमा कुल्लू ने विद्यार्थियों के लिए चल रहे व्यवसायिक शिक्षा के बारे मे तथा विद्यालय मे चल रहे स्मार्ट क्लास तथा कंप्यूटर शिक्षा के बारे मे भी विस्तृत से बतलाया। शिक्षक प्रमोद लकड़ा ने विद्यालय मे बच्चों के नामांकन, उपस्थिति तथा कुछ बच्चों का बहुत दिनो तक वर्ग से अनुपस्थित रहने के बारे मे नाम सहित जानकारी दी ।उन्होंने एक बहुत ही शिक्षाप्रद गीत गाकर माता-पिताजी से आग्रह किया कि बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन जरूर भेजें। उसके बाद विद्यालय मे प्रत्येक वर्ग के बच्चे जो प्रतिदिन विद्यालय आते हैं उनके माता-पिता को गुलदस्ता देक प्रखंड विकाश पदाधिकारी, प्रथम एजुकेशन के संस्थान के पदाधिकारी तथा प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह के हाथों सम्मानित किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की शिक्षा एक अमूल्य उपहार है और हर बच्चे बच्चे का एक गहना है आभूषण है इसे हर माता-पिता को समझना चाहिए तथा सभी बच्चों को हर हालत में विद्यालय में नामांकन कराना चाहिए और उनको उपस्थिति भी प्रतिदिन होनी चाहिए साथ ही साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा अभी मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य अभी चल रहा है वैसे नौजवान जिनका उम्र 17 अधिक हो गया है वह फॉर्म 6 बीएलओ के पास भरकर जरूर दें ताकि 18 वर्ष होते ही उनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो जाए उन्होंने यह भी कहा अगर आपका नाम गलत है या पहचान पत्र में आपकी उम्र गलत है लिंग गलत है उसके लिए फॉर्म भरकर सुधार करवा ले प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय परिवार को भी धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में माता पिता के साथ शिशु की बैठक अति आवश्यक है इससे माता-पिता में जागरुकता आएगी तथा बच्चे नहीं विद्यालय प्रतिदिन आएंगेअंत में विद्यालय प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह ने सभी माता-पिता से एवं अभिभावकों से आह्वान किया उनका साथ दें, ताकि राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरियाडांड का नाम शिक्षा के क्षेत्र में गौरव से लिया जा सके। खेल के क्षेत्र में भी हमारे बच्चों ने पूरे प्रखंड में परचम लहराते हुए चलो झारखंड प्रतियोगिता में 27 पदक लाने का काम किया। उन्होंने उपस्थिति के बारे में बोला जबसे हुए विद्यालय के चार्ज लिए हर संभव प्रयास विद्यालय की उपस्थिति बढ़ाने में लगे हुए हैं। हमारे विद्यालय में कुल 349 विद्यालय बच्चे नामांकित है, जिसमें आज 285 बच्चे उपस्थित हैं। परंतु दुख भी जताया कि कुछ ऐसे भी बच्चे हैं जो महीना में 2 से 4 दिन विद्यालय आ रहे हैं। उनके माता-पिता से उन्होंने कहा अगर बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाना चाहते हैं तो अपने बच्चों की स्कूल जरूर भेजें। मौके पर अभिभावक के अलावा स्कूली बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय नवीन मेल में छपे खबर का हुआ असर

## डीसी के निर्देश पर श्रम विभाग व बाल संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने जलडेगा में चल रहे निर्माण कार्य का लिया जायजा





गार्डवाल निर्माण में हो रही है बाल मजदूरी

मुंशी ने कहा ठेकेदार जाने, हमको नियम कानून नहीं पता

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा के चिक टोली में बन रहे गार्डवाल में ठेकेदार और मुंशी द्वारा 14 वर्ष से कम उम्र की एक नाबालिक लड़की से मजदूरी कराने का मामला शुक्रवार को 'राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार' में प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। सिमडेगा डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना राम, जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा के अंकित कुमार, सोनी स्वेता कुमारी कार्यस्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के क्रम में मुंसी सतेंद्र यादव ने स्वीकार किया कि बच्ची से काम कराया गया था एवं उसे 250 रू प्रतिदिन की दर से मजदूरी का भुगतान किया गया था हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद बच्ची को काम नही करने दिया गया। श्रम अधीक्षक के समक्ष बच्ची का बयान दर्ज किया गया वहीं मौके पर कार्यरत मजदूरों एवं मुंसी का बयान भी लिया गया। श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज द्वारा जांच के लिए काम करा रहे ठेकेदार से लेबर लाइसेंस एवं योजना से संबंधित दस्तावेज की मांग भी की गई। इस संबंध में पूछने पर श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि मौके पर लिए गए बयानों के आधार पर यह पाया गया है कि बच्ची से काम कराया गया था जिसे मुंसी ने भी स्वीकार किया है सभी बयानों एवं तथ्यों के जांच करने के उपरांत विभागीय करवाई की जाएगी।

## सरकार तेज की हिस्सेदारी बेच सकती है

**नई दिल्ली।** केन्द्र की मोदी सरकार कोल इंडिया समेत कई कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेच सकती है। करीब पांच लिस्टेड कंपनियों की लिस्ट तैयार हो रही है, जिनमें सरकार अपनी छोटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, शेयर बाजार में उछाल और वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में रेवेन्यू बढ़ाने के लिए कोल इंडिया और हिन्दुस्तान जिंक समेत सरकारी कंपनियों में छोटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है। सूत्रों के हवाले से ब्लूमबर्ग के लिखा है कि सरकार कोल इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में ऑफर-फॉर-सेल के जरिए 5% -10% हिस्सेदारी बेचना चाह रही है।

## नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 29 को गुरुग्राम में

**गुरुग्राम।** शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको)ने 29 नवंबर को यहां नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट-2022 और क्रेता-बिक्रेता सम्मेलन की मेजबानी करने की घोषणा की है। नारेडको ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस कार्यक्रम में नीति निमार्ता, सरकारी अधिकारी, डेवलपर्स, निवेशक और प्रोफेशनल सेवाएं देने वाले और अन्य संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख लोग अपने विचार रखेंगे। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, राजनेता, जाने माने डेवलपर्स भी शामिल होंगे। हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में है और जीडीपी में लगभग 3.5 प्रतिशत योगदान देता है। नारेडको ने कहा है कि राज्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में कई सारे अवसर मिल सकते हैं। बयान में कहा गया है कि अकेले एनसीआर के हरियाणा उपक्षेत्र के 13 जिलों में 28-30 प्रतिशत तक आवसीय सुविधा की कमी है। गुरुग्राम आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स में शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं।

---

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,गढ़वा

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु सूचना**

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खुदरा उत्पाद नियमावली 2022 के कंडिका 32(i) एवं विभागीय पत्रांक–1419(अनु0) दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून(बडा/छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक 25.11.2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | 05.12.2022, पूर्वा0 04:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 07.12.2022 प्रातः 11:30 बजे |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा से संपर्क किया जा सकता है एवं https://garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोटः–उक्त निविदा अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, गढ़वा (जिला समाहरणालय, गढ़वा) में खोली जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 283492 Excise(22-23).D

---

### कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिले में,केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना(PMKSY) DRIP(बूंद–बूंद) एवं मिनी स्प्रीन्कलर सिंचाई प्रणाली किसानों के खेतोंमें 80 से 90 प्रतिशत अनुदान पर स्थापित किया जाना है। इस पद्धति से कम पानी में अधिक क्षेत्रों में सिंचाई किया जाता ळें इस से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है तथा उत्पादन लागत में कमी आती है। इस योजना का लाभ लेने हेतु अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बी0टी0एम0, ए0टी0एम0 एवं जनसेवक से सर्म्पक किया जा सकता है। ड्रीप बूंद–बूंद एवं मिनीस्प्रीन्कलर सिंचाई प्रणाली अधिष्ठापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा जिले में निम्नलिखित कम्पनियों को सूचिबद्ध किया गया है जो निम्नवत है :–

1. मे0 बाल सनपॉलीप्लास्टीक प्रा0लि0 मो0नं0 7631080935
2. मे0 वेदान्तापॉलीमर्ग प्रा0लि0, मो0नं0 8851719200
3. मे0 उन्नति एग्रीकल्चर प्रा0लि0, मो0नं0 7903676529

किसान बन्धु उपरोक्त कम्पनी के प्रतिनिधि से दियेगये नं0 पर सर्म्पक कर अपने खेतों में उक्त प्रणाली का अधिष्ठापन करवा सकत है।

"सिंचाई की सूक्ष्म पद्धति अपनाएँ, पानी बचत के साथ अधिक उपजपाएँ"

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 283371 (Agriculture) 22-23 (D)

---

### अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, लातेहार
### खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु सूचना

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उत्पाद (JSBCL के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 की कंडिका 32 (i) एवं विभागीय पत्रांक 1419 (अनु0) दिनांक 11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत JSBCL के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (बड़ा/छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक, उत्पाद लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक 26.11.2022 (कार्यालय अवधि में) |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक, उत्पाद लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07.12.2022 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि। | दिनांक 08.12.2022 प्रातः 11:30 बजे से |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्ते, समर्पित किए जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में संपर्क किया जा सकता है तथा जिला वेबसाइट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोट :– उक्त निविदा अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार (स्थान – श्रम भवन, करकट, लातेहार) में खोली जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद,
लातेहार

PR 283356 Excise(22-23).D

---

### जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**मत्स्य पालकों के लिए आवश्यक सूचना का प्रकाशन**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के आदेश के आलोक में लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना ''प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना'' की शुरूआत की गई है। यह नीली कांति के माध्यम से नीली कांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृखला का आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एवं मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागू प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मुख अर्थात व्यक्तिगत / समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी, जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2022 तक कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक जनित कार्यक्रमों की सूची निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख में) | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित 40%) (लाख में) | अ0ज0जा0/ अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित 60% (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन/पंगेषियष एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 04.00 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4.0 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 आंगुलिकायें प्रति हे0 (3.00 लाख/1.00 अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | @Rs.03/ Fingerling | @Rs1.20/ Fingerling | @Rs.1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई(ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों में ब्रूड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion Of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 अैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 मी0$^3$ क्षमता का 1 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 19 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 |
| 20 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लॉट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 28 | ईन्सुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 29 | आईस बॉक्स युक्त मोटर साईकल, | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकल, | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ 3 पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 32 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 33 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 34 | मध्यम फिश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 35 | वृहत फिश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 36 | फिश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहति) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 38 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारित मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report)/SCP (Self Contained Proposal) पर आधरित | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing labs (मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 42 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing Mobile labs/Clinics(मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 |
| 43 | Traditional Fishermen के लिए नाव (Replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 05.00 | 2.00 | 3.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवायें (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 |
| 46 | आर्थिक रुप से कमजोर पारंपरिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश–1500 रु0 + राज्यांश–1500 रु0 + लाभुक अंशदान–1500 रु0= 4500 रु प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बिमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |
| 48 लाभुक को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा। | | | | | |

वित्तीय वर्ष 2023–24 में उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने वाले इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2022 तक कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

नोट :– यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कारवाई की जा रही है। योजना के प्रशानिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नोटि्स बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहर

PR 283377 Fish (22-23)_D

---

### कार्यालय:- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
### जेलहाता रोड, डालटनगंज, पलामू

पत्रांक.................................. पलामू /दिनांक..............................................

**Walk In Interview**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रॉची के पत्रांक– 128 (MD) दिनांक– 15.01.2022 के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 06 अटल क्लिनिक के संचालन हेतू चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतू जिला स्तर पर निजी चिकित्सों को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्रमांक | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कांउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री। |
| 02 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी। ) |
| 03 | मानदेय | रू0 36400.00 (1400.0/प्रति दिन) |
| 04 | कार्य का समय | 08:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक या आपराह्न 04:00 बजे से अपराह्न 8:00 बजे तक। |
| 05 | Walk In Interview मे उपस्थित होने के लिए नियमितिकरण हेतू किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |

नोट :– सूचिबद्ध किये गये चिकित्सों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतू किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

इच्छुक उम्मीदवार **Walk In Interview** के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार पलामू में दिनांक 30.11.2022 को अपराह्न 12:30 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.283369 District(22-23):D

---

### कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

**अति अल्पकालीन इच्छा अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा जिला पलामू के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादको/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि जलाशयों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने तथा मत्स्य उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में तलाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जिले में अवस्थित छोटे–बड़े जलाशयों एवं विभिन्न प्रखण्डों में अधिष्ठापित होने वाले आर0एफ0एफ0 के जलक्षेत्र में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया जाना है। जिसमें अधोहस्ताक्षरी को भारतीय मेजर कार्प/ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं को आपूर्ति किया जाना है। जिसका लक्ष्य 16 (सोलह) लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का है एवं ग्रासकार्प अंगुलिकाओं का लक्ष्य 03लाख है।

इच्छुक स्थानीय/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का **आवेदन आमंत्रित दिनांक 03/12/2022 तक कार्यालय अवधि (10:00AM. To 05:00PM) में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।** आवेदक के पास संचित बीज का अवलोकन क्षेत्र प्रभारी से कराना अपेक्षित है। आवेदन के साथ संचित बीजों का फोटोग्राफ, बैंक खाता, आधार की छायाप्रति एवं सही संख्या में गुणवत्ता वाला बीज आपूर्ति हेतु शपथ प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबधित शर्ते निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ्य अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब मे मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण मत्स्य बीज की प्रजातिवार उपलब्धता, संख्या, साईज एवं पूर्ण पता मोबाईल नं0 के साथ कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच कराई जा सके।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादको को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अण्ड बीज आपूर्ति की गई है। उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
4. कार्यादेश के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति न किये जाने की स्थिति में निर्गत कार्यादेश रद् करते हुए अन्य मत्सय बीज उत्पादकों को आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत की जाएगी एवं इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी सक्षम पदाधिकारी होंगें तथा आवेदक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
5. आवेदन का फार्म कार्य दिवस को जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू से निःशुल्क प्राप्त किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 283364 (Fish) 22-23 (D)

---

### –ः कार्यालय ः–
### प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

**–ः आवश्यक सूचना ः–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 15.12.2022 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभ्युिक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/2021 | 25.02.2021 | प्रमोद कुमार यादव, नन्दकिशोर गंझू, सुरेन्द्र राणा | Sawari Van Reg. No.- JH-13F-5632 | करम चिरान 80 पीस, साल चिरान–20 पीस |
| 2 | 04/2021 | 26.02.2022 | अमरजीत सिंह | Tractor Reg. No. JH-19B-7496 | कच्चा जलावन–03 क्विंटल |
| 3 | 05/2021 | 26.02.2022 | सहेन्द्र कुमार दूबे | Tempu Reg. No. JH-03D-8703 | साल चौकठ–14 पीस |
| 4 | 06/2021 | 26.02.2022 | बिगन उरांव | Tempu Reg. No. JH-03M-6022 | साल चौकठ–15 पीस |
| 5 | 10/2021 | 27.03.2021 | इन्द्रदेव उरांव, शंकर भुईयां | Pickup Engine No. 6G81H45468 | चौकठ चिरान–54 पीस |
| 6 | 17/2021 | 28.09.2022 | गिरेन्द्र यादव, शिवप्रसाद यादव | Tractor Trolley | करम चिरान–80 पीस |
| 7 | 09/2022 | 11.03.2022 | मो0 वसीम | Tempu Reg. No. JH-01DQ-0874 | सखुआ कचरा–35 पीस |
| 8 | 13/2022 | 01.04.2022 | बलराम उरांव | Tractor Engine No. 0A5558591R4 | सेमर पटरा–396 पीस |
| 9 | 16/2022 | 09.04.2022 | ललन यादव, बब्लू यादव, अनिल कुमार | Tractor Engine No. IMG40053 Tractor Engine No. RFNB00114 Tractor Engine No.RENI02985 | कोयला–09 टन |
| 10 | 15/2022 | 02.04.2022 | कुन्दन कुमार | Truck Reg. No. JH-19B-4994 | कोयला–22 टन |
| 11 | 18/2022 | 10.05.2022 | राकेश यादव, नन्दकिशोर गंझू, अजय तुरी | Tractor Engine No. RJG2DBN9184 | सेमर चिरान पटरा–150 पीस |
| 12 | 20/2022 | 04.06.2022 | अर्जुन साव | Truck Reg. No. JH-19C-2376 | कोयला–24 टन |
| 13 | 22/2022 | 11.06.2022 | परमेश्वर साहु | Piagio Tempu | आसन पटरा–12 पीस |
| 14 | 24/2022 | 23.06.2022 | उमेश यादव | Tractor Reg. No. JH-19B-3573 | आसन बोटा–06 पीस, साल बोटा–01 पीस |
| 15 | 27/2022 | 04.08.2022 | कृष्णा यादव | Truck Reg. No. JH-02U-7802 | कोयला–24 टन |
| 16 | 29/2022 | 16.09.2022 | बिरू कुमार यादव | Tractor Reg. No. JH-19C-8334 | करम बल्ली–30 पीस |
| 17 | 30/2022 | 29.09.2022 | राहुल उरांव | Motorcycle Reg. No. JH-01AN-8468 | साल बोटा–06 पीस |
| 18 | 32/2022 | 29.09.2022 | उमेश यादव | Piagio Tempu | साल चौकठ चिरान–16 पीस |
| 19 | 35/2022 | 01.11.2022 | मुकेश कुमार | Truck Reg. No. JH-09AF-1522 | कोयला–25.020 मि0टन |
| 20 | 36/2022 | 01.11.2022 | शंकर भुईयां | ---- | साल चौकठ–20 पीस |
| 21 | 07/2022 | 11.03.2022 | जिबलाल साव | JCB Reg. No. JH-02AL-3491 | – |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.12.2022 को 03:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

PR 283379 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)#D

सम्पादक की कलम से...

## कहीं खुशी-कहीं गम

**झारखंड** में फिलहाल नगर निकाय चुनाव टल गया है। वहीं, अब चुनाव को लेकर नयी तारीखों के ऐलान पर फिलहाल सबकी नजर है। इस बीच भावी प्रत्याशियों में जहां मायूसी छा गयी है, वहीं वर्तमान में अपने पद पर पार्षदों को थोड़ा और मौका मिल गया है। जिससे साफ है कि चुनाव के टलने से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। बताते चलें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग रेस हो गया था। इसके बाद से ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था। वहीं, पोस्टर और सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गये थे। निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था। सभी अपने-अपने तरीके से लोगों को अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे थे। कई लोगों ने तो वार्ड में अपनी चौपाल लगाना शुरू कर दिया था, जिसमें वे लोगों की समस्याएं सुन उसे दूर करने का आश्वासन भी दे रहे थे। इस बीच पहले से जीते प्रत्याशियों की कमियां भी गिना रहे थे। हालांकि, पहले से जीते प्रत्याशी भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। पिछले दिनों ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी की बैठक हुई। जिसमें चर्चा की गयी कि निकाय चुनाव में नगर निकायों में अध्यक्ष या मेयर पर का पद एससी के लिए रिजर्व कर दिया गया है, जिससे कि सभी जिलों में एसटी का प्रतिनिधित्व घट जायेगा। साथ ही यह भी कहा गया कि उन्हें उम्मीद है कि निकाय चुनाव से पहले इसमें कुछ फेरबदल हो सकता है। जिससे कि निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद एससी की बजाय एसटी के लिए रिजर्व करने पर फिर से विचार किया जा सकता है। दूसरी ओर शुक्रवार को नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। प्रार्थी राजेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की है। याचिका में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद आरक्षण देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन राज्य में अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के लिए किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं सूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड में पांचवीं अनुसूची लागू है।

## आज का इतिहास

**1818 :** दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
**1824 :** प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म।
**1855 :** अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना।
**2001 :** मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
**2003 :** प्रसिद्ध फिल्मकार यश चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला।
**1871 :** ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ. एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म।
**1966 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1968 :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
**1974 :** नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
**1984 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
**1990 :** अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
**2008 :** हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
**2014 :** चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
**2014 :** अमेरिकी अभिनेता राल्फ वाइट का निधन।
**2015 :** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तुलसीराम का निधन।
**1742 :** मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फडणवीस का जन्म।
**1762 :** ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया।
**1771 :** गुस्ताव तृतीय स्वीडन के राजा बने।
**1809 :** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म।

# संविधान दिवस : अतुल्य विरासत को जारी रखने का संकल्प

**इ संविधान दिवस : अतुल्य विरासत को जारी रखने का संकल्प**

मानव सभ्यता का एक लंबा इतिहास रहा है जिसके दौरान अब तक असंख्य उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। एकजुटता की भावना, नैतिक निर्णय लेने की क्षमता, सत्ता समीकरणों की संतुलित स्थिति, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार, प्राचीन काल से लेकर अब तक चिंतन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। इंसानों ने, सामाजिक जीव होने के नाते अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अभिव्यक्त करने के लिए इस दिशा में हमेशा से प्रयास किए हैं। इसके दूसरी ओर विश्व के संविधानों ने आकांक्षाओं, संबंधित लक्ष्यों, वैयक्तिक और सामूहिक सामाजिक प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शकों की हैसयित से कार्य किया है। भारत लोकतंत्र की जननी है और यहां सांस्कृतिक विरासत की लंबी परंपरा रही है। 26 नवम्बर को मनाया जाने वाला संविधान दिवस अमृत काल में मनाए जाने के कारण विशेष महत्व रखता है।

मोदी सरकार ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। आज हम संविधान निर्माण की 73वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसके माध्यम से हम उन पूर्वजों को पूरी तरह से सम्मान देने का प्रयास कर रहे हैं जिन्होंने संबंधित मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी और जिसके आधार पर संविधान निर्माताओं को भावी पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिली थी। उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज कई देशों के संविधान विविध हितों और असंतुलित शक्ति समीकरण के आगे नतमस्तक हो गए हैं। तथापि, भारतीय संविधान समय की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरा है। यह पवित्र, सारगर्भित और जीवंत दस्तावेज भारत के लिए एक महान मार्गदर्शक है। सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन को अंगीकार करने के लिए इसमें निहित लचीलेपन की विशेषता एक सर्वोत्तम एवं आदर्श संवैधानिक आधार में परिणत हो गई है। संविधान के भीतर यह वाक्यांश कि "हम भारत के नागरिक" से यह सुस्पष्ट रूप से विदित होता है कि हमारे संविधान में नागरिकों के प्रति एक सतत केन्द्रीयता को प्रस्तावित पारिस्थितिकी के रूप में निर्धारित किया गया है। यह विकसित संस्थानों, शासन व्यवस्था और न्यायपालिका, विधायी व्यवस्था, कार्यपालिका, परिसंघवाद, स्थानीय सरकार और अन्य स्वतंत्र संस्थाओं की परिभाषित भूमिका से मिलता-जुलता है जिसके तहत व्यक्ति की निजता पर सामूहिक रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मिश्रण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जिनकी अभिव्यक्ति व्यापक राष्ट्र-निर्माण के लक्ष्य के तहत की गई है। केंद्र और राज्यों के मध्य विधायी शक्तियों का संविधान के अनुच्छेद 246 और 7वीं अनुसूची में स्पष्ट बँटवारा और अधिकारों व कर्तव्यों के मध्य समन्वय भारतीय संविधान को और महान बनाता है।

संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को समापन बहस के दौरान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से राजनीतिक समानता रखने के लिए विरोधाभासी जीवन में प्रवेश के बारे में टिप्पणी करते हुए असमानता के बारे में चेतावनी दी थी जिसमें सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी दृष्टिगत रखा गया। संविधान की शुरूआत करने के दौरान उन्होंने इस विषय पर चिंतन करना छोड़ दिया था कि ?हम कब तक इन अंतर्विरोधों का जीवन जीते रहेंगे?" अब राष्ट्र विस्मृत और यशवंचित स्वतंत्रता सेनानियों के मूल्यों को पहचाने के साथ स्वतंत्रता शती के अवसर पर आने वाले अमृत काल में राष्ट्र के विकास की अवसंरचना तैयार करते हुए हमें डॉ. अम्बेडकर के चिंतन-मनन के नजदीक ले जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार का दृष्टिकोण, उनके द्वारा निष्पादित कार्यकलाप और उनसे अर्जित निष्कर्षों का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में निहित विरोधाभास को समाप्त करना है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के परिप्रेक्ष्य में सरकार की पहल यह है कि राष्ट्र निर्माण संबंधी गतिविधियों में किसी को पीछे न रखा जाए और उसके माध्यम से ऐसी सारगर्भित एवं सुदृढ़ व्यवस्था को सामने रखा जाए जिनमें संवैधानिक मूल्यों का विशेष समावेश हो। व्यक्तिगत क्षमता को पहचानने के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास, ऊर्जा, शिक्षा, उद्योग, अंतरिक्ष और संस्कृति से लेकर बहुआयामी तरीके से हर क्षेत्र में कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। नीति और निष्पादन से जुड़ी कार्य पद्धति लोकतांत्रिक तरीके से समाज की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

> संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को समापन बहस के दौरान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से राजनीतिक समानता रखने के लिए विरोधाभासी जीवन में प्रवेश के बारे में टिप्पणी करते हुए असमानता के बारे में चेतावनी दी थी जिसमें सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी दृष्टिगत रखा गया। संविधान की शुरूआत करने के दौरान उन्होंने इस विषय पर चिंतन करना छोड़ दिया था कि हम कब तक इन अंतर्विरोधों का जीवन जीते रहेंगे?"

क्षेत्र-विशिष्ट योजनाओं पर आधारित दृष्टिकोणों का सामंजस्य और क्रियान्वयन जनता के जीवन को सहज बना रहा है। लोगों पर अनुपालन बोझ को कम करना, संतृप्ति स्तर के कार्यान्वयन लक्ष्यों के लिए प्रभावी योजना तैयार करना और परिणामस्वरूप मोदी सरकार के शासन में बेहतरी को प्रदर्शित करना इनका लक्ष्य है। मोदी शासन ने आम आदमी के विश्वास को बढ़ाया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता मोदी सरकार की संवैधानिक भावना के पालन का एक और स्पष्ट प्रमाण है।

अगले सप्ताह से जी-20 समूह में भारत की अध्यक्षता उन संवैधानिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक उपयुक्त अवसर है जिनकी गूंज संपूर्ण विश्व में है। भारत पहले ही विकासशील देशों के स्वर के रूप में उभरा है। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शासन में सुधार की आवश्यकता, सुधार किया हुआ बहुपक्षवाद, आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए जारी प्रयास और स्पष्ट दृष्टिकोण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संधारणीयता के उपायों में लाभ और जिम्मेदारी को समान रूप से साझा करना, चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में वैश्विक शांति के पक्ष में सतर्कतापूर्ण रुख, आवश्यकता-आधारित बहु-संरेखण, महामारी के कठिन समय के दौरान विकासशील देशों हेतु मानवीय पहल जैसे कि वैक्सीन मैत्री के माध्यम से सहायता प्रदान करना, संवैधानिक मूल्यों का अनुकरण करना है और वैश्विक हित के लिए प्रबल प्रयास है। एक बहुसांस्कृतिक समाज होने के नाते, भारत की 'विविधता में एकता' को अपनाने की स्वाभाविक क्षमता और अनोखा सामर्थ्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर विविध और परस्पर विरोधी विचारों पर आम सहमति कायम करने में सक्षम है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में वैश्विक विमर्श को आकार देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर एवं संवहनीय भविष्य के लिए लोकतांत्रिक बुनियादी बातों के आधार पर मजबूत संस्थानों का निर्माण करने की क्षमता मौजूद है। संविधान दिवस हमारे विचारों, दृष्टि और कार्यों में व्यक्तिगत और सामूहिक तरीके से संवैधानिक मूल्यों को समाहित करने हेतु विचार करने और उत्प्रेरक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए एक उपयुक्त क्षण है। यह हम पर अमिट प्रभाव छोड़ता है कि संविधान से निकलने वाले प्रभावशाली मूल्य और प्रस्तावित ज्ञान न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए मूल्यवान है। हमें उन मूल्यों की गंभीरता, ग्रंथों के भाव को समझना चाहिए, उन्हें आत्मसात करना चाहिए और उन्हें और अधिक बोधगम्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए। आइए उन विस्मृत और यशवंचित वीरों से जुड़ी अतुल्य विरासत को कायम रखने का संकल्प लें। एक गौरवान्वित नागरिक होने के नाते, दुनिया को फिर से दर्शाने का समय आ गया है कि 'हम, भारत के लोग..!!!'

**■ अर्जुन राम मेघवाल**
**केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद**

## थाली के बैगन

भजनखबरी उपचुनाव में नेताओं के लिए वोट बटोरने का नया धंधा चालू कर रखा है। अंतर केवल इतना है कि यह सब वह घर पर रहकर करता है। इससे पहले बाहर जाओ, धूप में पसीना बहाओ, पोस्टर चिपकाओ, इनकी-उनकी गाली खाओ की फजीहत थी। धन्यभाग्य की ऑनलाइन के चलते उसके माथे में प्रचार-प्रसार के नये विचार ठनके। अब वह घर पर रहकर ही सारी सृजनशीलता दिखा रखा है। मल्टी मीडिया के चलते सोशल मीडिया की सीढ़ी चढ़कर नेता जी को नये-नये आइडिया दे रहा है। बदले में अच्छी-खासी मोटी रकम वसूल रहा है। वह जिस नेता का प्रचार-प्रसार कर रहा था उनका नाम दयाराम था। सिर्फ नाम के दयाराम थे। पुलिस थाने में उनकी दया के किस्से चोर-डकैती, लूटपाट, खूनखराबा के रूप में दर्ज है। इसी दयाराम के ऊपर भजनखबरी ने छोटा-सा गीत लिख डाला - राम बोलो भाई राम बोलो - जय जय दयाराम बोलो। प्यार से बोलो भई जोर से बोलो - जय जय दयाराम बोलो। फूटा अंडा निशान है बोलो - जय जय दयाराम बोलो। चुनाव में यही बटन दबा दो - जय जय दयाराम बोलो। गीत सुनने के बाद दयाराम जी को लगा कि आरंभ की लाइनें शवयात्रा जैसी हैं। इस पर भजनखबरी ने स्पष्टीकरण देते हुए उवाचा - नेता जी आजकल लोग बड़े बदल गए हैं। वे पारंपरिक पद्धति के गीत नहीं सुन रहे हैं। उन्हें एकदम हटकर सुनना पसंद आता है। चूँकि गीत की आरंभिक पंक्तियाँ शवयात्रा सी लग रही है इसलिए यह गीत उन्हें बहुत पसंद आयेगा। यह सुन नेता जी बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कुछ नारे बना लाने के लिए कहा। नारे बनाने के चक्कर में भजनखबरी को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देखते-देखते यह काम भी कर डाला। पहला नारा बना झ वोट नहीं तो दया नहीं - आप पर राम की कृपा नहीं। दूसरा नारा बना - वोट दिया तो पुण्य मिलेगा, नहीं तो तुमको पाप लगेगा। तीसरा नारा बना - दया है तो मुमकिन है - राम के चलते रात और दिन है। इस तरह कई नारे बना डाले। नारे सुन दयाराम को खुद पर हँसी आ रही थी। उन्हें लगा पैसा अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बना देता है। पैसा न हो तो सगा बेटा भी बाप की अच्छाई नहीं बताता। वरना जीवन भर जन्म देने के लिए उसे कोसता रहता है। दयाराम को नारे इतने अच्छे लगे कि हाथों हाथ उन्होंने भी कई नारे बना डाले - आयेगा भई आयेगा - दयाराम आयेगा। लायेगा भई लायेगा खुशहाली लायेगा। इधर उधर जिधर देखो - दयाराम की कृपा देखो। नारे इतने पॉवरफुल थे कि भजनखबरी को अपनी दुकान बंद होती नजर आयी। तुरंत उसने नेता जी को रोका। कहा - आप भी कमाल करते हैं। आपका काम हड़कंप मचाना है, लोगों को दहलाना है, अपना खौफ जमाना है। न कि नारे बनाने जैसा चिल्लर काम करना है। शेर अगर घांस की ओर ताकेगा तो बाकी जानवर उस पर चढ़ बैठेंगे। यह सुन दयाराम नारा बनाने के काम से हायतौबा कर ली। भजनखबरी ने उन्हें सुझाव देते हुए उवाचा कि आप अपना एक निजी चुनावी एजेंडा बना लीजिए। ऐसे-ऐसे वायदे कीजिए कि लोग सुनकर दंग रह जाएँ। वो जब तक कुछ सोचे समझेंगे तब तक चुनाव बीत चुका होगा और आप गद्दी पर पैर पे पैर धरकर शासन करते हुए नजर आयेंगे। आप उन्हें सपना दिखाइये कि समुद्र का पानी फिल्टर कर उन्हें पीने के लिए दिया जायेगा। रेती से सोना निकालने का व्यापार सिखाया जायेगा। शिक्षा के नाम पर सब लोगों के शरीर में शिक्षा का चिप फिट करवाया जायेगा, तब देखिये लोग आपको वोट दिये बिना नहीं रह पायेंगे। आप अपने जन्मदिवस को दया दिवस के रूप में घोषित कर दें। केवल ध्यान इस बात का रखना है कि जन्मदिवस के दिन छोड़ फिर किसी दिन दया दिखाने की आवश्यकता नहीं है। यही लोगों के लिए सच्चे अर्थों में दया दिवस होगा। यदि आप मेरी बातों का पालन करेंगे तो आप भगवान श्रीराम से भी ज्यादा नाम कमायेंगे। भजनखबरी और भी कुछ कहना चाहता था कि तभी दयाराम के फोन की घंटी बज उठी। पता चला कि उनका टिकट कट गया है और टिकट उनके प्रतिद्वंद्वी गयाराम को दे दिया गया है। यह खबर सुनते ही ऊपर बताये गीत और नारों के साथ भजनखबरी गयाराम की बगल में जा बैठा। इसके लिए उसने केवल एक काम किया - दया की जगह गया लिखकर गीत और नारों की पुरानी शराब को नयी बोतल यानी गयाराम में भर दिया। उसका तो एक ही चुनावी फामुर्ला था - ऐसे वैसे चाहे जैसे... सिर्फ कमाना है पैसे।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

रक्षकोंने 'ठहरो ठहरो'-ऐसा कहते हुए उसे महाबलीको रोककर उसके साथ विस्मयकारक युद्ध किया ॥ 12 ॥

अपने स्वामीके कार्यमें पूर्ण तत्पर तथा हाथोंमें शस्त्र धारण किये उसके सभी क्रूर राक्षसान भी रक्षकोंके साथ भीषण युद्ध किया। तब उन रक्षकोंके साथ कालकेतुका संग्राम होने लगा। वह महाबली युद्धमें सभी रक्षकोंको मारकर तथा एकावलीको लेकर राक्षसी सेनाके साथ अपने नगरके लिये चल दिया। दानव कालकेतुके द्वारा अधिकारमें की गयी। उस राजकुमारीको रोती हुई देखकर मैं उसके पीछे- पीछे वहीं पहुँच जाती थी, जहाँ कालकेतु मेरी सखीको लेकर जाता था जिससे कि रोती हुई वह मुझे अपने पीछे आते हुए देख ले ॥ 13-16 ॥

मुझे आयी हुई देखकर वह भी कुछ स्वस्थचित्त हुई तब मैं उसके पास जाकर उससे बार-बार बातें करने लगी ॥ 17 ॥

हे राजन! दुःखसे व्याकुल तथा पसीनेसे संसिक्त उस एकावलीने मुझे पकड़कर गलेसे लगा लिया और वह अत्यन्त दुःखित होकर रोने लगी ॥ 18 ॥

तत्पश्चात उस कालकेतुने प्रेम प्रदर्शित करते हुए मुझसे यह बात कही कि चंचल नेत्रोंवाली अपनी इस भयग्रस्त सखीको धीरज बँधाओ और अपनी इस सखीसे [मेरी बात] कहो- 'हे प्रिये! देवलोकके समान अत्यन्त सुन्दर मेरा नगर अब आ ही गया है तुम्हारे प्रेमके कारण मैं तुम्हारा दास हो चुका हूँ। तुम भयभीत होकर क्यों विलाप कर रही हो? हे सुलोचने। अब शान्त हो 'जाओ' ऐसा कहकर उसी रथमें सखीके पास मुझे भी बैठाकर प्रसन्नताके कारण खिले हुए कमलके समान मुखवाला दुष्ट कालकेतु अपनी भारी सेनाके साथ अपने सुन्दर नगरके लिये शीघ्र ही चल दिया ॥ 19-22 ॥

वहाँ उस दानवने मुझे तथा एकावलीको एक दिव्य महलमें ठहराकर उस महलकी रक्षाके लिये करोड़ों राक्षस नियुक्त कर दिये ॥ 23 ॥

हे राजन! दूसरे दिन उस कालकेतुने एकान्तमें मुझसे कहा- विरहसे दुःखित तथा शोक करती हुई अपनी सुन्दर सखीको [ मेरे शब्दोंमें] समझाओ- 'हे सुश्रोणि! तुम मेरी पत्नी हो जाओ और फिर यथेच्छ सुखोपभोग करो। हे चन्द्रमुखि अब यह राज्य तुम्हारा है और मैं सदाके लिये तुम्हारा सेवक बन गया हूँ' ॥ 24-25 ॥

उसका ऐसा दुर्वचन सुनकर मैंने उससे यह बात कही कि हे प्रभो! मैं ऐसा अप्रिय वाक्य नहीं कह सकती, अतः आप ही इससे कहिये ॥ 26 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### दुर्व्यवहार न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

**■ विवेक कुमार, मेदिनीनगर।**

# आखिर 72 साल में भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कानून क्यों नहीं बना?

चुनाव सुधार की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने सही ही कहा है कि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। भारत में चुनाव सुधारों पर लंबे समय से बहस चलती रही है लेकिन यह सुधार इसलिए नहीं हो पाये क्योंकि जिस संस्था पर चुनाव कराने की जिम्मेदारी है उसे कभी ज्यादा अधिकार दिये ही नहीं गये। यही नहीं, हर सरकार द्वारा अधिकारियों को चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद पर उस समय नियुक्त किया जाता है जब उसकी सेवानिवृत्ति का समय नजदीक हो। इसके चलते किसी भी चुनाव आयुक्त को अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए पर्याप्त समय ही नहीं मिल पाता। देखा जाये तो भारत में चुनाव सुधार से जुड़े मुद्दे चुनावों से पहले उठते जरूर हैं लेकिन चुनाव बाद सबकुछ शांत हो जाता है। यह भी देखने को मिलता है जब कोई दल विपक्ष में होता है तो उसे चुनाव सुधारों की बहुत परवाह रहती है लेकिन सत्ता में आते ही उसके लिये यह फिजूल का मुद्दा हो जाता है या उसकी प्राथमिकता सूची से गायब हो जाता है। लेकिन अब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे को उठाया है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार अब चुनाव सुधारों की दिशा में आगे बढ़ेगी। सुधारों की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा क्योंकि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में छह मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे, वहीं राजग सरकार के आठ साल में आठ मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे हैं। इसलिए सरकारों की कार्यशैली और सोच पर अदालत ने सवाल उठाया है। अदालत ने सरकारों की ओर से निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून नहीं होने का फायदा उठाये जाने की प्रवृत्ति को तकलीफदेह करार दिया है। साथ ही अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 324 का उल्लेख करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में संसद द्वारा एक कानून बनाने की परिकल्पना की गयी थी, लेकिन 72 साल गुजर गये और अब तक कानून नहीं बन पाया है जिसका फायदा सभी दलों की केंद्र सरकारें उठाती रही हैं। इसके अलावा, पांच सदस्यीय संविधान पीठ का यह कहना भी अपने आप में बहुत गंभीर है कि संविधान की चुप्पी को भुनाया जा रहा है। अदालत ने टीएन शेषन जैसे कड़े रुख वाले व्यक्ति की निर्वाचन आयुक्त पद पर नियुक्ति की वकालत करते हुए यह भी कहा है कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्तों के 'नाजुक कंधों' पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति होने चाहिए। जहां तक यह सवाल है कि अदालत ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर टिप्पणी क्यों की? तो हम आपको बता दें कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग की गयी है। कहा जा रहा है कि यदि इस कॉलेजियम प्रणाली में देश के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों तो सरकार पर कुछ अंकुश लग सकता है। जहां तक इस मुद्दे पर सरकार के पक्ष की बात है तो आपको बता दें कि केंद्र की ओर से प्रस्तुत हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने दलील दी है कि ''संविधान सभा, जिसके समक्ष विभिन्न मॉडल थे, उसने इस मॉडल को अपनाया था और अब अदालत यह नहीं कह सकती कि मौजूदा मॉडल पर विचार करने की जरूरत है। बहरहाल, यह भी एक तथ्य है कि 1990 से विभिन्न वर्गों से निर्वाचन आयुक्तों समेत संवैधानिक निकायों के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग उठती रही है और एक बार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने भी अदालत को इसके लिए पत्र लिखा था। देखना होगा कि अब इस मुद्दे पर मोदी सरकार कितना आगे बढ़ती है। हालांकि सही यही होगा कि अदालत कोई आदेश पारित कर सरकार को निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कोई कानून बनाने के लिए कहे।

**■ गौतम मोरारका**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# हेल्दी रहने के लिए दूध में मिलाकर पियें ये चीजे, स्किन होगी ग्लोइंग, बने रहेंगे स्लिम

हल्दी में कई तरह के औषधीय गुण होते है। दूध में हल्दी मिलाकर पीने से इम्युनिटी बढ़ाने में मदद होती है। यह ब्लड शुगर को भी नियंत्रित रखता है और अनिद्रा की बीमारी को भी दूर करता है। ग्लोइंग स्किन के लिए भी हल्दी फायदेमंद है। अगर हम दूध के साथ ही दालचीनी भी मिलाते है तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते है। दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है इसमें विटामिन डी और कैल्शियम होता है जो हमारे शरीर को एनर्जी देता है और मांसपेशियों को ताकत देता है। इसमें मौजूद विटामिन डी हमारी हड्डियों को मजबूत रखता है। दूध में हल्दी या फिर दालचीनी मिलाकर पिया जाये तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते है। हल्दी में कई तरह के औषधीय गुण होते है। दूध में हल्दी मिलाकर पीने से इम्युनिटी बढ़ाने में मदद होती है। यह ब्लड शुगर को भी नियंत्रित रखता है और अनिद्रा की बीमारी को भी दूर करता है। ग्लोइंग स्किन के लिए भी हल्दी फायदेमंद है। अगर हम दूध के साथ ही दालचीनी भी मिलाते है तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते है। आप चाहे तो दूध और दालचीनी एक साथ मिलाकर पी सकते है या फिर हल्दी या दालचीनी अलग -अलग भी दूध में मिलाकर पी सकते है।



**कैसे बनायें हल्दी, दालचीनी वाला दूध :** कभी भी ठन्डे दूध में हल्दी ना मिलाये। गरम दूध में हल्दी मिलायें। दूध में हल्दी मिलाने के बाद उसे बहुत देर तक उबालना नहीं चाहिए नहीं तो हल्दी के औषधीय गुण समाप्त हो सकते है। ध्यान रहे हल्दी की मात्रा बहुत ज्यादा नहीं होनी चाहिए एक गिलास दूध में एक चौथाई चम्मच हल्दी मिलाये। अगर आप जुकाम से बचने के लिए हल्दी वाला दूध पी रहे है तो उसमे एक चुटकी काली मिर्च पाउडर भी मिला सकते है। इसी तरह आप गरम दूध में एक चुटकी दालचीनी पाउडर मिलाकर पी सकते है।

**किन लोगो को हल्दी, दालचीनी वाला दूध नहीं पीना चाहिए :** अगर आप एसिडिटी, कांस्टिपेशन और गैस या फिर खराब डाइजेशन की समस्या से परेशान है तो आपको हल्दी वाला दूध पीने से बचना चाहिए इसके साथ ही अगर आप एनिमिक है आपमें खून की कमी है तो भी आपको हल्दी वाला दूध नहीं पीना चाहिए और इसी तरह दालचीनी का भी सेवन कम मात्रा में ही करें। अगर आपको एसिडिटी की प्रॉब्लम है तो दालचीनी का कम ही सेवन करें नहीं तो आपको सीने में दर्द की परेशानी हो सकती है।

**कब ना करें हल्दी और दालचीनी वाले दूध का सेवन :** हल्दी वाला दूध सर्दियों में सभी को बहुत भाता है। लेकिन गर्मियों में हल्दी वाले दूध का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए क्योकि हल्दी की तासीर गरम होती है और इसके बहुत ज्यादा सेवन से एसिडिटी और जलन की प्रॉब्लम हो सकती है। कम मात्रा में आप इसका सेवन कर सकते है। दालचीनी का ज्यादा सेवन सीने में जलन व दर्द की समस्या को बढ़ा सकता है और आपको सांस लेने में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ सकता है।

हल्दी की तरह ही दालचीनी को भी दूध में मिलाकर पीने से आप खुद को बहुत सी बीमारियों से बचा सकते है।

**अच्छी नींद में कारगर है हल्दी और दालचीनी :** अगर आपको नींद नहीं आती है तो दालचीनी वाला दूध आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। दालचीनी खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करती है और ब्लड सकुर्लेशन को सही रखने में सहायक है और खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक है। इसी तरह हल्दी वाला गुनगुना दूध भी नींद ना आने की प्रॉब्ल्म को दूर कर सकता है।


**वजन घटाए हल्दी और दालचीनी :** जी हाँ दालचीनी वजन घटाने में सहायक है अगर आप गुनगुने दूध में दालचीनी और जरा सी हल्दी मिलाकर पीते है तो आप अपने बढ़ते हुए वजन को कंट्रोल कर सकते है इसके सेवन से भूख कम लगती है इसीलिए इसको वंडर स्पाइस भी कहते है।

**ग्लोइंग स्किन में सहायक :** हल्दी तो स्किन के लिए फायदेमंद तो मानी ही जाती है और पुराने जमाने से ही इसको स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए जाना जाता है लेकिन क्या आप जानते है कि दालचीनी के सेवन से आप स्किन की समस्याओ से भी छुटकारा पा सकते है यह स्किन की सभी समस्याओं को दूर करती है और इसके सेवन से आप स्किन इंफेक्शन से भी बचाव कर सकते है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक :** दालचीनी इंसुलिन को बढ़ाने के लिए उपयोगी है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है और हल्दी भी खून में शुगर की मात्रा को कंट्रोल करने के काम आती है।

# सर्दियों में होता है जोड़ों में दर्द तो जरूर करें ये घरेलू उपाय

बीते कुछ दिनों में तापमान में तेजी से गिरावट आई है और ठंड बढ़ गई है। ठंड के मौसम में कई लोगों में जोड़ों में दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। तापमान में गिरावट के कारण शरीर में नसें सिकुड़ने लगती हैं, जिससे ब्लड सकुर्लेशन सही नहीं हो पाता है। साथ ही हड्डियों में लचीलेपन की कमी हो जाती है। साथ ही सर्दियों में शरीर में विटामिन डी की भी कमी हो जाती है। ऐसे में ठंड के मौसम में जोड़ों में दर्द से छुटकारा पाने के लिए ये घरेलू उपाय आजमा सकते हैं।



**बादाम, मूंगफली व मछली का ज्यादा करें सेवन :** सर्दियों में जोड़ों के दर्द से बचने के लिए बादाम, मूंगफली व मछली का सेवन ज्यादा करना चाहिए। बादाम में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जिससे जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। साथ ही मूंगफली और मछली को भी अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इसमें भी फैटी एसिड होता है।

**ज्यादा पानी पिएं :** सर्दियों में प्यास कम लगती है, लेकिन फिर भी ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। शरीर को हाइड्रेट रखने की कोशिश करें। ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द कम होगा। साथ ही रिफाइंड कार्ब्स, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा नमक और चीनी के सेवन से बचें। जोड़ों के दर्द से परेशान मरीज को ठंडे पानी से बिल्कुल नहीं नहाना चाहिए।

**गर्म पानी से करें सिकाई :** जोड़ों के दर्द से बचने के लिए गर्म पानी से सिकाई करना चाहिए। सूजन ज्यादा हो तो बर्फ को कपड़े में लपेट कर इस्तेमाल करने से भी फायदा होता है। सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट होते हैं, ये दोनों ही बहुत पावरफुल दर्द निवारक एजेंट है। जो सूजन को कम करता है और दर्द से राहत दिलाता है।

**रोज दूध का सेवन भी करें :** दूध में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। जोड़ों में दर्द से बचने के लिए दूध में हल्दी मिलाकर सेवन कर सकते हैं। साथ ही डाइट में विटामिन सी रिच फूड आइटम्स की मात्रा बढ़ाएं। जो आपके ज्वाइंट को हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा ये इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग बनाते हैं।

# ठंड के मौसम में होंठों का रखें ख्याल

होठों की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में पतली होती है और मौसम बदलने पर सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। होठों की त्वचा को ज्यादा फटने से रक्तस्त्राव, बेचैनी और कोल्ड सोर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। खासकर ठंड के मौसम में होठों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत होती है।

**ठंड में होठों के फटने का कारण :** होठों के फटने का यह सबसे अहम कारण होता है। होंठों को बार-बार छूने से उनमें रूखापन, सूजन और खुजली हो सकती है। होठों पर बार-बार जीभ घुमाने से भी नमी की कमी हो जाती है। होंठ त्वचा की तीन परतों से बने होते हैं और जीभ से लगाने पर सूख सकते हैं। इसके अलावा जिस तरह से हम सांस लेते हैं, उससे भी होंठ फट सकते हैं। मुंह से सांस लेने से फटे और सूखे होंठों की समस्या हो जाती है। होठों पर लगातार हवा आने के कारण इसकी नमी कम हो जाती है और यह रूखे हो जाते हैं।

**कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट लेने से बचें :** ज्यादा मात्रा में लिप लाइनर, लिपस्टिक या लिप ग्लॉस लगाने से होठों की नमी चली जाती है। फटे होंठों को रोकने के लिए इन उत्पादों का कम से कम इस्तेमाल करें और अगर लिप कॉस्मेटिक में अल्कोहल है तो इनसे दूरी बनाएं। आपके होंठ सूख रहे हैं तो वसायुक्त भोजन न करें। विटामिन और मिनरल्स की संतुलित मात्रा लें, इससे होंठ बेहतर स्थिति में रहेंगे।

**पेट्रोलियम जेली जरूर लगाएं :** पेट्रोलियम जेली या मेडिकेटेड लिप बाम हमेशा अपने साथ रखें। जब भी आपको लगे कि आपके होंठ सूख रहे हैं तो उन्हें तुरंत लगाएं। ऐसे बाम का प्रयोग करना अधिक लाभदायक होता है जिनमें पेट्रोलियम, मोम या अन्य तेल का आधार हो।

**सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल :** होठों पर भी अलग से सनस्क्रीन लोशन लगाएं। यह न केवल त्वचा को नमी प्रदान करता है बल्कि उसकी सुरक्षा भी करता है। सनस्क्रीन लगाकर धूप में निकलें, इससे फटे होंठ नहीं होंगे।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।



**पाचन तंत्र के लिए लाभदायक :** सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है :** सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

**मांसपेशियों में ऐंठन से राहत :** सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

**गले की खराश का करता है इलाज :** गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

**रक्तचाप को करे बैलेंस :** सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

❖ मिताली जैन

# ओवन के बिना किस तरह बनायें पीटा ब्रेड

पीटा ब्रेड को अक्सर अरबी ब्रेड, सीरियन ब्रेड या ग्रीक पीटा ब्रेड के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, इसका गूंथा हुआ आटा नान या पिज्जा के आटे की तरह ही होता है, लेकिन फिर भी इसे तैयार करते समय इसमें कुछ इंग्रीडिएंट व टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसे दूसरों से अलग बनाता है। पीटा एक प्रकार का फ्लैटब्रेड है। भारतीयों के लिए जिस तरह नान है, ठीक उसी तरह अरेबियन्स के लिए पीटा ब्रेड है। इस पीटा ब्रेड को अक्सर अरबी ब्रेड, सीरियन ब्रेड या ग्रीक पीटा ब्रेड के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, इसका गूंथा हुआ आटा नान या पिज्जा के आटे की तरह ही होता है, लेकिन फिर भी इसे तैयार करते समय इसमें कुछ इंग्रीडिएंट व टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसे दूसरों से अलग बनाता है।

**पीटा ब्रेड की सामग्री-**

- 2 कप मैदा
- 1 छोटा चम्मच सूखा खमीर
- एक चौथाई छोटा चम्मच नमक
- 1/2 छोटा चम्मच चीनी
- 3/4 कप गर्म पानी

**पीटा ब्रेड की विधि-**

- सबसे पहले थोड़ा गरम पानी लेकर उसमें यीस्ट और चीनी डालें। अब इसे ढककर 10 मिनट के लिए अलग रख दें।
- अब आप मैदा में नमक मिलाएं।
- साथ ही इसमें यीस्ट और पानी का मिश्रण डालें।
- करीबन 10 मिनट या मुलायम होने तक गूंदें।
- अगर जरूरत है तो और पानी डालिए। लेकिन ध्यान रखें कि आपका आटा चिकना और लोचदार होना चाहिए।
- अब, आटे को एक से डेढ़ घंटे के लिए या उसके आकार के दोगुने होने तक ढककर रख दें।
- आटे से छह बराबर आकार की लोइयां बना लें।
- अब आप पहले सरफेस को डस्ट कर लें।
- अब प्रत्येक लोई को बेलन की सहायता से 5-6 इंच के गोल आकार में बेल लें।
- बेली हुई लोई को पार्चमेंट पेपर पर रखें और कपड़े से ढक दें। इसे 20 मिनट के लिए आराम करने दें।
- अब आप एक नॉनस्टिक फ्लैट पैन लें और उसे मध्यम आंच पर रखें।
- बेली हुई रोटी को तवे पर रखें और ब्रेड को लगभग 9-10 सेकंड में पलट दें।
- पीटा ब्रेड के किनारों को एक स्पैटुला का उपयोग करके धीरे से दबाएं, इससे ब्रेड फूलने में मदद मिलेगी।
- जब ब्रेड पूरी तरह से फूल कर ब्राउन हो जाए, तो आपकी पीटा ब्रेड तैयार है।
- ब्रेड को मुलायम बनाए रखने के लिए इसे कपड़े से ढक दें।

# सीने में दर्द की समस्या से हैं परेशान तो आजमायें ये उपाय

लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जो सीने में दर्द या बेचैनी का कारण बन सकती हैं। मसलन, गैस, पेट में जलन और बहुत अधिक खांसी सीने में दर्द की वजह बन सकती है। एनजाइना सीने में दर्द है जो अल्पकालिक होता है और अक्सर आराम से राहत मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। दर्द आमतौर पर छाती में होता है और कंधे, हाथ या जबड़े में भी महसूस किया जा सकता है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीकों को अपनाकर सीने में दर्द की समस्या को दूर सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखें कि सीने में दर्द किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगातार दर्द हो रहा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना



**बादाम :** जब भोजन करने के बाद सीने में दर्द होता है, तो एसिड रिफ्लक्स या गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स दोष के कारण हो सकता है। दोनों स्थितियों में सीने में दर्द हो सकता है। ऐसे में बादाम या दूध में बादाम मिलाकर खाने से फायदा हो सकता है।

**लगाएं कोल्ड पैक :** मांसपेशियों में खिंचाव छाती या दिल के दर्द के सामान्य कारणों में से एक हो सकता है। ऐसे मामलों में, किसी व्यक्ति को चोट, व्यायाम और अन्य गतिविधियों के कारण छाती में दर्द हो सकता है। इस प्रकार की समस्याओं को मैनेज करने के लिए, कोल्ड पैक को प्रभावित स्थान पर रखने से राहत मिलती है और सूजन कम हो जाती है।

**गर्म पेय का करें सेवन :** जब किसी व्यक्ति का दर्द गैस या सूजन के कारण होता है तो गर्म पेय गैस को कम करने में सहायक हो सकता है। गर्म तरल पदार्थ पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। हिबिस्कस चाय पाचन और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करती है, यह रक्तचाप को भी कम करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करती है।

**लहसुन आएगा काम :** लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।

**लेटें :** जब छाती या दिल में दर्द होता है, तो व्यक्ति को शरीर के ऊपर ऊंचा सिर के साथ तुरंत लेटने से कुछ राहत मिल सकती है। जब दर्द रिफ्लक्स के कारण होता है तो इस तरह लेटने से व्यक्ति को काफी आराम मिल सकता है।

**हल्दी :** हल्दी में कई तरह के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सीने में दर्द के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस दर्द को कम करने के लिए रात को सोने से पहले गर्म दूध में हल्दी मिलाकर सेवन करना चाहिए।

# ज्यादा चाय पीने से हो सकती हैं कई बीमारियां

जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं। ऐसे में आप चाय की लत छुड़ाने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं। क्या आप भी अपने दिन की शुरूआत चाय के साथ करते हैं? हमारे देश में चाय के शौकीन लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। कई लोगों को तो चाय इतनी ज्यादा पसंद होती है कि वे दिनभर में 6-7 कप चाय पीते हैं। लेकिन अगर किसी भी चीज का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए तो उसके नुकसान होते हैं। अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय का सेवन करेंगे तो इससे आपको भूख कम लगेगी और आपको आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाएंगे। जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आप चाय पीना पसंद करते हैं तो दिन में एक या दो कप चाय का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इससे अधिक चाय सेहत के लिए खतरा बन सकती है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं।



**रोजाना एक कप कम चाय पिएं :** अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय पीते हैं तो आपको कैफीन एडिक्शन हो सकता है। इस आदत को छुड़ाने के लिए एकदम से कैफीन को अपनी डाइट से बाहर करने के बजाय कैफीन काउंट को धीरे-धीरे कम करें। अगर आप एक दिन में 5-6 कप चाय पीते हैं तो कोशिश करें कि दिन में एक कप चाय कम पिएँ। ऐसे ही धीरे-धीरे चाय की मात्रा कम करें।

**चाय पत्ती का इस्तेमाल कम करें :** चाय में कैफीन मौजूद होता है, जिस से लोगों को इसकी लत लग होती है। इसलिए चाय बनाते समय चाय पत्ती का इस्तेमाल करें। इससे आपकी लत धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

**चाय की जगह हर्बल टी पिएं :** अगर आप चाय की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो चाय की जगह ग्रीन टी, हर्बल टी या फ्रूट टी पी सकते हैं। इससे आपकी चाय की लत धीरे-धीरे कम हो जाएगी। इसके साथ ही ग्रीन टी या हर्बल टी पीने से सेहत को भी लाभ होगा।

**जूस पिएं :** चाय की एडिक्शन से छुटकारा पाने के लिए एक और आसान तरीका है जूस पीना। आप चाय की जगह फलों का जूस पी सकते हैं। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और आपका पाचन तंत्र भी सही ढंग से काम करेगा।

❖ प्रिया मिश्रा

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष राशि :** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन राशि :** नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कर्क राशि :** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**सिंह राशि :** आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या राशि :** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**तुला राशि :** धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**वृश्चिक राशि :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु राशि :** कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

**मकर राशि :** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। खर्च अधिक रहेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**कुंभ राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**मीन राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु सचेत रहें। कठिनाइयां आ सकती हैं। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है।





## न्यूज गैलरी

### ऑस्ट्रेलिया में महिला की हत्या के आरोप में फरार युवक दिल्ली से गिरफ्तार

**मोगा (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने शुक्रवार को ट्वीट किया है कि वर्ष 2018 में क्वींसलैंड के एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय टोयाह कोर्डिंग्ले की हत्या के आरोपी एक पंजाबी व्यक्ति को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। क्वींसलैंड पुलिस ने कहा है कि राजविंदर सिंह को जल्द ही प्रत्यर्पण अदालत में सुनवाई के बाद वापस लाने का प्रयास किया जायेगा। उसे शुक्रवार को दिल्ली की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 3 नवंबर को इनफिसिल में नर्स के रूप में काम करने वाले संदिग्ध राजविंदर सिंह (38) की जानकारी देने वाले को रिकॉर्ड एक मिलियन डॉलर (5.31 करोड़ रुपये) का इनाम देने की घोषणा की थी। आरोप है कि वह टोयाह कोर्डिंगली की हत्या करने के बाद वह भारत भाग गया। पुलिस ने उसकी तस्वीरें तब जारी की थीं, जब वह 23 अक्तूबर, 2018 को अपनी पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर भारत जाने के लिए उड़ान भर रहा था। उनके भाई ने पहले स्वीकार किया था कि राजविंदर अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था और काम से संबंधित मुद्दों पर मानसिक परेशानी में थे। उसके बाद से उसके बारे में बहुत कम जानकारी थी।

### दुनिया का पहला विकलांग अंतरिक्ष यात्री चुना गया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में पहली बार एक विकलांग को अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने पांच नए अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की है। एजेंसी का बजट भी इस बार काफी ज्यादा बढ़ गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, ईएसए ने पहली बार एक विकलांग अंतरिक्ष यात्री को चुन कर इतिहास रच दिया है। ब्रिटिश डॉक्टर और पैरालिम्पियन जॉन मैकफॉल पहले विकलांग हैं जिन्हें अंतरिक्ष यात्रा के लिए चुना गया है। उन्हें एक अलग पैराएस्ट्रोनॉट फिजिबिलिटी प्रोग्राम के जरिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। 41 साल के मैकफॉल का दाया पैर एक मोटरसाइकिल दुर्घटना के बाद काटना पड़ गया था। तब उनकी उम्र महज 18 साल थी। हालांकि, उसके बाद भी वह धावक बने और 2008 के पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए। मैकफॉल का कहना है कि यह एक तूफानी अहसास है, पैर कट जाने के बाद मैंने कभी नहीं सोचा था कि अंतरिक्ष यात्री बनने की संभावना होगी।

# दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई ने दाखिल की 10 हजार पन्नों की चार्जशीट

## 10 हजार के पन्नों में सात आरोपी, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नहीं है नाम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीबीआई ने शुक्रवार को सात आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया का नाम नहीं है। सीबीआई ने दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में ये चार्जशीट दाखिल की है। मामले में 30 नवम्बर को अगली सुनवाई होगी। इधर, चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं आने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट बताती है कि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सारे आरोप फर्जी और मनगढंत थे। भाजपा को इसके लिए देश से




माफी मांगनी चाहिए।

**सात आरोपियों में ये लोग शामिल : सीबीआई** की चार्जशीट में दो गिरफ्तार बिजनेसमैन, एक न्यूज चैनल के चीफ, हैदराबाद के एक शराब कारोबारी, दिल्ली के एक शराब डिस्ट्रीब्यूटर और आबकारी विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं। चार्जशीट में विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू, गौतम मूथा, कुलदीप सिंह और नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि कुलदीप सिंह तत्कालीन उपायुक्त (आबकारी) थे और नरेंद्र सिंह तत्कालीन सहायक आयुक्त (आबकारी) थे। ईडी और सीबीआई ने इन सभी पर आरोप लगाया था कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गयी थी और लाइसेंस धारकों को फायदा पहुंचाया गया था।

### 15 दिन पहले ईडी ने की कार्रवाई

15 दिन पहले ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में अरबिंदो फार्मा के चीफ शरद रेड्डी और विनय बाबू का नाम शामिल है। ये दोनों हैदराबाद की टॉप फार्मा कंपनी के कारोबारी हैं। इससे पहले मामले में सीबीआई ने 17 अगस्त को तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इनमें बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के डायरेक्टर अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे का नाम शामिल है। इन सभी को सिसोदिया का करीबी बताया जाता है।

## असहमति और विवाद को बातचीत से ही हल किया जा सकता है : राजनाथ



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मानवता अभी जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 महामारी तथा अन्य चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे में सभी को युद्धों तथा टकरावों के विनाश से दूर रहते हुए इन चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विवादों और असहमति का समाधान केवल बातचीत से ही किया जा सकता है। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां हिन्द-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में अपने संबोधन में कहा कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत का पक्षधर है, क्योंकि यह न केवल इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए बल्कि व्यापक वैश्विक समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2018 में सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है, जो प्रगति और समृद्धि के साझा प्रयास में हम सभी को एकसाथ रखता है। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि विवादों और असहमतियों को हल करने और क्षेत्रीय या वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए बातचीत ही एकमात्र सभ्य तरीका है। उन्होंने हाल ही में बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री के दृढ़ संदेश का हवाला दिया कि युद्ध का युग खत्म हो गया है।

## प्रौद्योगिकी ने शासन को बना दिया है लोकतांत्रिक : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रौद्योगिकी ने पारदर्शिता और जवाबदेही लाकर शासन का लोकतांत्रिकरण किया है और यह समावेशी और सतत विकास के आदर्श को प्राप्त करने में मदद करती है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अफ्रीका के साथ महात्मा गांधी जी के घनिष्ठ संबंध रहे हैं और वसुधैव कुटुम्बकम की हमारी सदियों पुरानी सभ्यतागत लोकाचार दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव का मार्गदर्शन करती है। भारत को अवसरों और निवेश के लिए एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि नवाचार आधारित उद्यमिता की एक नयी संस्कृति भारत में जड़ें जमा रही है। स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, भारत नेट, पीएम गतिशक्ति मिशन जैसी विभिन्न पहल इसका उदाहरण हैं। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार को फलने-फूलने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए सरकार की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने हैकथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और युवा अन्वेषकों से कहा कि आपका सक्रिय रुख सभी के बेहतर भविष्य को सुरक्षित करेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, यूनेस्को के वरिष्ठ अधिकारी तथा 13 अफ्रीकी देशों के मंत्री, छात्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शिलांग में फिर हुई हिंसा

## पुलिस वाहनों में लगायी आग, फेंके गये पेट्रोल बम

**शिलांग (एजेंसी)।** असम से लगी मेघालय की सीमा पर हिंसा को लेकर राजधानी शिलांग में एक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसके समाप्त होने के बाद पुलिस की एक बस और एक जीप में आग लगा दी गई और पुलिस पर पथराव किया गया तथा पेट्रोल बम फेंके गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) विवेक सईम ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में चार पुलिसकर्मियों समेत सात लोग घायल हो गये। पुलिस की एक बस और जीप पर पेट्रोल बम फेंके गए, उन्हें आग लगा दी गई, जबकि एक ट्रैफिक पुलिस कक्ष को ढहा दिया गया। इसके



अलावा बारिक चौक पर पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। इससे कुछ मीटर की दूरी पर ही खासी स्टूडेंट्स यूनियन, और फेडरेशन ऑफ खासी जैंतिया एंड गारो पीपल सहित विभिन्न संगठनों द्वारा कैंडल मार्च निकाया गया और हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन्हें आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी बाकी है। गौरतलब है कि असम-मेघालय सीमा के साथ पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक विवादित स्थान पर मंगलवार तड़के हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। झड़प उस समय हुई जब अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को असम के वनकर्मियों द्वारा रोका गया था। घटना के बाद यात्री कारों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद असम सरकार ने वाहनों को मेघालय ले जाने से रोक दिया है।

## चीनी जनता ने जिनपिंग की पुलिस को जमकर पीटा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के झेंगझोउ शहर में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री में हालात बहुत ही भयानक हो गए हैं। कोरोना के सख्त नियमों और कम वेतन दिए जाने से भड़के हजारों लोगों ने चीनी पुलिसकर्मियों को उन्हीं के हथियार से पीट दिया। दरअसल, ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन की इस फैक्ट्री में कोरोना का विस्फोट हुआ है और इसे रोकने के लिए चीन ने हजारों की तादाद में हजामत सूट पहने पुलिसकर्मियों को भेज दिया। शुरू में ये पुलिसकर्मी हावी पड़े लेकिन कर्मचारियों में इतना ज्यादा गुस्सा है कि उन्होंने कंपनी में लगाई लोहे की बाड़ को तोड़ दिया और उसी से पुलिसकर्मियों को जमकर पीटना शुरू कर दिया। हजारों की तादाद में कर्मचारियों को देख चीनी पुलिसकर्मी घबरा गए और दंगा रोकने के सभी उपकरणों, फेस मास्क से लैस होने के बाद भी उन्हें पीछे हटना पड़ा।

# चित्रकार की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 49 लोगों को मृत्युदंड

**अल्जीयर्स (एजेंसी)।** अल्जीयर्स की एक अदालत ने एक चित्रकार की भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 49 दोषियों को मौत की सजा सुनाई। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, मृतक पर जंगल में भीषण आग लगाने का संदेह था जबकि वास्तव में वह आग बुझाने के प्रयासों में मदद के लिए आगे आया था। पूर्वोत्तर अल्जीरिया के कबीलाई क्षेत्र में पिछले साल हुए इस हत्याकांड ने देश को झकझोर कर रख दिया था। यह घटना ऐसे समय में हुई थी, जब पहाड़ी क्षेत्र वाले बरबर



प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण 90 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में वे सैनिक भी शामिल थे जो आग बुझाने के अभियान में जुटे थे। चित्रकार जमील बेन इस्माइल की हत्या में 100 से अधिक संदिग्ध शामिल थे, जिनमें से अधिकतर को उनकी हत्या में भूमिका का दोषी पाया गया। बचाव पक्ष के वकील हकीम साहेब ने बताया कि अदालत ने 38 अन्य दोषियों को 2-12 साल की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि दोषियों के मौत की सजा के बजाय आजीवन कारावास की सजा काटने की संभावना है क्योंकि अल्जीरिया में दशकों से मृत्युदंड पर रोक है।






# विवाहिता से शादी का वादा रेप केस का आधार नहीं

## केरल हाई कोर्ट ने कहा- सहमति से बनाये गये संबंध सेक्सुअल हैरेसमेंट नहीं

**तिरुवनन्तपुरम (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट का कहना है कि पहले से शादीशुदा महिला से शादी करने का वादा रेप केस का आधार नहीं बन सकता है। जस्टिस कौसर एडप्पागथ की पीठ ने 22 नवम्बर को कोल्लम के पुनालूर निवासी टीनो थंकाचन (25) के खिलाफ धारा 376 (रेप), 417 (धोखाधड़ी) और 493 के तहत दर्ज बलात्कार के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार, याचिकाकर्ता-आरोपी ने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके कई मौकों पर उसका यौन शोषण किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि दर्ज किए गए बयानों से पता चलता है कि पीड़िता ने मर्जी से अपने



प्रेमी के साथ संबंध बनाए थे। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त द्वारा एक विवाहित महिला से कथित तौर पर किया गया वादा कि वह उससे शादी कर सकता है, एक ऐसा वादा है जो कानून में लागू करने योग्य नहीं है। यहां शादी के वादे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि महिला अच्छी तरह से जानती थी कि युवक के साथ उसकी शादी कानूनी तौर पर संभव नहीं होगी, क्योंकि वह पहले से विवाहित है। अदालत ने आगे कहा कि यह तय है कि यदि कोई पुरुष किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकरता है, तो सहमति से किया गया यौन संबंध आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध नहीं माना जाएगा, जब तक कि यह साबित नहीं हो जाता है कि संबंध बनाने के लिए सहमति उसने शादी का झूठा वादा करके प्राप्त की गई थी, जिसका पालन करने का उसका कोई इरादा नहीं था और किया गया वादा उसकी जानकारी के लिए झूठा था। इसके अलावा धारा 417 और 493 के अपराध को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

### महिला पति से रह रही अलग

**विवाहित** होने के बावजूद महिला अपने पति से अलग रह रही है और तलाक की कार्यवाही भी चल रही है। आरोपी के खिलाफ मामला खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि सहमति से बनाए गए संबंध सेक्सुअल हैरेसमेंट नहीं है, इसलिए मामले को आगे बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

**क्या है मामला :** आरोपी और पीड़िता ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया के जरिए मिले और उनका रिश्ता लव अफेयर में बदल गया और उन्होंने शादी करने का भी फैसला किया। हालांकि, शादी नहीं हो पाई। महिला के अनुसार, उसने आरोपी के शादी के वादे पर भरोसा करके सेक्स के लिए सहमति दी थी।

## न्यूज गैलरी

### नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

रांची । रांची मेन रोड में नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा शुक्रवार की सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दर्जनों दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया। इसके अलावा कई वाहनों को भी जब्त किया गया जो सड़क के किनारे खड़े थे। निगम का कहना है कि मेन रोड में फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा हो गया था। इस वजह से यातायात प्रभावित हो रहा था। प्रतिदिन जाम की स्थिति हो रही थी। कांटाटोली में फ्लाईओवर का निर्माण होने से मेन रोड में वाहनों को लोड़ बढ़ गया है। इस वजह से निगम और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए एक्सपो को बनाया गया वाईफाई जोन



रांची। जेसीआई यानि जूनियर चैंबर इंटरनेशनल की ओर से एक्सपो मेला का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय आयोजन का आज दूसरा दिन है। जेसीआइ के अध्यक्ष सौरव साह ने बताया कि दो साल बाद एक्सपो का आयोजन किया गया है। कोविड महामारी के कारण दो साल एक्सपो का आयोजन नहीं किया गया। इस बार एक्सपो में खरीदारी और फूड काउंटर के साथ ही गेम से लेकर नये स्टार्टअप्स के लिये बहुत कुछ है। साह ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन में डिजीटल इंडिया को भरपूर प्रोत्साहन दिया गया है। प्रवेश करने के बाद क्यूआर कोड स्कैन करते ही सभी स्टॉल की जानकारी मिल जा रही है। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए एक्सपो को वाइ-फाइ जोन बनाया गया है। वहीं नये उस्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप जोन बनाया गया है। महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल इस्टेट का अपना घर हैंगर, ब्रिस्टो कैफे, फनगोला, फूड कोर्ट, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन सहित प्रीमियम हैंगर है। इस बार एक्सपो में आठ हैंगर बनाये गये है। जिसमें 325 स्टॉल लगाये गये है। सभी स्टॉल में देश विदेश के लोग सामान बेच रहे है। अफगानिस्तान के ड्राइ फ्रूट्स और थाइलैंड के स्टॉल लोगों को लूभा रहे है। पूरी से आये सैंड आर्टिस्ट लोगों को आकर्षित कर रहे है। जेसीआई की ओर से आयोजित एक्सपो में प्रतीक जैन, अरविंद राजगढ़िया, अभिषेक केडिया, गौरव अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, सन्नी केडिया समेत अन्य की सक्रिय भागीदारी है।

### आरयू में मस्तिष्क पर भाषा के प्रभाव पर व्याख्यान

रांची। रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र की ओर से आयोजित न्यूरो लिंग्विस्टिक रिफ्रेशर कोर्स में शुक्रवार को तीन व्याख्यान हुए। पहला व्याख्यान प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ एचपी नारायण का था। उन्होंने चिकित्सीय दृष्टि पर बात की। उन्होंने मस्तिष्क पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभाव पर चर्चा की। कहा कि किसी भी भाषा की जब आवृत्ति होती है, तब वह मस्तिष्क को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क का बायां भाग काफी संवेदनशील होता है, क्योंकि हम उसी भाग से भाषा सीखते हैं। हमारा मस्तिष्क उस बैंक की तरह है, जहां जैसे जैसे हम इसका प्रयोग करते हैं वैसे वैसे मस्तिष्क में भी खालीपन आता है। मनुष्य की अवस्था 20 वर्ष होने के बाद मस्तिष्क धीरे-धीरे कमजोर होता है। हमें भूलने से बचने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं का सहारा लेना पड़ता है। दूसरा व्याख्यान रांची वीमेंस कालेज की प्राध्यापिका डॉ प्रज्ञा गुप्ता का था। उन्होंने कविता की भाषा पर व्याख्यान दिया।

### नये बीईईओ ने पदभार ग्रहण किया

रांची। प्रखंड के नए बीईईओ विमलकांत झा ने शुक्रवार को बीआरसी भवन में अपना पदभार ग्रहण किया। पूर्व की पदस्थापित बीईईओ सरोजिनी सोय अक्तूबर माह में सेवानिवृत्त हो गई थीं उसके बाद से पद रिक्त था। पदभार ग्रहण करने के दौरान अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सोनाहातू के अध्यक्ष इंद्रजीत बैठा, जिला प्रतिनिधि पंकज कुमार, शिक्षक सुखू टोप्पो, बीपीओ रेणुका कुमारी, साधनसेवी झरिया महतो, विषय विशेषज्ञ गोपाल ठाकुर और समावेशी शिक्षक दीनानाथ महतो सहित सभी बीआरसी कर्मियों ने स्वागत किया।

# डोरंडा कुसई कॉलोनी स्थित खेत से युवती का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के डोरंडा कुसई कॉलोनी स्थित खेत से शुक्रवार को एक युवती का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि युवती का शव कुसई कॉलोनी के पीछे जलकुंभी से भरे नाले से बरामद किया गया है। युवती के शरीर पर कोई कपड़े नहीं था। शुक्रवार की सुबह जब उस इलाके से स्थानीय लोग गुजर रहे तो शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहायता से शव को जलकुंभी से बाहर निकाला गया। पुलिस को आशंका है कि युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी होगी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए उसका शव नाले में फेक दिया होगा। पुलिस ने शव को अपने में लिया और पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया है। डोरंडा थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच की जा रही है। युवती का नाम व पता की जानकारी हासिल की जा रही है।

**जांच करने के लिए पहुंची एफएसएल की टीम :** नाले से युवती का शव मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग कुसई कॉलोनी में जमा हो गए हैं। वहीं मामले की तफ्तीश के लिए मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है।हालांकि अभी तक युवती को लेकर पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है। जिसके आधार पर पुलिस केस को आगे बढ़ा सके।

## बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीन फरार हुए अपराधी

रांची। राजधानी में अपराधी लगातार अपना दुस्साहस दिखा रहे हैं। ताजा मामला पुराना विधानसभा के बाहर का है। यहां एक बुजुर्ग महिला दुकानदार से दिनदहाड़े सोने की चेन स्नैचिंग कर ली गई। घटना शुक्रवार की है। जानकारी के अनुसार पुराना विधानसभा के बाहर किराना दुकान चलाने वाली बुजुर्ग महिला अन्ना देवी अपने दुकान में बैठी थी। उसी दौरान एक युवक दुकान में आया और महिला से टॉफी मांगी। महिला ने उसे टॉफी दिया। जिसके एवज में युवक ने महिला को पचास रुपये दिए। जैसे ही महिला चेंज पैसे लौटने के लिए मुड़ी उसी समय अचानक उस युवक ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद आरोपी मौके से भागा। दुकान से कुछ दूर पर सड़क पर एक युवक बाइक स्टार्ट किए पहले से ही खड़ा था। उसी बाइक में बैठ स्नैचर फरार हो गया। घटनी की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

शोर मचाने पर पीसीआर पहुचा

चेन छिनतई की घटना के बाद बुजूर्ग महिला ने शोर मचाया। महिला की आवाज सुनकर आसपास में मौजूद पीसीआर पुलिस दुकानदार व आम लोग दौड़े। पीसीआर में तैनात पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार अपराधियों का पीछा भी किया। लेकिन अपराधी तेजी से भाग निकले। वायरलेस में आसपास के थानों को भी अपराधियों की जानकारी दी गई। मगर अब तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**पुलिस की सुरक्षा पर सवाल :** बुजुर्ग महिला से सोने की चेन स्नैचिंग जिस जगह हुई वहां से जगन्नाथपुर थाना मात्र 500 मीटर की दूरी पर है ,वही दस कदम की दूरी पर पुरानी विधानसभा के साथ साथ बैंक और कई दूसरे प्रतिष्ठान भी है। इसके बावजूद अपराधियो ने दुस्साहस दिखाया और बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े दिन के उजाले में ही स्नैचिंग कर डाली।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस :** बुजूर्ग महिला से सोने का चेन छिनतई होने के बाद जगन्नाथपुर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों का फुटेज निकाल रही है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि अपराधी किस ओर भागे हैं। अपराधियों का पहचान करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## अपनी मांग को लेकर एचईसी अधिकारियों ने पकौड़े तल कर जताया विरोध

रांची। अधिकारियों ने मुख्यालय के समक्ष पकौड़े तल कर अपना विरोध जताया। अधिकारी 12 माह से वेतन नहीं मिलने और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 21 दिनों से उनका आंदोलन जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सीएमडी से उनकी वार्ता नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनलोगों का कहना है कि जब हमारी सुनवाई नहीं होती है तब तक हमलोग आन्दोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि एचईसी जैसे प्रतिष्ठान के इंजीनियर पकौड़े तल रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इंजीनियरों को आगे बढ़ाने और इस मातृ उद्योग को बचाने के लिए प्रयास नहीं कर रही है। इससे मेक इन इंडिया का सपना साकार नहीं होगा। अफसरों का कहना है कि केंद्र सरकार जब तक सीएमडी को वार्ता के लिए नहीं भेजेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए हुए रवाना : सुचिता सिंह




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश से लगभग पांच हजार (5000) फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए सड़क मार्ग बस एवं रेल मार्ग से रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल ने ऑनलाइन एवं समाजसेवी शैलेश्वर दयाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह, छात्र क्लब ग्रुप के प्रदेश संरक्षक युवराज पासवान, महिला विंग की प्रदेश संयोजक नीतू सिंह, समाजसेवी शेरु सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी वार्ड नंबर 32 इंदुभुषण गुप्ता, सुरज भान सिंह आदि ने हरा झंडी दिखाकर फाऊंडेशन के कार्यकर्ताओं को रांची शिव मंदिर परिसर पिस्कामोड़ से विदा किया। प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर से लगभग लाखों की संख्या में सनातनी जंतर मंतर दिल्ली में फाउंडेशन द्वारा आयोजित महारैली में भाग लेंगे। अगर हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो इसके गंभीर परिणाम हम सभी को भुगतने होंगे। गृह युद्ध के हालात पैदा हो जाएंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने कहा दिल्ली जंतर मंतर में आयोजित महारैली की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह द्वारा की जा रही है। महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष संपत्ति देवी ने कहां दिल्ली जंतर मंतर महारैली में जाने के लिए महलाओं द्वारा काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा ली जा रही है। मीडिया प्रभारी किशोर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

## सुबह शाम बिजली संकट से लोगों की परेशानी बढ़ी

**रांची।** बढ़ती ठंड के बीच गहराते बिजली संकट से लोगों की परेशानी दोहरी हो गई है। स्कूली छात्रों की मुश्किल भी नहीं थम रही है। अहले सुबह स्कूल जाने के समय बिजली नहीं रहने के कारण पानी गर्म करने में दिक्कत आ रही है। राज्य में सुबह-शाम पांच से आठ बजे के दौरान बिजली की मांग और आपूर्ति में 500 मेगावाट से अधिक का अंतर होने से लोड शेडिंग की मार पड़ रही है। राजधानी रांची में शुक्रवार को भी तीन घंटे, अन्य शहरों में चार और ग्रामीण इलाकों में पांच घंटे से भी अधिक बिजली कटौती रोज की बात हो गई है। राज्य में बिजली की मांग 2400 मेगावाट से बढ़कर 2600 मेगावाट हो गई है। देश के ज्यादातर राज्यों में ठंड के कारण बिजली की मांग बढ़ रही है। ऐसे में झारखंड को राष्ट्रीय ग्रीड से समझौते के तहत ही बिजली मिल पा रही है।

## हार्ट व शुगर के 328 मरीजों का मुफ़्त चेकअप किया गया

**रांची ।** शुक्रवार 25 नवंबर को हॉली स्पिरिट फाउंडेशन ट्रस्ट झारखण्ड के तत्वावधान में लेक रोड स्थित राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल में मुफ़्त हार्ट व शुगर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला जिसमें 328 लोगों ने हृदय रोग, मधुमेह, कोलोस्ट्रोल सहित अन्य बीमारियों का इलाज कराया। चेकअप कैंप में ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के मशहूर डॉक्टर परवेज आलम सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही। कैंप में ब्लड शुगर, ईसीजी, बीपी व वजन जैसे जांच बिलकुल मुफ़्त हुए। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां दी गई !चेकअप कैंप में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कैंप में लोगों को हार्ट और शुगर को लेकर जागरूक भी किया गया। कैंप में डॉ परवेज आलम, डॉ मुकेश, डॉ अशरफ व डॉ तारिक के अलावा सहयोगी के रूप में फुलेन्द्र कुमार, सरफराज आलम, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन 27 नवंबर को

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वधान में एवं विभिन्न समाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों के सहयोग से 27 नवंबर रविवार को गौशाला प्रांगण सुकूरहुटू कांके में सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया है। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि नर सेवा ही नारायण सेवा के तहत 27 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक गौशाला प्रांगण सुकुरहुटू में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व दिव्यांग जनों के लिए सामाजिक कार्य एवं सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम मे गौ सेवा, 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह, लगभग 200 दिव्यांग एवं विशेष प्रतिभा के धनी बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा, दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो छड़ी, बैसाखी, वाकर आदि का वितरण, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सेवा कार्य, किन्नर समुदाय के सदस्यों को आदर सम्मान, तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है।


पूर्व मध्य रेल

संशोधन पत्र

संदर्भ : ई-निविदा सं. – ईपीसी-ईसीआर-एसटी-3

Items Modified

| S. No. | Item | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| 1. | Earnest Money (INR) | 1,03,78,700.00 | 95,94,000.00 |
| 2. | Advertised Value (INR) | 2,07,57,30,457.44 | 1,91,87,81,670.00 |
| 3. | Schedule -01-Item-01 Basic Value | 2,07,57,30,457.44 | 1,91,87,81,670.00 |

New Item Added

| S. No. | Document Description | File Name |
|---|---|---|
| 1. | Roll diagram for ABS scheme | RolldiagramforABSinPKA-MPO.pdf |
| 2. | RFP for ABS | RFPABSDHN15-11-2022_1.pdf |
| 3. | Schematic diagram for ABS scheme | AutomaticBlockSignalingTypicalfor DLECR.pdf |
| 4. | Feasibility Report | FSR.pdf |
| 5. | EPC main document MCA | MCAforABSworkinDHN24-11-2022_1.pdf |

Item Deleted

| S. No. | File Name | Document Description |
|---|---|---|
| 1. | RFPforABSworkinDHN03-10-2022.pdf | RFP for ABS |
| 2. | MCAforABSworkinDHN03-10-2022.pdf | MCA EPC Document |
| 3. | FeasibilityreportforABSworkinDHN 03-10-2022.pdf | Feasibility Report for ABS in ECR |
| 4. | AutomaticBlockSignalingTypicalforDL ECR_2.pdf | Schematic plan for ABS in ECR |
| 5. | RolldiagramAUTOMATICSIGNALLIN GSYSTEM.pdf | Roll diagram for ABS in DHN |

Corrigendun : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

नोट : अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित है और यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसे www.ireps.gov.in पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

पीआर/01551/एचक्यू/एस एण्ड टी/सी/22-23/88 उप मुसिदूई (कार्य)/पूमरे/हाजीपुर


## कचहरी से सर्जना चौक तक ही फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक क्यों, रतन टॉकिज तक लगे रोक : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कचहरी से सर्जना चौक तक फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक लगाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि सबसे ज्यादा जाम डेली मार्केट से रतन टोकीज तक लगता है। डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक फुटपाथ दुकान पर रोक क्यों नहीं लगती। हनुमान मंदिर के आस पास रोड के किनारे पूरा अतिक्रमण कर लिया गया है। सैकड़ों की संख्या में रोड पर ठेला लगाया जाता है। दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। आम लोग जो दुकान से सामान खरीदने जाते हैं, उन्हें मजबूरी में रोड पर गाड़ी पार्क करना पड़ता है क्योंकि पार्किंग की जगह पर ठेला लगा होता है। रोजाना जब स्कूल की छुट्टी होती है रतन टॉकी से सर्जना चौक तक बसों की लंबी कतार लगी रहती है। डेली मार्केट के सामने चर्च रोड जाने वाले रास्ते को ही अतिक्रमण कर दुकान लगा दिया गया है। कोई देखने वाला नहीं। प्रशासन की इस पर नजर नहीं जाती। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण होने के कारण आज लोग परेशान होते हैं। वहीं गाड़ी रोड पर लगाने के कारण ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान काट दिया जाता है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले को अगर दुकानदार मना करते हैं तो मारपीट की नौबत आ जाती है। दुकानदार कुछ नहीं बोल पाते हैं। काटा टोली में बनने वाले फ्लाईओवर के कारण कांटा टोली से बहू बाजार तक वन वे कर दिया गया है। कर्बला चौक से मिसनरि मैदान होते हुए संत जेवियर कॉलेज जाने वाले रास्ते में भयंकर जाम लगा रहता है। वहां भी दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। इस रोड पर भी प्रशासन को अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। संजय सेठ ने कहा कि प्रशासन रतन टॉकीज तक अतिक्रमण हटाए और ट्रैफिक की व्यवस्था को सुदृढ़ करे ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

## गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों को माही ने स्वेटर वितरित किया

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत गैर सरकारी स्कूलों एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच आयोजित मौखिक प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। इस मौखिक प्रतियोगिता में कई स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और सवालों का सही जवाब देकर स्वेटर हासिल किया। यह प्रतियोगिता वार्ड नंबर 16 में स्थित माही के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सवालों का सही जवाब देकर बच्चे पुरस्कार के स्वरूप स्वेटर हासिल कर खुश हुए। बच्चों के अभिभावकों ने ऐसी मौखिक प्रतियोगिता आयोजित होने पर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर माही के संयोजक इबरार अहमद, साझा मंच के सुधांशु शेखर, अमल पाण्डे, ग्यासुद्दीन भाई मुन्ना, वार्ड नंबर 16 की पार्षद नाजिमा रजा ने संबोधित किया।


कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण

सिविल सर्जन, पलामू कार्यालय में दवा, सामग्री आपूर्त्ति एवं मशीन उपकरण का क्रय किया जाना है। इसके इच्छुक आपूर्त्तिकर्ता दिनांक – 26.11.2022 से 10.12.2022 तक कार्यालय अवधि में 2000 रूपये के बैंक ड्राफ्ट (असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू) के नाम से जमा करने के उपरांत उक्त सभी दवा, मशीन उपकरण, सामग्रियों की सूचि, विशिष्टता एवं निविदा के शर्ते एवं वीड प्राप्त कर सकते हैं।

निबंधित डाक के द्वारा निविदा जमा करने की तिथि :– 26.11.2022 से 10.12.2022 अपराहन् 4.00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथि :– 12.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे निर्धारित की गई है।

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 283435 District(22-23)D


## श्री श्याम मित्र मंडल ने अब समाज के युवक-युवती का घर बसाने का शुभ कार्य प्रारंभ किया

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल अपना स्वर्ण जयंती वर्ष पिछले वर्ष मार्च माह से मना रहा है। प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा, प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ व प्रत्येक पूर्णिमा को श्री शालिग्राम पूजन श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होता है। एक बार मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। सभी आयोजन हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किए जाते हैं। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर अब समाज के युवक-युवती का घर बसाने का शुभ कार्य प्रारंभ किया गया है। कांके रोड निवासी स्वर्गीय रमेश चंद्र बूबना की सुपुत्री चांदनी व बरयातु रोड निवासी सतीश अग्रवाल के सुपुत्र पियूष कुमार का विवाह अलग-अलग युवक व युवती से पहले हुआ था। लेकिन दोनों के विवाह के बाद एक के पति तथा दूसरे की पत्नी का निधन होने के कारण दोनों दुजवर हो गए।

### भारतीय स्टेट बैंक, रांची की मुख्य शाखा का कोर्ट कंपाउंड में पेंशनभोगियों के लिएल गेगा शिविर

# पेंशनभोगी जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया में आधार संख्या, मोबाइल नंबर व खाता विवरण आवश्यक दें

**नवीन मेल संवाददाता**

**◆अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है।**

**रांची।** पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। नवंबर 2021 में राज्य मंत्री (पीपी) डॉ. जितेंद्र सिंह ने किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की मील का पत्थर फेस प्रमाणीकरण तकनीक शुरू की थी। अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस सेंटरों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए विशेष शिविर आयोजित कर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट/ फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा दें। इसी कड़ी में केंद्र सरकार की एक टीम, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग रांची का दौरा करेगी, जहां 27 नवंबर, 2022 को भारतीय स्टेट बैंक, रांची की मुख्य शाखा, कोर्ट कंपाउंड, रांची -834001 में केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए यह अभियान आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे से। सभी पेंशनभोगी डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं। पहले, जीवन प्रमाण पत्र भौतिक रूप में जमा करना पड़ता था और इसके लिए पुराने पेंशनभोगियों को घंटों बैंकों के बाहर कतार में खड़ा होना पड़ता था। अब, यह उनके घरों के आराम से एक बटन के क्लिक पर संभव हो गया है। मोबाइल द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया में, पहली बार आधार संख्या, ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर, पीपीओ नंबर, बैंक/डाकघर के साथ खाता संख्या के बारे में विवरण आवश्यक हैं। यह सुविधा राज्य सरकार के कर्मचारियों और संवितरण प्राधिकारी को राज्य के कोषालय कार्यालय के रूप में भी उपलब्ध है। केंद्रीय टीम ने सभी पेंशनभोगियों से आग्रह किया है कि वे डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए केंद्र का दौरा करें।


कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण

सिविल सर्जन, पलामू कार्यालय लेखन सामग्री का क्रय किया जाना है। इसके इच्छुक आपूर्त्तिकर्ता दिनांक – 26.11.2022 से 10.12.2022 तक कार्यालय अवधि में 2000 रूपये के बैंक ड्राफ्ट (असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू) के नाम से जमा करने के उपरांत उक्त सभी सामग्रियों की सूचि, विशिष्टता एवं निविदा के शर्ते एवं वीड प्राप्त कर सकते हैं।

**निबंधित डाक द्वारा निविदा जमा करने की तिथि :– 26.11.2022 से 10.12.2022 अपराहन् 4.00 बजे तक।**

**निविदा खोलने की तिथि :– 12.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे निर्धारित की गई है।**

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 283478 (Rural Work Department) 22-23 (D)

